3 राजधानी
दिल्ली में दस दिन में कोरोना के बीस हजार केस, कंटोनमेंट में इजाफा

6 फरीदाबाद
तनु और विजय सिंह को मिला प्रथम स्थान

9 देश-विदेश
भारत के सपनों में झलकता है तिरंगा

10 वैदिक
रक्षासूत्र से करें पवित्र रस्म को पूरा कैसे बनाए

RNI NO. DELHIN2012/48369
वर्ष 10 अंक 274
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022
पृष्ठ संख्या 12 मूल्य 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



स्मृति, जेमिमा और दीप्ति की अलग टीमें
स्पोर्ट्स-12

**मौसम** नई दिल्ली
अधिकतम 34.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में जगदीप धनखड़ ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को जगदीप धनखड़ को 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेता मौजूद रहे। उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। भारत के उप राष्ट्रपति उच्च सदन राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं। यानी राज्यसभा की कार्यवाही चलाने का जिम्मा भी उन्हीं पर होती है। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक का होगा।

### दुनिया में शांति के लिए मोदी के नाम का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रेडोर ने दुनिया भर में युद्ध रोकने के लिए कमीशन बनाने का प्रस्ताव रखा है। उनका यह भी कहना है कि दुनिया में शांति को बढ़ावा देने के लिए बनाए जाने वाले इस कमीशन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पोप फ्रांसिस और यूएन चीफ एंटोनियो गुतारेस का नाम शामिल होना चाहिए। ओब्रेडोर ने कहा कि इसके लिए वह यूएन में लिखित प्रस्ताव भी पेश करेंगे।

### जैश आतंकी को लेकर चीन के दोहरे मापदंड

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में जैश-ए-मोहम्मद के अब्दुल रऊफ अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव को चीन द्वारा बाधित करने के बाद सरकार से जुड़े सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन का यह कदम आतंकवाद से निपटने के उसके दोहरे मापदंड को दर्शाता है। चीन ने मसूद के भाई एवं पाक स्थित आंतकी संगठन के ओहदेदार अब्दुल को काली सूची में डालने के अमेरिका और भारत के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में बाधित कर दिया है।

# आर्मी कैंप में घुसने की कोशिश करते दो आतंकी ढेर, सेना के तीन जवान शहीद

### 15 अगस्त के पहले उरी जैसे हमले की कोशिश नाकाम

**एजेंसी।** राजौरी

**15 अगस्त** से पहले जम्मू-कश्मीर में राजौरी के दरहाल में उरी हमले जैसी साजिश नाकाम हो गई। यहां कुछ आतंकियों ने बुधवार देर रात आर्मी कैंप में घुसने की कोशिश की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। इसमें दो आतंकी मार गिराए गए। फायरिंग में सेना के तीन जवान सूबेदार राजेंद्र प्रसाद, राइफलमैन मनोज कुमार और राइफलमैन लक्ष्मणन डी शहीद हो गए। पांच जवान जख्मी हैं। दरहाल कैंप राजौरी से 25 किमी दूर है। 11 राष्ट्रीय राइफल से मिली जानकारी के मुताबिक, आर्मी कैंप पर यह आत्मघाती हमला था। हालांकि, हमले में कितने आतंकी शामिल थे, इसका पता नहीं चल पाया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।



शहीद मनोज भाटी | सूबेदार राजेंद्र प्रसाद | राइफलमैन लक्ष्मण डी

जम्मू जोन के एडीजीपी मुकेश सिंह ने बताया, राजौरी के दरहाल इलाके में स्थित सेना कैंप की बाड़ किसी ने पार करने की कोशिश की थी, इस दौरान दोनों ओर से गोलियां चलीं। दरहाल थाने से छह किलोमीटर दूर तक अतिरिक्त दल भेजे गए हैं।

बता दें, 18 सितंबर 2016 को कश्मीर के उरी में सुबह साढ़े पांच बजे चार आतंकवादी सेना के कैंप में घुसे और हमला कर दिया था।

तीन मिनट के भीतर ही आतंकियों ने 15 से ज्यादा ग्रेनेड फेंके, जिसमें सेना के 19 जवान शहीद हो गए थे। सेना के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों पर फायरिंग की। सेना की जवाबी कार्रवाई में चारों आतंकी मारे गए थे। एक दिन पहले, यानी बुधवार को जम्मू-कश्मीर में बडगाम जिले के वाटरहेल इलाके में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों में से एक लतीफ राथर था, जो कश्मीरी पंडित राहुल भट, अमरीन भट सहित कई नागरिकों की हत्या में शामिल था।



हमले में मारा गया आतंकी

### शहीदों में हरियाणा के फरीदाबाद का बेटा शामिल

**दरहाल** आर्मी कैंप पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए तीन जवानों में हरियाणा के फरीदाबाद के गांव शाहजहांपुर का राइफलमैन मनोज कुमार भाटी (26) भी शामिल है। गुरुवार दोपहर में परिजनों को उनके शहादत की खबर मिली। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। मां-बाप और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। शहादत की सूचना मिलने के बाद गांव के लोग भी शहीद के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने लगे। डीसी जितेंद्र यादव समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी शहीद के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दु:ख की इस घड़ी में परिजनों को कष्ट सहने की क्षमता देने की ईश्वर से कामना की।

# मुफ्त सौगातें अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह : सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रेवड़ी** कल्चर को लेकर चल रही बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर से सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट का कहना है कि इस कल्चर के चलते अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो रहा है। अदालत ने गुरुवार को कहा कि चुनावों के दौरान किए जाने वाले मुफ्त सुविधाओं के वादे एक गंभीर मुद्दा है, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है।

शीर्ष अदालत ने वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर के दौरान ये टिप्पणी की। याचिका में चुनावों के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त का वादा करने वाले राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। याचिका में चुनाव घोषणा पत्र को विनियमित करने के साथ-साथ उसमें किए गए वादों के लिए राजनीतिक दलों को जवाबदेह ठहराने के लिए कदम उठाने को कहा गया है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने कहा, कोई यह नहीं कह रहा है कि यह मुद्दा नहीं है। यह एक गंभीर मुद्दा है। जिसे मिल रहा है वे चाहते हैं कि मिलता रहे, हम एक कल्याणकारी राज्य हैं। कुछ लोग कह सकते हैं कि वे टैक्स देते हैं और इसका इस्तेमाल विकास प्रक्रिया के लिए किया जाना चाहिए है। इसलिए यह एक गंभीर मुद्दा है। इसलिए दोनों पक्षों को समिति द्वारा सुना जाना है।



गौरतलब है कि प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी व न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने तीन अगस्त को केंद्र, नीति आयोग, वित्त आयोग और आरबीआई जैसे हितधारकों से मुफ्त चीजों के वादों के गंभीर विषय पर मंथन करने और इनसे निपटने के लिए सकारात्मक सुझाव देने को कहा था। हालांकि इस दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि अभी हम कोई आदेश नहीं दे सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार इस मामले पर एक कमेटी बनाए। लोगों की भलाई के लाई जाने वाली वेलफेयर स्कीम और देश की आर्थिक सेहत दोनों में संतुलन बनाये रखने की जरूरत है। इसलिए ही हम सब इस पर चर्चा कर रहे हैं। मामले में अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी।

### रेवड़ी कल्चर को लेकर पीएम ने भी किया था आगाह

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों को रेवड़ी कल्चर के खिलाफ आगाह किया था। पीएम मोदी ने कहा था कि यह देश के विकास के लिए खतरनाक हो सकती है। बुधवार को पीएम ने किसी पार्टी का नाम लिए बिना यह भी कहा कि आत्मनिर्भर बनने के भारत के प्रयास में मुफ्त उपहार एक बाधा है और यह करदाताओं पर बोझ भी है। प्रधानमंत्री ने मुफ्त उपहार देने की राजनीति में शामिल होने को लेकर कुछ विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इस तरह की चीजें राष्ट्र को केवल नुकसान ही पहुंचाएंगी क्योंकि इससे नयी प्रौद्योगिकी में निवेश बाधित होता है। उन्होंने कहा कि कोई अगर स्वार्थ की राजनीति में लिप्त है तो वह मुफ्त पेट्रोल-डीजल का वादा भी कर सकता है। मोदी ने कहा, इस तरह के कदम हमारे बच्चों को उनके हक से वंचित करने और देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकने के समान होंगे।

# मुफ्त सुविधाओं पर केजरीवाल और भाजपा में वार-पलटवार

- केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति गड़बड़, इसलिए मुफ्त सुविधाओं का विरोध : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुफ्त सुविधाओं की बहस के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और केंद्र में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी में बहस्पतिवार को तीखा वार-पलटवार हुआ। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र जिस तरह से लोगों को मुफ्त सुविधाएं दिए जाने का कड़ा विरोध कर रहा है, उससे लगता है कि उसकी वित्तीय स्थिति कुछ गड़बड़ है। इसका जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि केजरीवाल का विकास मॉडल फ्लॉप हो गया है, इसलिए वह चर्चा को अनुचित मोड़ दे रहे हैं।



अरविंद केजरीवाल



निर्मला सीतारमण

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने केंद्र पर सीधे हमलावर होते हुए पूछा कि रक्षा भर्ती योजना अग्निपथ, केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 42 फीसदी से घटाकर 29 फीसदी करने, खाद्य पदार्थों पर लगाए गए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और मनरेगा कोष में 25 फीसदी कटौती की गई, यह सारा पैसा कहां जा रहा है?

उन्होंने कहा कि केंद्र पेट्रोल और डीजल पर प्रति वर्ष 3.5 लाख करोड़ रुपए सहित भारी मात्रा में कर एकत्र करता है और अभी भी देश के लोगों को मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के खिलाफ है। केजरीवाल ने केंद्र पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसने बेहद अमीर लोगों और उनकी कंपनियों के 10 लाख करोड़ रुपए के कर्ज और 5 लाख करोड़ रुपए के कर माफ कर दिए हैं।



गौरव भाटिया

केजरीवाल पर पलटवार करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वह लोगों को मुफ्त में सौगात दिए जाने पर चर्चा को अनुचित मोड़ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप नेता की बातें कुछ और नहीं बल्कि लोगों के मन में डर पैदा करने का एक प्रयास है।

भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आड़े हाथों लिया और उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा केजरीवाल का दिल्ली मॉडल फेल हो गया है क्योंकि उन्होंने जो वादे किए थे, उसका आधा भी पूरा नहीं किया और अब वह झूठ के सहारे केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं।

### यमुना में नाव डूबी: चार लोगों की मौत, 17 हुए लापता



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मरका क्षेत्र से फतेहपुर जिले के जरौली घाट जा रही एक नौका के बृहस्पतिवार को यमुना नदी में डूबने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लोग लापता हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनंदन ने बताया कि 30-35 लोगों से भरी एक नौका दोपहर बाद मरका थाना क्षेत्र के यमुना घाट से फतेहपुर जिले के जरौली घाट जा रही थी, तभी बीच जलधारा में हवा का झोंका आने से नौका डगमगा कर पलट गई।

अभिनंदन ने बताया कि अब तक चार लोगों के शव नदी से निकाले जा चुके हैं और उनकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने बताया कि तेज हवाओं की वजह से नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। मृतकों की सटीक संख्या अभी पता नहीं चल पाई है। उन्होंने बताया कि 13 लोगों को बचा लिया गया है जबकि 17 लोग अब भी लापता हैं। तलाश में लगे दलों की मदद के लिए रोशनी की व्यवस्था की गई है।

# दिल्ली में मास्क न पहनने पर 500 जुर्माना

- कोविड केस बढ़ने के कारण सरकार ने बढ़ाई सतर्कता, जुर्माना वसूलने के लिए टीमें गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में कोविड-19 मामलों और संक्रमण दर में वृद्धि को देखते हुए मास्क न पहनने वालों पर 500 रुपये जुर्माने का नियम सख्ती से लागू कर दिया गया है। केस कम होने के बाद इस नियम में ढील दे दी गई थी और लोगों ने बसों-मेट्रो समेत सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना लगभग छोड़ दिया था।

जिला अधिकारियों ने मास्क पहनने के नियम को कड़ाई से लागू करने और उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूलने के लिए टीमों का गठन शुरू कर दिया है। राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि मामलों में कमी के कारण जो लापरवाही बरती जा रही है, उस पर लगाम लगाई जाए। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने के नियम को सख्ती से लागू किया जाए। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली जिले की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार, पिछले एक पखवाड़े में दिल्ली में कोविड-19 संक्रमण दर में वृद्धि हुई है।

आदेश में कहा गया है कि डीडीएमए ने मास्क नहीं पहनने से संबंधित दंडात्मक प्रावधानों पर गौर करने के बाद दिल्ली में सभी सार्वजनिक स्थानों पर इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर 500 रुपए जुर्माना लगाने का फैसला किया है।

दक्षिणी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने से संबंधित नियम के कार्यान्वयन के लिए तीन टीमों का गठन किया है।

### राजू श्रीवास्तव की हालत नाजुक, वेटीलेंटर पर

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय हास्य अभिनेता राजू श्रीवास्तव की हालत नाजुक है और उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के गहन चिकित्सा कक्ष में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। अस्पताल के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बुधवार को दिल का दौरा पडने के बाद 58 वर्षीय श्रीवास्तव को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। एक सूत्र ने बताया उनकी हालत नाजुक है और वह आईसीयू में जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। श्रीवास्तव का इलाज डॉ. नितीश नाइक की निगरानी में किया जा रहा है।

# महाराष्ट्र में 390 करोड़ की संपत्ति जब्त, 58 करोड़ कैश मिला

**एजेंसी।** नासिक

**महाराष्ट्र** के जालना में आयकर विभाग ने 5 बिजनेस ग्रुप्स के ठिकानों से करीब 390 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति जब्त की। रेड में इनके यहां से 58 करोड़ रुपए नकद, 32 किलो सोने के आभूषण, 16 करोड़ रुपए के हीरे, मोती मिले। आयकर विभाग की टीम को कैश गिनने में करीब 13 घंटे लग गए। कुछ कर्मचारियों की कैश गिनते-गिनते तबीयत खराब हो गई।

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, एसआरजे स्टील, कालिका स्टील, एक को-ऑपरेटिव बैंक, फाइनेंसर विमल राज बोरा, डीलर प्रदीप बोरा के फैक्ट्री, घर और दफ्तरों पर 1 से 7 अगस्त तक यह कार्रवाई की गई। इसकी जानकारी गुरुवार को मीडिया को दी गई। पूरी टीम ने बाराती बनकर शहर में एंट्री की। गाड़ियों पर शादी के स्टिकर चिपके थे। कुछ पर लिखा था- दुल्हनिया हम ले जाएंगे। यही कोड वर्ड भी था।



### 32 किलो सोने के आभूषण 16 करोड़ रुपए के हीरे, मोती मिले

रेड में आयकर विभाग के 260 अफसर और कर्मचारी शामिल थे, जो 120 से ज्यादा गाड़ियों में आए थे। इस ऑपरेशन को एक ही समय में पांच अलग-अलग टीमों ने अंजाम दिया। आयकर विभाग ने टैक्स चोरी की आशंका जताई थी। आयकर विभाग की टीम को शुरुआती जांच में कुछ पता नहीं चला।

बाद में जालाना से 10 किलोमीटर दूर कारोबारी के एक फार्महाउस पर भी कार्रवाई की गई। यहां एक अलमारी के नीचे, बेड के अंदर और एक अन्य अलमारी में थैलों में रखे नोटों के बंडल मिले। नोटों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लोकल ब्रॉन्च में ले जाकर गिना गया। इन्हें गिनने में 10 से 12 मशीनें लगीं। कपड़े की 35 थैलियों में नोटों के बंडल रखे गए थे।

# नोएडा में फ्लैट, प्लॉट खरीदना व इंडस्ट्री लगाना हुआ महंगा

- 20 से 30 फीसदी की हुई बढोतरी, बायर्स को मिलेगा फायदा

**रिंकू यादव।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने प्लाट, फ्लैट खरीदना और इंडस्ट्री लगाना महंगा कर दिया है। इनके भू-आवंटन दरों में 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं आवासीय भवन और वाणिज्यिक भूखंड की दरों में बढ़ोतरी नहीं की गई है। ये निर्णय गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण की 205वीं बोर्ड बैठक में लिया गया।

बैठक में औद्योगिक विकास आयुक्त उप्र एवं चेयरमैन नोएडा अरविंद कुमार, तीनों प्राधिकरण में नोएडा की सीईओ रितु माहेश्वरी, ग्रेटर नोएडा के सीईओ सुरेंद्र सिंह और यमुना विकास प्राधिकरण के अरुण वीर सिंह मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2022.23 की भू.दरों का निर्धारण किया गया। इसमें 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। आवासीय भूखंडों के ई.श्रेणी के सेक्टरों की भू दर 41 हजार 250 रुपए, ए से डी श्रेणी के सेक्टरों की दर में 20 फ ीसदी की बढ़ोतरी की गई। ए प्लस सेक्टरों की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। इनको पूर्व की तरह की 1 लाख 75 हजार प्रति वर्गमीटर रखा गया है।



ग्रुप हाउसिंग की दरों में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। संस्थागत उपयोग की श्रेणी जो आवासीय दरों से लिंक्ड नहीं है। उनमें भी 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। औद्योगिक श्रेणी फेज.1 एवं 3 में 20 प्रतिशत और फेज.2 में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। आईटी, आईटीएमएस के फेज.1 एवं 3 में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी और फेज.2 में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। भूखंडों का आवंटन ई ऑक्शन के जरिए किया जाएगा। इसमें आवासीय भूखंड, औद्योगिक, संस्थागत आईटी, आईटीईएस के आवंटी की ओर से तय समय में एक भूखंड की पूरी लागत एक बार में जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। ग्रुप हाउसिंग भूखंड आंवटन के दौरान कंसोरटियम मैंबर्स को कंपलीशन सर्टिफि केट सीसी लेने तक शत प्रतिशत अंशधारिता बनाई रखनी होगी। साथ एक बार में भूखंड का 100 प्रतिशत रकम आवंटन तिथि से 90 दिन के अंदर जमा करना होगा। डेवलपर्स को एस्क्रो खाता खुलवाना होगा। आंवटन के दौरान भूखंडों का उप विभाजन नहीं किया जा सकेगा। साथ ही डेवलपर्स बायर्स को आवंटित फ्लैट संख्या व एस्क्रो एकाउंट में डाले जाने वाली धनराशि का विवरण तीन महीने में देना होगा।

### भाई बहन को बिना चार्ज सीधे ट्रांसफर कर सकेगा प्रॉपर्टी

नोएडा में प्रॉपर्टी लीज पर है। ऐसे में जो भी प्रॉपर्टी ट्रांसफर होती थी उस पर प्रॉपर्टी की कुल लागत का 2.5 प्रतिशत ट्रांसफर चार्ज लगता था। प्राधिकरण ने सहुलियत देते हुए यदि प्रॉपर्टी ट्रांसफर भाई बहन, भाई भाई और बहन-बहन के बीच होता है। लेकिन ब्लड रिलेशन में ट्रांसफर शुल्क नहीं लगेगा। वित्तीय वर्ष 2016-17 में आवासीय योजना में आवंटी जो स्कीम से वंचित रह गए थे। उनके लिए एक सितंबर से 30 नवंबर तक ओटीएस स्कीम ऑनलाइन जारी रहेगी।

# नौ पूर्व और दो सेवारत डीडीए अफसरों पर दर्ज हुआ केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नौ साल पुराने कथित वित्तीय हेराफेरी के एक प्रकरण में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के नौ सेवानिवृत्त और दो सेवारत अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल सक्सेना ने नौ सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन को भी स्थाई रूप से वापस लेने का आदेश दिया है। सक्सेना डीडीए के अध्यक्ष भी हैं। अधिकारी ने बताया कि एलजी ने डीडीए अध्यक्ष के रूप में आदेश दिया है कि डीडीए के तत्कालीन सदस्य (वित्त) और तत्कालीन सदस्य (इंजीनियरिंग) के अलावा नौ अन्य अधिकारियों के खिलाफ केंद्रीय लोक निर्माण विभाग निर्माण नियमावली, 2013 में वित्तीय हेराफेरी और कोडल औपचारिकताओं के उल्लंघन मामले में एक केस दर्ज की जाए। नौ सेवानिवृत्त अधिकारियों में एक मुख्य अभियंता, एक अधीक्षक अभियंता और एक कार्यकारी अभियंता शामिल हैं, जबकि अन्य अधिकारी वित्त और लेखा विभाग में कार्यरत थे। पूर्ण पेंशन लाभ को स्थाई रूप से वापस लेने के फैसले पर अधिकारियों ने बताया कि एलजी ने गंभीर कदाचार और राजकोषीय नुकसान को देखते हुए कठोर कदम उठाया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022



# शिकायत मिलते ही खराब स्ट्रीट लाइट होगी ठीक

## ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों में घूम रही निजी कंपनी और नोएडा प्राधिकरण की टीम

● सेक्टर 36 व 37, म्यू वन व टू, सेक्टर दो और बहुमंजिला आवासीय इमारतों के मुख्य मार्गों का निरीक्षण करेगी



● स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 7982300721 भी जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में स्ट्रीट लाइट की समस्या को देखने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, सूर्या कंपनी और आरडब्ल्यूए व एओए की संयुक्त टीम अंधेरा होने के बाद तय शेड्यूल के हिसाब से सेक्टरों का जायजा ले रही है और खामी मिलने पर उसे दूर भी कर रही है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा व ग्रेनो वेस्ट के निवासियों की तरफ से स्ट्रीट लाइटों के न जलने और फ्लगचुएशन की शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं, जिस पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने संज्ञान लेते हुए विद्युत अभियांत्रिकी विभाग को आरडब्ल्यूए व अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन व सूर्या कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ सेक्टरवार निरीक्षण करने और शिकायतों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए थे। इस पर अमल करते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरणए आरडब्ल्यूए व एओएए नेफोवा व अन्य समितियों और सूर्या कंपनी की संयुक्त टीम बनाई दी गई। अब यह टीम तय शेड्यूल के हिसाब से सेक्टरों का जायजा ले रही है। टीम अंधेरा होने के बाद से देर रात तक सेक्टरों का भ्रमण कर स्ट्रीट लाइटों की समस्या देखती है।

खामी मिलने पर उनको दूर करती है। संयुक्त टीम अब तक सेक्टर अल्फा वन, अल्फा टू, ईटा वन, बीटा वन, बीटा टू, डेल्टा वन व टू, गामा वन व टू और सेक्टर तीन का भ्रमण कर चुकी है। शाम को सेक्टर 36 व 37, म्यू वन व टू, सेक्टर दो और बहुमंजिला आवासीय इमारतों के मुख्य मार्गों का निरीक्षण करेगी। इसी तरह 12 अगस्त को सिग्मा वन व टूए ओमीक्रॉन वन व टू और सेक्टर एक, 13 अगस्त को टीम सेक्टर ज्यू वन, टू व थ्री और सिग्मा थ्री व फोर, 14 अगस्त को सेक्टर 31, पाई वन व टू और पी थ्री बिल्डर्स एरिया और 15 अगस्त को टीम चाई थ्री, फाई थ्री, चाई फोर व फोर फोर की की स्ट्रीट लाइटों को देखेगी। इसके बाद फिर अगले सप्ताह के लिए शेड्यूल जारी होगा। सलिल यादव ने बताया कि स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 7982300721 भी जारी किया गया है। इस नंबर पर 24 घंटे में किसी भी समय शिकायतें दर्ज कराने की सुविधा है।

# आईआईटीजीएनएल टाउनशिप में अव्यस्था दुरुस्त करने को एक माह का अल्टीमेटम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आईआईटीजीएनएल के एमडी व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को निरीक्षण के दौरान इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में दिखी अव्यवस्थाओं पर बुधवार को संबंधित कंपनियों के साथ बैठक की और सही ढंग से काम न करने पर कंपनियों को कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने खामियों को सुधारने के लिए एक माह का अल्टीमेटम दिया है। उसके बाद कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। दरअसल, बीते मंगलवार को सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का जायजा लिया था। इस दौरान उन्हें सिविल कार्यों की गुणवत्ता खराब मिली।

जल सीवर लाइनों की कनेक्टिविटी, सेंट्रल वर्ज, फुटपाथ आदि बदहाल हालत में मिले। टाउनशिप की बाउंड्री वॉल दुरुस्त नहीं थी। कर्ब स्टोन टूटे हुए थे। सड़कों पर लेन मार्किंग नहीं दिखी। कई जगह सड़कें टूटी हुईं थी। सेंट्रल वर्ज व रोड साइड ग्रीनरी भी दुरुस्त नहीं थी। पाथवे व साइकिल ट्रैक क्षतिग्रस्त मिले। जगह.जगह मलबा भी पड़ा दिखा। कई जगह मैनहोल के ढक्कन सड़कों के लेवल से ऊपर उठे मिले। इन खामियों को हल कराने के लिए सीईओ ने बुधवार को जिम्मेदार कंपनी शापूरजी पालोनजी के प्रतिनिधियों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में बैठक की।

सीईओ ने इन कार्यों को एक माह में दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही कंपनी के प्रतिनिधियों को टाउनशिप में होने वाले कार्यों की देखरेख के लिए कंपनी की तरफ से एक प्रतिनिधि को तैनात करने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र, आईआईटीजीएनएल के कंपनी सेक्रेटरी पतंजलि दीक्षित आदि शामिल रहे।

# नाले की सफाई के दौरान गिरी दीवार, 2 की मौत

● एक की हालत बेहद नाजुक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना बीटा-2 क्षेत्र के चाई-फाई सेक्टर में दोपहर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ठेकेदार की तरफ से गहरे नाले की सफाई हो रही थी। नाले की सफाई के दौरान नाले की जर्जर दीवार भर-भरा कर गिर गई।

इस घटना में नाले की सफाई कर रहे तीन मजदूर दीवार के मलबे के नीचे दब गए।

उन्हें उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर दो मजदूरों की मौत हो गई। एक की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर पहुंची थाना बीटा-2 पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय विशाल पांडे ने बताया कि थाना बीटा.2 क्षेत्र के चाई-फाई सेक्टर में दोपहर को नाले की सफाई हो रही थी।

उन्होंने बताया कि नाले की सफाई करने के लिए तीन मजदूर दिलशाद, रेहान व शाहिद निवासी ग्राम कलोदा थाना जारचा नाले में उतरे थे। उन्होंने बताया कि इसी बीच नाले की दीवार गिर गई। तीनों मजदूर दीवार के नीचे दब कर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर दो मजदूरों दिलशाद और रेहान की उपचार के दौरान मौत हो गई।

अपर उपायुक्त ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि अगर इस मामले में मृतक के परिजन कोई शिकायत करते हैं, तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

## संक्षिप्त समाचार




थाना रबूपुरा पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्जनपदीय विद्युत मोटर चोरी एवं घरों में चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए तीन गिरफ्तार

### ग्रेटर नोएडा में तीन शातिर ठग को पकड़ा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने कार्ड बदलकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन ठगों को पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से 15 एटीएम कार्ड एक स्वैप मशीन, घटना में उपयोग एक सेंट्रो कार, 3 मोबाइल, दो तमंचे और 40 हजार रुपए नगद पुलिस ने बरामद किया हैं। सेंट्रल नोएडा जोन राजेश एस ने बताया कि बूथ में घुसकर लोगों के साथ ठगी करने वाले तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का मास्टरमाइंड मोबीन है जो बुलंदशहर का रहने वाला है। वहीं, उसका साथी इकराम भी बुलंदशहर का रहने वाला है। जबकि सहजाद हरियाणा के पलवल का रहने वाला है। राजेश एस ने बताया कि इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि यह लोग एटीएम मशीन पर आए लोगों को अपना निशाना बनाते थे। पहले से एटीएम में पहुंचकर एटीएम मशीन को स्लीप मोड पर कर देते थे। उसके बाद जब व्यक्ति पैसा निकालने आता था तो उसका कार्ड काम नहीं करता था फिर मदद के बहाने इन्हीं के गिरोह का एक युवक बूथ में अंदर जाता था। इस दौरान मदद के बहाने उसका कार्ड बदल देते थे साथ ही उसका पिन जानकर वहां से चले जाते थे। अपनी गाड़ी से थोड़ा दूर जाकर स्वैप मशीन से पैसे निकाल लिया करते थे। दरअसल, 27 जुलाई को सादुल्लापुर के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ एटीएम में पैसा निकालने के बहाने 140000 की ठगी की थी।

### प्रेमिका की मौत से आहत युवक ने लगाई फांसी

**नोएडा।** अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुए हैं जिस कारण आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के बिशनपुरा गांव में किराए पर रहने वाले विजयपाल पुत्र अमृतलाल ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है कि विजयपाल की प्रेमिका ने करीब 3 माह पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद से ही वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पड़ोसियों ने आशंका जताई है कि संभवत इसी कारण विजयपाल ने आत्महत्या की है। वहीं थाना कासना क्षेत्र के कासना में रहने वाले 23 वर्षीय ह्रदेश गोस्वामी पुत्र हरिओम गोस्वामी का शव फंदे पर लटका मिला है। हरिओम मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला था और ग्रेटर नोएडा की होंडा कंपनी में काम करता था। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में पता चला है यह ह्रदेश गोस्वामी आस पड़ोस में किसी से अधिक मतलब नहीं रखता था।

### प्राधिकरण ने 13 अगस्त तक सवा लाख तिरंगा बांटेगा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अब तक 81 हजार से अधिक तिरंगा बंटवा दिया है। प्राधिकरण को शासन से एक लाख तिरंगा बांटने का लक्ष्य मिला है। प्राधिकरण ने 25 हजार तिरंगा और बंटवाने का फैसला किया है। 13 अगस्त तक कुल सवा लाख तिरंगा बांटने की योजना है। दरअसल, आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम शुरू किया है। गौतमबुद्ध नगर प्रशासन को तीन लाख झंडे वितरित करने व फहराने का लक्ष्य मिला है। ग्रेटर नोएडा में प्राधिकरण इस अभियान को सफल बनाने का बीड़ा उठाया है। प्राधिकरण को एक लाख तिरंगा बांटने का लक्ष्य मिला थाए जिसमें प्राधिकरण ने 25 हजार तिरंगा और अधिक बांटने का निर्णय लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर सभी विभागों ने इसकी जिम्मेदारी उठाते हुए अब तक 81 हजार से अधिक तिरंगा बांट दिया है। इस काम में आवासीय सेक्टरों की आरडब्ल्यूए व सोसाइटियों में अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से सहयोग लिया जा रहा है।

# एडफिस इंजीनियरिंग को मिली टावरों को गिराने की मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) ने एडफिस इंजीनियरिंग को नोएडा के सेक्टर-93-ए स्थित सुपरटेक के दोनों टावर (एपेक्स-सियान) को ध्वस्त करने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण ने दावा किया है कि टावरों को 28 अगस्त को गिराया जाएगा। उच्चतम न्यायालय में आज यानी बृहस्पतिवार को इस मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश की जाएगी। इस पर सुनवाई के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बुधवार को नोएडा प्राधिकरण में एडफिस इंजीनियरिंग,



सुपरटेक प्रबंधन और सीबीआरआई के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। सीबीआरआई ने एडफिस इंजीनियरिग को विस्फोटक लगाने की मंजूरी दे दी है लेकिन सुपरटेक प्रबंधन पर संरचनात्मक ऑडिट को लेकर पेंच फंसा दिया है। सुपरटेक प्रबंधन ने अभी तक ध्वस्त होने वाले टावरों के आसपास के अन्य टावरों के संरचनात्मक ऑडिट की रिपोर्ट पेश नहीं की है। सुपरटेक प्रबंधन ने 15 अगस्त तक यह रिपोर्ट देने का दावा किया है।गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई को हुई सुनवाई में सीबीआरआई ने सुपरटेक प्रबंधन से संरचनात्मक ऑडिट की रिपोर्ट की मांगी थी और एडफिस इंजीनियरिग से कुछ जानकारियां मांगी थी।

# श्रीकांत त्यागी की जमानत याचिका खारिज

● मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



महिला से मारपीट, दुर्व्यवहार और गाली गलौंज करने वाले तथाकथित गालीबाज भाजपा नेता को आजादी का अमृत महोत्सव अब जेल में ही मनाना होगा। गुरुवार को अदालत ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी। सेक्टर-93बी स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में तथाकथित भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी ने एक महिला के साथ बदसलूकी और गाली.गलौज की थी। सोशल मीडिया में उस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। आरोप यहां तक लगे कि स्थानीय पुलिस उसे संरक्षण दे रही है। यही कारण है कि उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यह मामला शासन के पास भी पहुंच गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे गंभीर घटना मानते हुए श्रीकांत त्यागी के खिलाफकार्रवाई के लिए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी और डीजीपी को लगाया। उसके बाद लखनऊ से नोएडा तक हड़कंप मच गया। एसीएस और डीजीपी की मॉनिटरिंग के बावजूद पांच दिनों तक श्रीकांत त्यागी पुलिस की पहुंच से दूर रहा। इस दौरान वह दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से लेकर यूपी के कई जिलों में भागता और छुपता रहा। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपना फोन बंद कर दिया और लगातार अपना लोकेशन बदलता रहा। आखिरए पुलिस ने उसे मेरठ से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि यह भी कहा जा रहा था कि पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया, बल्कि अपने वकील के माध्यम से उसने पुलिस के सामने सरेंडर किया है। बहरहाल, गौतमबुद्ध नगर के लुक्सर जेल में बंद श्रीकांत त्यागी की जमानत अर्जी पर गुरुवार को जिला अदालत में सुनवाई हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने उसकी अर्जी खारिज कर दी। उसकी जमानत पर अगली सुनवाई अब 16 अगस्त को होगी।

# ऑन डिमांड गाड़ी लूटने वाले गिरोह का खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की इकोटेक थर्ड थाना पुलिस ने बीते 10 अगस्त को हुई कैब लूट की घटना का खुलासा किया है।

पुलिस ने कैब लूटने वाले और गाड़ी को काटकर उसकी स्पेयर पार्ट्स बेचने वाले गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जबकि इनका एक अन्य साथी अभी फरार है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। सेंट्रल जोन नोएडा राजेश एस ने बताया कि 10 अगस्त को स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि तीन बदमाशों द्वारा एक कैब लूटी गई है।

जिसको यह लोग गाजियाबाद के राजनगर इलाके से बुक करके ग्रेटर नोएडा लाए थे। रास्ते मे इन लोगों ने उल्टी का बहाना बनाकर गाड़ी रुकवा ली और तमंचे के बल पर कैब लूटा करते थे। अलग.अलग जगह से कैब बुक करते हैं और चालक से तमंचे और चाकू के बल पर कैब लूट की घटना को अंजाम दिया करते थे। फिर उस लूटी गई गाड़ी को वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चालक से गाड़ी और उसका मोबाइल लूट कर फरार हो गए।

पुलिस ने कार लूटने वाले रवि, सचिन और कोमल को गिरफ्तार किया है। जबकि लूटी हुई कारों को काटने वाले तफीजउददीन, सफाकत व मोहम्मद फारुख को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तौफीक के कहने पर ऑन डिमांड गाड़ियां काटकर उसके पार्ट्स को अलग-अलग करके बेच दिया करते थे। पुलिस ने इन लोगों के पास से लूटी हुई कैब, एक मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस व चाकू और लूटे गए मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

## कार लूट मामले में फरार बदमाश 3 महीने बाद दबोचा

नोएडा। कासना पुलिस ने कार लूट की घटना में फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया। उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर कार मालिक का अपहरण करके घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात के बाद एक बदमाश को लूटी गई कार के साथ गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया था।

कासना कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया पकड़ा गया बदमाश ऋषभ गाजियाबाद का रहने वाला है। आरोपी ने 2022 को अपने दोस्त परविंदर के साथ मिलकर चालक को गन प्वाइंट पर लेकर अमित कुमार से लूट की थी।



रक्षाबंधन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए मौजूद पुलिस बल।


PUBLIC NOTICE

RAMAN VIHAR CO-OPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD., PLOT NO-5A, SECTOR-11, DWARKA, NEW DELHI-110075
(REGD. NO- 872) DATE OF REGISTRATION : 11.11.1983

PUBLIC NOTICE
TO WHOM SO EVER IT MAY CONCERN

The society through its Mananging Committee has submitted a list of exiting members (Total 04) with the complete proposal for clearance of membership as per list given below for allotment of flats/by draw of lots to the office of the Registrar Co-operative Group Housing Societies,Govt., of NCT Delhi, Old Court Building, Sansad Marg, New Delhi-01.

The society has also submitted the list of members who have resigned as per list given below from the society from time to time & their resignation has been approved by the managing committee and their deposits have been duly refunded to the concerned

All the lists are available on the website of the Registrar Co-operative Societies i.e. Http:/rcs.delhigovt.nic.in Any person/Members having any objection to the above list may submit his representation to the Assistant Registrar (Concerned Zone). Office of the Registrar Co-operative Group Housing Societies,Govt., of NCT Delhi, Old Court Building, Sansad Marg, New Delhi-01 with a copy to the society with complete details evidences if any within 15 days from the issue of this notice. Failing which the proposal of the society will be accepted.

List of Proposed Members

| S. NO | M. NO. | NAME OF MEMBER | S/o W/o D/o | Address: | Date Of Resulation Resignation/ Enrollment |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 248 | RAHUL KUMAR | SUBODH PRASAD SINGH | FLAT NO-41,ONITED INDIA APARTMENT MAYUR VIHAR NEW DELHI-91 | 07-09-2021 |
| 2 | 249 | ANJU | RAJESH KUMAR | FLAT NO-A-33 PLOT NO-17 SECTOR-18 VIJAY CGHS LIMITED KRISHNA RESIDENCY | 26-09-2021 |
| 3 | 250 | LOVENISH GAUTAM | SH. MAHESH KUMAR GAUTAM | FLAT NO -85,SURUCHI APARTMENT, SECTOR-10, PLOT NO-31 DWARKA | 10-04-2022 |
| 4 | 251 | SHIVAM TOMAR & KARTIK TOMAR | SUNIL TOMAR | A2-1,PANKHA ROAD ,JANAKPURI,WEST DELHI,DELHI-110058 | 12-06-2022 |

List of Resigned Members

| S. NO | M. NO. | NAME OF MEMBER | S/o W/o D/o | Address: | Date Of Resulation Resignation/ Enrollment |
|---|---|---|---|---|---|
| .1 | 194 | KIRTI MAAN | W/O SHAKTI SINGH | H NO. 62 MAULANA AZAD HOUSING SOCIETY PITAM PURA NEW DELHI-110034 | 10-05-2021 |
| 2 | 201 | OMPARKASH/ KIRTI SINGH | D/O OM PARKASH | 501 SWARN JAYANTI APARTMENT PLOT NO. 97 SECTOR 54 GURGOAN HARYANA | 27-06-2021 |
| 3 | 168 | RITA SANGWAN | LATE VIRENDER SANGWAN | SRS 143 KAILASH PURI WALI GALI NASIR PUR VILLAGE NEW DELHI-110045 | 09-01-2022 |
| 4 | 221 | JAIVEER PRITI TOMAR | W/O JAIVEER SINGH | A/ I / 125 MANBHAWAN APPARTMENT CGHS LTD PLOT NO. . PLOT NO 26 SECTOR 10 | 20-02-2022 |

*NOTE:- Amount refunded towards share money & other deposit to all the resigned members*

This is to certify that the list of members before submission has been considered by the committee and we have been authorized by the committee to submit the list in the office of the Registrar. It is further certified that all the members have been enrolled in accordance with the provision of the Delhi Cooperative Societies Act, 2003 and Delhi Cooperative Society Rules, 2007 made there under and the registered Bye-Laws. It is also certified that the information given in the above list is as per record of the society and nothing there-in has been concealed / omitted / misrepresented.

Secretary- Lokesh Upadhyaya


## अंसल लैंडमार्क कंपनी के निदेशकों पर एफआईआर

**गाजियाबाद।** विजयनगर पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर अंसल लैंडमार्क टाउनशिप कंपनी के निदेशकों के खिलाफ अमानत में ख्यानत का केस दर्ज किया है। थानाक्षेत्र में रहने वाले पीड़ित का आरोप है कि 3.24 लाख रुपये देने के आठ साल बाद भी उन्हें न तो फ्लैट दिया और न ही उनकी रकम वापस की गई। पुलिस का कहना है कि जांच कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। विजयनगर के सर्योदयनगर निवासी ओमकार सिंह का कहना है कि अंसल लैंडमार्क टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एबीईएस कॉलेज के पास आवासीय कॉलोनी विकसित की गई। नवंबर 2011 में उन्होंने वहां एक फ्लैट बुक कराया। सितंबर 2013 में अंसल बिल्डर्स से एक इकरारनामा हुआ।

# सीएचओ भी खोजेंगे टीबी मरीज, दी गई ट्रेनिंग

● ओपीडी के लिए आने वाले मरीजों की होगी स्क्रीनिंग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ भी टीबी रोगी खोजेंगे। अब ओपीडी के लिए आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी और लक्षण युक्त रोगियों की टीबी जांच कराई जाएगी।

सीएमओ डा भवतोष शंखधर ने बताया इसके लिए जिले में तैनात सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को दो बैच बनाकर ट्रेनिंग दी गई है। बुधवार को बैच लगाकर ट्रेनिंग की गई है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा डीएम सक्सेना ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को टीबी के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें बताया कि टीबी की बीमारी जीवाणु से होती है।

यह अधिकतर फेफड़ों को प्रभावित करती है, हालांकि टीबी शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। यह हवा के जरिए एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। इसलिए टीबी के मरीज को खुले स्थान पर रखने की सलाह दी जाती है। बंद स्थान पर यदि टीबी रोगी के संपर्क में आएं तो मॉस्क का प्रयोग करें। एक क्षय रोगी यदि मॉस्क का प्रयोग करता है तो वह 10 से 12 लोगों का संक्रमण से बचाव कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सूबे के 35 जिलों में एएमएम ट्रेनिंग सेंटरों का शुभारंभ किया। जिले में हालांकि कोई शुभारंभ कार्यक्रम नहीं होना था, लेकिन इस कार्यक्रम का पूरे प्रदेश में लाइव प्रसारण किया गया।

सीएमओ डा भवतोष शंखधर ने सीएमओ कार्यालय सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठकर कार्यक्रम देखा।

उन्होंने बताया इसके अलावा एमएमजी अस्पताल स्थित आईडीएसपी और सभी स्वास्थ्य केंद्रों व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया ताकि मुख्यमंत्री के संबोधन से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी.कर्मचारी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022



# फिर लौट सकता है कड़ी पाबंदियों का दौर

## दिल्ली में दस दिन में कोरोना के 20 हजार केस, कंटोनमेंट जोन 20 फीसदी बढ़े

● कोविड के सब-वैरिएंट का तेजी से हो रहा प्रसार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में अगस्त के शुरूआती 10 दिनों में कोरोना संक्रमण में आई तेजी डराने लगी है। 1 अगस्त से 10 अगस्त के बीच दिल्ली में कोविड संक्रमण के 19,760 केस सामने आए और 40 लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली है।

इसके साथ ही दिल्ली में निरूद्ध क्षेत्रों की संख्या में करीब 50 फीसदी का इज़ाफा हुआ है। दिल्ली में एक अगस्त को कोविड के 822 मामले मिले थे और संक्रमण दर 11.41 फीसदी थी जबकि दो लोगों की मौत हुई थी। दो अगस्त को दैनिक मामले 1506 आए थे और तीन संक्रमितों की मौत की पुष्टि हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण दर 10.63 फीसदी थी।

तीन अगस्त को मामलों की संख्या दो हजार के पार चली गई थी और तब से आठ अगस्त को छोड़कर रोज़ाना दो हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं और संक्रमण दर भी 20 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। संक्रमण के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या में पहले की तुलना में काफी बढ़ोतरी हुई है।

दिल्ली में बुधवार को कोविड के 2146 मामले मिले थे जो 180 दिन में सर्वाधिक थे तथा संक्रमण दर 17.83 फीसदी थी और आठ संक्रमितों की मौत हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में 13 फरवरी को संक्रमण के कारण 12 लोगों की मौत हुई थी।

नौ अगस्त को दिल्ली में 2495 मामले मिले और संक्रमण दर 15.41 फीसदी थी तथा सात लोगों की जान गई थी। वहीं आठ आगस्त को 1372 मामले मिले थे, छह संक्रमितों की जान गई थी और संक्रमण दर 17.85 फीसदी थी जो 21 जनवरी के बाद सर्वाधिक थी। 21 जनवरी को संक्रमण दर 18.04 थी।

दिल्ली में बुधवार तक कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 8,205 है जबकि एक अगस्त को 4274 लोग अपना इलाज करा रहे थे।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में कोविड के कारण एक से 10 अगस्त के बीच 40 लोगों की मौत हुई है, जबकि जुलाई के आखिरी 10 दिन में कोरोना वायरस ने 14 लोगों की जान ली थी, यानी महामारी के कारण मौत होने के मामले में करीब तीन गुना बढ़ोतरी हुई है।

निरूद्ध क्षेत्रों की संख्या एक अगस्त 173 थी जो 10 अगस्त को बढ ?र 259 हो गई है। 10 अगस्त को 5549 मरीज घर में पृथक-वास में थे जबकि एक अगस्त को इनकी संख्या 3161 थी। दिल्ली में बुधवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक, कुल मामले 19,75,540 पहुंच गए हैं जबकि मृतक संख्या 26,351 हो गई है।

### ओमीक्रोन के नए सब वैरिएंट से प्रभावित अधिकांश मरीज

**नई दिल्ली।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल में किए गए एक अध्ययन के तहत दिल्ली में कोविड के मरीजों से लिए गए अधिकतर नमूनों में ओमीक्रोन के एक नए उप-स्वरूप (सब वैरिएंट) का पता चला है।

अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि इन मरीजों के नमूने जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजे गए थे और इस सप्ताह उनका विश्लेषण किया गया। उन्होंने कहा कि इनमें से आधे से अधिक नमूनों में ओमीक्रोन के नए उप स्वरूप बीए 2.75 की मौजूदगी मिली है। एलएनजेपी अस्पताल में मार्च 2020 से कोविड-19 के मरीजों का उपचार हो रहा है। एलएनजेपी में मरीजों के लिए 2000 बिस्तर हैं और दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाला यह सबसे बड़ा अस्पताल है।

हालांकि, अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि जिन मरीजों में इन उपस्वरूप का पता चला, वे मरीज पांच-सात दिनों के भीतर ठीक हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि अध्ययन में 90 मरीज शामिल थे।

# निगम चुनाव: नवंबर तक वार्डों के परिसीमन पूरा होने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

परिसीमन समिति ने राष्ट्रीय राजधानी में नगर निगम के वार्ड बनाने के कार्य को तेज कर दिया है और कार्य के इस साल नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। परिसीमन कवायद के तहत, दिल्ली में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को निगम चुनाव से पहले कम से कम तीन वार्ड में विभाजित किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार परिसीमन के बाद प्रत्येक वार्ड में अनुमानित जनसंख्या 65,000 से 67,000 के बीच रहने की संभावना है। घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि पूरी कवायद में तेजी लाने के लिए नियमित बैठकें की जा रही हैं।




सूत्रों ने बताया कि निगम वार्ड के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया अच्छी गति से जारी है। उम्मीद है कि यह कार्य नवंबर 2022 तक पूरा हो जाएगा। बेहतर परिणाम और प्रक्रिया को तेज करने के लिए हर हफ्ते कम से कम दो बैठकें आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि समिति नगर निगम के वार्ड के परिसीमन के लिए जियोस्पेटियल दिल्ली लिमिटेड (जीएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए डिजिटल मानचित्रों का उपयोग कर रहा है और भौतिक सर्वेक्षण तभी किया जाएगा जब वार्ड और आबादी के बारे में कोई भ्रम हो।पिछले महीने केंद्र द्वारा गठित समिति में तीन सदस्य हैं। इनमें दिल्ली के राज्य निर्वाचन आयुक्त विजय देव, केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव पंकज कुमार सिंह और दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त रणधीर सहाय। देव को समिति का अध्यक्ष बनाया गया।गृह मंत्रालय ने समिति को बताया है कि दिल्ली में केवल 250 वार्ड होंगे, जो पहले की व्यवस्था से 22 कम हैं।

### कानून-व्यवस्था पर भाजपा क्या बहाना बनाएगी: कांग्रेस

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वह, राष्ट्रीय राजधानी में अपराध की स्थिति चिंताजनक ढंग से खराब होने को लेकर क्या बहाना बनाएगी। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल के शुरुआती साढ़े छह महीनों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और बलात्कार के रोजाना छह मामले दर्ज किए गए हैं।

पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने ट्वीट किया, दिल्ली में इस साल 15 जुलाई तक बलात्कार के 1100 मामले दर्ज किए गए। इसका मतलब है कि प्रतिदिन पांच मामले दर्ज किए गए।

# आया नगर में 500 मकान मालिकों को बेदखली का नोटिस

● अतिक्रमण करने वालों को वनभूमि खाली करने का आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली वन विभाग ने आया नगर में लगभग 500 निवासियों को बेदखली नोटिस जारी करके उस वनभूमि को खाली करने के लिए कहा है, जिस पर वर्षों पहले उन्होंने अतिक्रमण कर लिया था।

निवासियों का दावा है कि लगभग 500 मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया है, जो 30 वर्ष से अधिक समय से क्षेत्र में रह रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि 24 मई, 1994 की अधिसूचना के जरिए संबंधित क्षेत्र को संरक्षित वन घोषित किया गया है और निवासियों ने भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 का उल्लंघन कर भूमि पर अतिक्रमण कर लिया था। तीन अगस्त को जारी इस नोटिस में कहा गया है कि अतिक्रमणकारियों को सात दिन के अंदर वन भूमि को खाली करना है, जिसके बाद ढांचों को ढहाकर सभी सामान जब्त कर लिया जाएगा।

वन विभाग ने गुरुवार को समय सीमा समाप्त होने के बाद कहा कि उसने अभी विध्वंस अभियान शुरू नहीं किया है। इसके अलावा विभाग ने कोई जानकारी नहीं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### संपत्ति मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने संपत्ति बेचने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि मामला दीवानी कानून के तहत आता है और ऐसा प्रतीत होता है कि दबाव बनाने के हथकंडे के तहत इसे आपराधिक रूप दिया गया है। याचिकाकर्ता ने एक व्यक्ति को संपत्ति बेची थी और सौदा होने के बावजूद उसने कथित तौर पर बैनामा नहीं कराया, जिसके बाद खरीदार ने मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत का रुख किया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनुज अग्रवाल ने कहा, इस मामले में, मैंने पाया है कि मजिस्ट्रेट ने आदेश पारित करते समय कानूनी गलती की। लिहाजा, 12 अप्रैल 2022 को पारित आदेश को कानूनी रूप से सही नहीं मानते हुए रद्द किया जाता है, जिसमें संबंधित एसएचओ को याचिकाकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने कहा कि मामला दीवानी कानून के तहत आता है और ऐसा प्रतीत होता है कि दबाव बनाने के हथकंडों के तहत इसे आपराधिक रूप दिया गया है।

### परिवहन के लिए वाणिज्यिक वाहनों का इस्तेमाल करें

**नई दिल्ली ।** दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने निजी वाहनों को किराए पर लेने के मामले सामने आने के बाद स्थानीय निकायों और अन्य संस्थाओं को परिवहन के लिए केवल वाणिज्यिक वाहनों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। संचालना प्रवर्तन के संयुक्त आयुक्त नवलेंद्र कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि परिवहन विभाग की प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा दंड प्रावधानों से बचने के लिए केवल वाणिज्यिक या परिवहन वाहनों को किराए पर लें।आदेशानुसार, हमारे संज्ञान में लाया गया है कि कुछ मामलों में दिल्ली सरकार के तहत आने वाले विभागा स्वायत्त निकाय, स्थानीय निकाय, उपक्रम आदि परिवहन वाणिज्यिक वाहनों के बजाय निजी एवं गैर-परिवहन वाहनों को किराए पर ले रहे हैं, जो मोटर वाहन अधिनियम 1988 और उसके तहत बनाए गए नियमों का उल्लंघन है।

### विमान में सिगरेट जलाने का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पाइसजेट की उड़ान में बॉडी बिल्डर बॉबी कटारिया का धूम्रपान करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद गुरुवार को इस घटना की जांच के आदेश दिए। वीडियो में कटारिया को स्पाइसजेट के विमान में सिगरेट जलाते हुए और धूम्रपान करते हुए देखा जा सकता है। कटारिया के इंस्टाग्राम पर 6.3 लाख फॉलोअर्स हैं। यात्रियों को विमान में लाइटर ले जाने और धूम्रपान करने की अनुमति नहीं है। सूत्रों के मुताबिक धूम्रपान की घटना स्पाइसजेट के एसजी706 विमान में हुई जो दुबई से दिल्ली आ रहा था। स्पाइसजेट ने कहा कि धूम्रपान की घटना दुबई-दिल्ली उड़ान में 20 जनवरी को हुई थी, जब यात्री विमान में सवार हो रहे थे और चालक दल के सदस्य विमान में यात्रियों के सवार होने की प्रक्रिया को पूरा करने में व्यस्त थे।

### हल्की बारिश के बाद राजधानी में गिरा पारा

**नई दिल्ली।** बृहस्पतिवार को घने काले बादल, हल्की बारिश और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वालीं हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस था। दिल्ली के सफदरजंग, लोधी रोड, पालम, आयानगर, रिज क्षेत्र और नजफगढ़ मौसम केंद्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई। पूर्वानुमान एजेंसियों का कहना है कि शनिवार से कुछ दिन तक शहर में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022



# विभाजन की दास्तां सुनाकर बुजुर्गों ने सबको किया भावुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस की घोषणा के बाद पहले वर्ष का कार्यक्रम यहां आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उस दौर के समय को उन लोगों के जहन में में मिले दर्द को सांझा किया गया। आज बुजुर्ग हो चुके उस समय के बच्चों ने जब अपनी दास्तां सुनाई तो हर किसी की आंखें नम थीं। समारोह में अपना संबोधन देते हुए मुख्य अतिथि हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की भी आंखें भर आई। उन्होंने उस दौर को कभी ना भूलने की बात कही।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजन समिति की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समिति के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर संयोजक हैं और सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सदस्य हैं। कार्यक्रम में विभाजन के समय के उन बच्चों को भी यहां सम्मानित किया गया,

## विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस मनाकर बुजुर्गों को दिया सम्मान

जो आज 80 साल या इससे अधिक उम्र के हो चुके हैं। उन्हें पटके, टोपी, माला आदि पहनाकर सम्मान दिया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि आजादी हमें बहुत बड़ी कीमत पर मिली थी। यह विभाजन की कीमत के साथ 10 लाख बेकसूर लोगों की मौत और डेढ़ करोड़ लोगों के शरणार्थी की कीमत पर मिली थी। इसके साथ 10 हजार बहन, बेटियों की इज्जत लुटी गई। उस समय कांग्रेस के नेताओं ने भले ही कुछ आश्वासन दिए हों, लेकिन उनके सामने ही यह सब हुआ। वे खुद सुरक्षित हुए लेनिक 10 लाख लोग मारे गए। एक लाइन खींच देने से ही बंटवारा हो गया। आजादी के लिए शहीद भगत सिंह की तीन पीढ़ियों ने लड़ाई लड़ी। श्री धनखड़ ने विभाजन के पीड़ितों, उनसे जुड़े लोगों और आम नागरिकों से कहा कि हम बुरे दिन भूल गए तो वे दिन फिर से आ जाएंगे। अपने बच्चों को, युवाओं को उस समय के घटनाक्रम से अवगत कराएं, ताकि उन्हें पता रहे कि उनके बुजुर्गों ने कितनी यातनाएं झेली हैं।



गुरुग्राम में विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में कैंडल मार्च निकालते भाजपा हरियाणा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य।

## हमें विभाजन विभीषिका कभी नहीं पढ़ाया: सीकरी

**समारोह** में बुजुर्गों को नमन करते हुए बोधराज सीकरी ने कहा कि हमारे इतिहास के साथ खिलवाड़ किया गया है। हमें विभाजन विभिषिका के बारे में कभी नहीं पढ़ाया गया। विभाजन के समय को सोचकर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। दंगों में किसी की जान गई तो किसी के अपनों की जान गई। श्री सीकरी ने कहा कि हमें अपने इन बुजुर्गों से शिक्षा लेनी चाहिए। इनके श्रम से सीखना चाहिए। इनकी नन्हीं आंखों के सामने तब सब कुछ लूट लिया गया।

## वीडियो के माध्यम से दिखाई विभीषिका

समारोह में एक वीडियो के माध्यम से विभाजन की विभिषिका दिखाई गई। जिसे देखकर उस दौर के हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई। विभाजन में जिन्हें मार दिया गया, उनको दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आरएसएस से जगदीश ग्रोवर, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पूर्व सांसद सुधा यादव, मेयर मधु आजाद, डा. अशोक दिवाकर, प्रमोद सलूजा, पूनम भटनागर, सूरजपाल अम्मू, रमेश कालरा, नवीन गोयल, धर्मसागर, मनीष गाड़ौली, कन्हैया लाल आर्य, कंवरभान वधवा, राम बहादुर समेत अनेक लह्योग मौजूद रहे।

# विधानसभा सत्र में विधायक जरावता ने कई मुद्दों पर की ठोस पैरवी

## सीएम, डिप्टी सीएम के समक्ष कई मुद्दों पर रखी अपनी बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सामान्य** तौर पर शांत स्वभाव और हल्की मुस्कान के धनी पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता का गुरुवार को हरियाणा विधानसभा में अलग रूप नजर आया। उन्होंने विस में अपने हल्के की मांगों को प्रमुखता से रखा।

अपने हलके में विकास को लेकर उन्होंने अपनी बात में कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने पिछले तीन साल से पटौदी हलके में कोई भी काम नहीं किया है। उन्होंने सरकार से मार्केटिंग बोर्ड की राशि बढ़ाने का भी आग्रह सरकार से किया। उन्होंने हेलीमंडी से फरूखनगर वाया मुशेदपुर रोड पर गड्ढों का जिक्र करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री दुष्यंत चौटाला से 25 करोड़ की ग्रांट को 50 करोड़ करने का आग्रह किया।



विधायक सत्यप्रकाश जरावता।



सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। उन्होंने सड़कों को बनाने का आग्रह किया। विधायक ने सरकारी स्कूलों की जर्जर इमारत को ठीक करने व सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की। विधायक ने कहा कि लगभग 46 स्कूलों में बिल्डिंग जर्जर है। कई स्कूलों में अध्यापकों व कर्मचारियों की कमी है, इसे दूर करके बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का प्रबंध किया जाए।

**आरक्षण देकर प्रमोशन का मुद्दा भी उठाया :** विधायक सत्यप्रकाश द्वारा विधानसभा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से राज्य में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों (वर्ग-1 एवं वर्ग-II) को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने रोस्टर की वरिष्ठता सूची के अनुसार आरक्षण देकर प्रमोशन करने की बात कही। जवाब में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों (वर्ग-1 एवं वर्ग-II) को केंद्र सरकार की अधिसूचना और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के अनुसार केंद्र की पद्धति के अनुरूप पदोन्नति में आरक्षण देने की घोषणा 12 जून 2022 को रोहतक में की गई थी। अभी अलग-अलग मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय आने बाकी हैं। विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि हरियाणा के 40 प्रतिशत किसान शामलाती जमीन पर रहते हैं। एक प्रस्ताव पारित करके हमारे देश की संसद को भेजा जाए कि उच्चतम न्यायालय का जो निर्णय है, उसे रद्द करके इसमें संविधान संशोधन किया जाए।

# स्मार्ट सहित तीन अन्य गांव जलभराव से होंगे मुक्त : बीडीपीओ

## राष्ट्रपति के गोद लिए गांव दौला समेत नूनेरा, घंघौला गांव में समस्या का होगा समाधान

## गांवों में बनी नालियां टूट जाने से गंदा पानी रास्तों में जमा होने से हो रही गंदगी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पंचायत** विभाग बीएण्डआर विभाग के साथ मिलकर पूर्व राष्ट्रपति के गोद लिया गांव दौला समेत नूनेरा घंघौला गांव में भी जलभराव की समस्याओं से मुक्त कराएगा। पिछले दिनों हुई बारिश से स्मार्ट गांव दौला समेत घंघौला और नूनेरा के आम रास्तों में जलभराव होने से ग्रामीणों के पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। गांवों में बनी नालियां टूट जाने से गंदा पानी रास्तों में जमा हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को घर के बाहर गंदा पानी जमा होने से अपने ही घरों में कैदियों जैसा जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

> “ बीएण्डआर विभाग के साथ मिलकर कर दौला सहित घंघौला और नूनेरा गांव में जलभराव की समस्याओं को समाप्त किया जाएगा। जल्द ही जलभराव वाले स्थानों का सर्वे कराया जाएगा।
> **( परमेन्द्र सिंह-बीडीपीओ )**

घंघौला निवासी महेन्द्र वीर का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों को इस गंदे पानी से ही आना जाना होता है। किसी वाहन के आने पर पैदल चलने वालों के कपड़े भी खराब हो जाते हैं। नूनेरा निवासी जफरु का कहना है कि गंदा पानी गांव की गली व आम रास्तों में जमा रहने से मक्खी-मच्छर के पनपने से मलेरिया और डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी फैलने के आसार बने हुए हैं। गांव दौला निवासी संतराम का कहना है कि गंदे जमा पानी में बाइक-स्कूटी सवार संतुलन बिगड़ने से गिर जाने से चोटिल हो रहे है।




गुरुग्राम के उद्योग विहार में कासा डंजा क्लब और उसके बाहर युवकों से मारपीट करते बाउंसर।

# नाइट क्लब के बाहर बाउंसरों ने की युवकों से मारपीट, सात धरे गए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी में नाइट क्लब में बाउंसरों की गुंडागर्दी को लेकर ये क्लब हमेशा से ही सुर्खियों में रहे हैं। अब नया मामला यहां उद्योग विहार क्षेत्र के एक क्लब का सामने आया है, जिसमें पार्टी करने पहुंचे कुछ युवकों को बाउंसरों ने जमकर पीटा। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने सक्रियता दिखाई और सात आरोपी बाउंसर को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार उद्योग विहार क्षेत्र में कासा डंजा क्लब नाम से क्लब है। यहां पर छह अगस्त की रात को कुछ युवक गए थे। उनके साथ एक युवती भी क्लब में प्रवेश कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान एक बाउंसर ने उससे छेड़छाड़ की। युवती के साथ जा रहे युवकों ने इसका विरोध किया तो बाउंसरों ने युवकों पर हमला बोल दिय। लाठी-डंडों से उनको पीटना शुरू कर दिया। युवती बचाव में चिल्लाती रही, लेकिन बाउंसरों ने कोई रहम नहीं किया और वे युवकों के साथ पिटाई करते रहे। कुछ युवकों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। वीडियो सोशल मीडिया पर फैलते ही पुलिस भी सक्रिय हुई और आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। पुलिस ने मारपीट के सात आरोपी बाउंसरों मंदीप, सुमित, सोनू, नितिन, राम सिंह, राकेश के अलावा क्लब मैनेजर लोकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित की शिकायत पर उद्योग विहार थाना में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**नाइट क्लब, बार में बाउंसर्स की वेरीफिकेशन के आदेश :** नाइट क्लब में युवती के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने वाले पर मारपीट करने के मामले में गुरुग्राम की पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने गुरुवार को सभी थानों को आदेश जारी किए हैं कि सभी नाइट क्लब, बार आदि में बाउंसरों की वेरीफिकेशन की जाए। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने सभी थानों को आदेश देते हुए कहा है कि नाईट क्लब, बार आदि को बाउंसर उपलब्ध कराने वाली सभी सुरक्षा व अन्य एजेंसियों के माध्यम से उनमें काम करने वाले बाउंसर्स व अन्य कर्मचारियों की वेरीफिकेशन कराएं। अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर बाउंसर्स व सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वेरीफिकेशन का काम पूरा करने के लिए 31 अगस्त 2022 तक का समय दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## मामूली बात पर युवकों ने मां-बेटा को पीटा

**सोहना।** खंड के गांव अलीपुर में बाइक मांगने पर दो सगे भाइयों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मां-बेटा को पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर नामजद सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अलीपुर निवासी दीपक ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि सात अगस्त को उसने स्थानीय निवासी जसप्रीत से बस स्टैंड जाने के लिए उसकी बाइक मांगी थी। लेकिन जसप्रीत ने उसे बाइक न देकर गालियां देना शुरू कर दिया। जिसको लेकर उसकी और जसप्रीत की तू तड़ाक हो गई। इसीदिन रात करीब 9 बजे वह दुकान से सामान खरीदने गया था। जहा पहले से जसप्रीत उसका भाई मनप्रीत और उनके दोस्त प्रदीप, राहुल, सन्नी, डबलू और धीरज ने फिर उससे झगड़ा करने लगे। आवाज सुनकर उसकी मां सरोज वहां आ गई। उसकी मां आरोपियों से उसे बचा रही थी। इसी दौरान आरोपियों ने उसे और उसकी मां को पीट डाला। वह और उसकी मां को सोहना के नागरिक अस्पताल से दाखिल कराया गया। झगड़े से तीन दिन बाद मिली शिकायत के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## बच्चों ने मनाया राखी का त्योहार

**फरीदाबाद।** मिशन जागृति पाठशाला मे बच्चों ने राखी का त्योहार मनाया। संस्था के जिला उपाध्यक्ष राजेश भूटिया ने बताया कि मिशन जागृति के द्वारा फरीदाबाद शहर मे तीन पाठशाला चलाई जा रही है। आज राखी के अवसर पर झुग्गी-झोपड़ी मे रहने वालों के बच्चों ने जो की मिशन जागृति पाठशाला मे पढ़ते है उन्होंने बहुत ही उत्साह से ये पर्व मनाया। पाइन परिकोंन कम्पोनन्ट के क्रमचारियों अधिकारियों के द्वारा सभी बच्चों को पाइन परिकोंन कम्पोनन्ट के मालिक दिवंगत किशोर जी की याद मे भोजन करवाया गया एवं इसके उपरांत पाठशाला की बेटियों ने सभी भाइयों को राखी बांधी और मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर मिशन जागृति से संतोष अरोड़ा, अशोक भटेजा, विपिन शर्मा और पाइन परिकोंन कम्पोनन्ट के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरडब्लूए कार्यालय पर झंडा वितरण किया

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरडब्लूए सेक्टर-46 के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रधान राजसिंह बैंसला ने अपनी गर्वनिंग बॉडी के सदस्यों को तिरंगा झड़े देकर उन्हें उत्तरदायित्व सौंपा की वो पूरे सेक्टर के 20-20 घरों में झड़ा लगाने का बीड़ा उठाकर आजादी के इस अमृत महोत्सव में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगें। राजसिंह बैंसला ने कहा कि तिरंगा हमारी देश की स्वतंत्रता का प्रतीक है इसलिए हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का भी सम्मान करना चाहिए और गर्व के साथ तिरंगा फहराना चाहिए। बैंसला ने कहा कि हमारा देश वीरों का देश है असंख्य वीरों शहीदों ने आजादी की लड़ाई में अपनी कुर्बानी दी है इसके बाद ही हमें आजादी मिली है। हमें इस आजादी को बनाए रखने व देश की एकता अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर धर्मबीर खटाना वरिष्ठ उपप्रधान, हीरालाल शर्मा उपप्रधान, संयुक्त एके भटनागर सचिव, संजीव गुप्ता सांस्कृतिक सचिव, आरएस कालिया कोषाध्यक्ष, सूरज भाटी खेल सचिव व गर्वनिंग बॉडी सदस्य एमके गुप्ता, विशाल बसनोतरा, प्रमोद शर्मा, आशीष अग्रवाल, पेट्रन सुभाष शर्मा, लीगल एडवाईजर सुनील शर्मा, चीफ एडवाईजर जगदीश सारन, एडवाईजर एवं महिला विंग इचार्ज सुजाता सिंह, पीआरओ टीआर गुगलानी, रमेश चपराना, संजय चपराना व सतबीर बैंसला मौजूद थे।

## करंट से युवक की मौत, परिजनों में मचा हाहाकार

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड 10 में 26 वर्षीय युवक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। मृतक नोएडा की कंपनी में नौकरी करता था। गुरुवार की सुबह वार्ड दस की परमार कॉलोनी में रहने वाला 26 वर्षीय रोहित दीवार पर किसी कार्य को करने के लिए चढ़ा था। रोहित को दीवार के ऊपर से जा रही बिजली की तारों का ध्यान नहीं रहा। अचानक से उसका हाथ बिजली की लाइन में जा लगा। जिससे रोहित को जोरदार झटका लगने से वही दीवार से नीचे आ गिरा। रोहित को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल ले जाकर दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने रोहित को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया, लेकिन परिजनों ने रोहित को गुरूग्राम की निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां रोहित ने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया।

## रक्षाबंधन पर 80 फीसदी महिला यात्रियों ने किया बसों से सफर



**सोहना।** रक्षाबंधन के अवसर पर स्थानीय बस स्टैंड पर यात्रियों की बसों में भारी भीड़ रही। महिला यात्रियों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा। निजी बस चालकों ने यात्रियों को छत पर बैठाकर सफर कराया। गुरुवार को रक्षाबंधन के अवसर पर सोहना से गुरुग्राम, परवल, बल्लभगढ़, तावडू और नूंह जाने वाले मार्गों पर चलने वाली रोडवेज बस, निजी वाहन और सोसायटी की बसों में भीड़ रही। जिसके चलते महिलाओं को भीड़भाड़ से बचने के लिए एक को छोड़ दूसरी बस आने का घंटा भर का इंतजार करना पड़ा। निजी छोटे वाहन इको से लेकर वैन, जीप और बस मालिकों ने यात्रियों की भारी भीड़ का फायदा उठाया। यात्रियों ने बसों की छत पर बैठकर सफर किया। सोसायटी कह बसों के चालक और क्लीनर बिना रोक टोक चलते रहे। रक्षाबंधन का त्योहार होने से आज बसों में 80 फीसदी महिला यात्री रहीं। भीड़ को देखते हुए महिलाओं को परेशानी न हो। इसके लिए पलवल, फरीदाबाद और गुरूग्राम डिपो से अतिरिक्त बस फोन करके बुलाई गई।

# बीच सड़क पर पालतू कुत्ते की शिकार हुई महिला, बुरी तरह से नोंचा

## पॉश इलाके सिविल लाइन की है घटना

## घटनास्थल के आसपास के लोगों ने कुत्ते के मालिक पर की कार्रवाई की मांग

## सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किए बयान दर्ज



गुरुग्राम स्थित सिविल लाइन में कुत्ते द्वारा काटे जाने पर घायल महिला सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में उपचाराधीन। गुरुग्राम स्थित सिविल लाइन में उसे कुत्ते के साथ मालकिन, जिसने महिला को काटा। गुरुग्राम स्थित सिविल लाइन में कुत्ते के काटने की घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** के पॉश क्षेत्र सिविल लाइन क्षेत्र में गुरुवार को एक महिला पालतू कुत्ते की शिकार हो गई। कुत्ते ने उसे बीच सड़क बुरी तरह से नोंचा। लोगों ने पत्थर आदि मारकर उसे छुड़ाने का भी प्रयास किया, लेकिन हिंसक हो चुके कुत्ते ने महिला को छोड़ा नहीं। उसके शरीर के अन्य हिस्सों के अलावा सिर पर से भी काटा। महिला बुरी तरह से घायल हो गई। उसे यहां नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे घरों में काम करने वाली एक महिला अपने घर से काम के लिए निकली थी। जैसे ही वह यहां सिविल लाइन की मुख्य सड़क पर कामकाजी महिला आवास के सामने पहुंची तो बुल्ली नस्ल का कुत्ता उस पर झपट पड़ा। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाती, कुत्ते ने उसे कई जगह से काट लिया। कुछ राहगिर वहां से बाइक, गाड़ी से गुजर रहे थे। वे भी डर के मारे दूसरी तरफ से निकल गये। घटनास्थल के ठीक सामने कामकाजी महिला आवास से चौकीदार ने उसे पत्थर मारने के प्रयास किए, लेकिन कुत्ता महिला पर बुरी तरह से हमला किए जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब उसने महिला के सिर पर हमला किया तो महिला के सिर से मांस तक निकाल लिया। इसके बाद वह भागा। गंभीर अवस्था में महिला को नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 ले जाया गया, जहां से उसे दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल महिला मुन्नी पत्नी मातिया रहमान की देवरानी ब्यूटी बीबी ने पुलिस को बताया कि वे यहां ऑफिसर कालोनी में ही किराए पर रहते हैं। आसपास के घरों में साफ-सफाई का काम करते गुजारा करते हैं। कुत्ते ने उसकी जेठानी को बुरी तरह से काटा है। उसकी जान खतरे में है। आसपास के लोगों ने भी पुलिस को कुत्ते के बारे में शिकायतें की। पहले भी ऐसी घटना होते-होते बची है। अक्सर कुत्ते के मालिक उसे बिना चेन बांधे ही घुमाने आते हैं। पुलिस जांच अधिकारी ओमप्रकाश ने कुत्ते के मालिक को बुलाया तो नीतू छिकारा नाम की महिला आई। उससे पूछताछ की गई। महिला ने सफाई दी कि वह अपने पिता को इंजेक्शन लगवाने गई हुई थी। कुत्ता ग्रिल में से निकलकर बाहर गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# सीएफओ बनते हैं सर्वश्रेष्ठ सीईओ : हनादि खलीफ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## सीनियर डायरेक्टर, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, और इंडिया ऑपरेशंस, आईएमए

**इतिहास** दिलचस्प जानकारियों से पूर्ण है और चीफ फाईनेंशल ऑफिसर (सीएफओ) के उदय की कहानी भी बहुत दिलचस्प है। 20 वीं सदी के %यादातर समय में सीएफओ का कोई पद नहीं हुआ करता था। सच तो यह है कि वित्तीय मामलों की उद्यमों में उतनी महत्वपूर्ण भूमिका नहीं हुआ करती थी, जितनी महत्वपूर्ण वह आज है और इसीलिए कंपनी के अध्यक्षों को व्यवसाय चलाने के लिए कोई भी सामरिक परामर्श लेने के लिए अपने बैक-ऑफिस 'फाईनेंशल मैनेजर्स' (जो 20वीं सदी के ज्यादातर समय इस पद को कहा जाता था) के पास जाने का कोई कारण नहीं हुआ करता था। ये मैनेजर्स मुख्यत: बजट, बुककीपिंग, और टैक्स रिपोर्टिंग देखने का काम किया करते थे और उसके अलावा कुछ और नहीं सोचते थे। इसके बाद अमेरिकी सरकार ने नए वित्तीय नियम और दायित्व पेश किए और व्यवसाय में इन बैक-ऑफिस 'फाईनेंशल मैनेजर्स' का महत्व बढ़ने लगा। इस ट्रेंड की शुरुआत 1960 के दशक में हुई और 1970 के दशक में इसका वर्चस्व हो गया। जब बिजनेस और स्टॉक परफॉर्मेंस को ज्यादा सटीक तरह से प्रदर्शित करना सबसे ज्यादा जरूरी हो गया, तब सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) और फेडरल अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड (एफएएसबी) जैसी नियामक इकाईयों ने कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग और अकाउंटिंग का पूरा चेहरा बदल दिया। पेप्सीको की पूर्व सीएफओ, इंदिरा नूयी, जिन्होंने 2006 में सीईओ का पद संभाला, ने कहा, ''सीईओ का काम कई तरीकों से एक जैज ऑर्केस्ट्रा का नेतृत्व करने की तरह है। आप सुधार करते हैं, आप अपने आसपास अन्य वादकों से संकेत लेते हैं। सीईओ के पास एक फ्रेमवर्क होता है, लेकिन उन्हें उन सभी लोगों के साथ सामंजस्य बनाना पड़ता है, जो अपनेआप सुधार लाना चाहते हैं। सीएफओ सामंजस्य बनाने में बहुत अच्छे होते हैं-उन्हें केवल जैज ऑर्केस्ट्रा में काम करना सिखाने की जरूरत है।''

1970 के दशक में हुए नियामक परिवर्तनों ने माहौल बनाया और कंपनियों के लिए वित्तीय दायित्वों को %यादा गंभीरता से लेना अनिवार्य कर दिया। इसके बाद के दशक में विलय और अधिग्रहणों के बढ़ने के साथ कंपनियों ने प्रतियोगिता में आगे बने रहने के लिए वित्तीय प्रदर्शन की शक्ति को समझना शुरू किया। इस प्रकार सीएफओ का महत्व स्थापित हुआ क्योंकि फाईनेंस एवं अकाउंटिंग प्रोफेशनल्स अग्रिम कतार में आ गए और उन्हें प्रदर्शन में सुधार एवं कमियों को दूर करने का काम सौंपा गया, जो न केवल अस्तित्व बनाए रखने बल्कि आगे बढ़ने के लिए भी सबसे मूलभूत जरूरत है। उन्होंने कंपनियों को नई वित्तीय तकनीकें अपनाने, देनदारियों का पुनर्गठन करने और अन्य कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करने तथा अंशधारकों के साथ संबंधों का विकास करने और उन्हें बनाए रखने में मदद की। आज की कहानी काफी अलग है क्योंकि बड़ी संख्या में सीएफओ अब सीईओ के दायरे में आते जा रहे हैं।

# कोरोना: त्यौहार के कारण मरीज बढ़े और सैम्पलिंग हुई कम

कविता। फरीदाबाद

**कोरोना** की वजह से दिल्ली में एक बार फिर मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं जिले में भी कोरोना के मरीजों में बढ़ोत्तरी हो रही है। मंगलवार को 154 नए संक्रमित मिले थे। बुधवार को 142 संक्रमित मरीज आए और बृहस्पतिवार को 110 नए मरीजों की पहचान हुई। राहत की बात यह रही कि जिले में दो दिनों में 129 रोगियों ने कोरोना की जंग जीती, जिसमें 82 रोगी बृहस्पतिवार के शामिल थे। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.89 प्रतिशत पर पहुंच गया। एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 743 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में 708 और अस्पताल में 35 रोगी भर्ती है। जिसमें दो मरीज ऑक्सीजन पर और दो पॉजिटिव अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त मरीज आईसीयू में भर्ती है। बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए जिले में अधिक से अधिक सैम्पलिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन रक्षाबंधन के कारण जिले में बृहस्पतिवार को निजी और सरकारी प्रयोगशालाओं में मात्र 606 लोगों ने ही कोरोना की जांच करवाई। वहीं


बिना मास्क के जाते बल्लभगढ़ में यात्री।

जिलेवासी कोरोना को फिर बढ़ते देखकर भी लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे लगता है कि शायद चौथी लहर जल्द ही आएगी।

**कम हुई वैक्सीनेशन :** जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बढ़ते कोरोना रोगियों को देखते हुए अधिक से अधिक सैम्पल और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन शहर में बृहस्पतिवार को काफी कम संख्या में सैम्पलिंग और वैक्सीन लगी। शहर में रक्षाबंधन के मौके पर हुई बूंदाबांदी के कारण सड़कों पर कीचड़ जमा हो गई। वहीं दूसरी तरफ बृहस्पतिवार और शुक्रवार को रक्षाबंधन होने के कारण जिले में वैक्सीनेशन सेंटरों पर वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या भी कम थी। वहीं सैम्पलिंग भी जिले में कम हुई है।

**नहीं है डर :** वैक्सीनेशन से बचाव के संग मास्क भी जरूरी होने की बात को लोग भूलते जा रहे है। कोई त्यौहार हो, रैली हो या फिर अन्य कोई कार्यक्रम लोग मास्क को पूरी तरह से भूलते जा रहे है। जिसके कारण अब एक बार फिर कुछ समय से कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बृहस्पतिवार को जिले में 743 एक्टिव केसों का आंकड़ा इसका उद्धाहरण है। वहीं जिले में रक्षाबंधन के कारण अवकाश होने पर बाजारों में भीड़ के बीच लोगों के मुंह पर न मास्क है और न ही बाजारों में मौजूद दुकानों पर सैनिटाईजर। वहीं बसों में भी भीड़ के बीच किसी तरह के कोरोना नियमों का पालन होते नहीं देखा गया। जिसे देखकर लगता है कि जल्द ही चौथी लहर आ सकती है।

# आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए मनोज भाटी

**सेना के बेस कैंप में हुए हमले के दौरान शहीद हुए जिले के सपूत मनोज भाटी**

**आज सेना के हैलीकॉप्टर से लाया जाएगा शहीद का पार्थिव शरीर**


देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीद मनोज भाटी के शोकाकुल परिवार के सदस्य।


शहीद मनोज भाटी की फाइल फोटो।

राजेश दास। फरीदाबाद

**जम्मू** कश्मीर के राजौरी में स्थित सेना के बेस कैंप पर बृहस्पतिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे आतंकवादियों द्वारा किये गए हमले में देश के तीन जांबाज जवान शहीद हुए हैं। इन जांबाज शहीदों में शामिल मनोज भाटी जिले के गांव शाहजहांपुर के निवासी थे। उनकी शहादत की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

उनकी माता सुनीता और नवविवाहित पत्नी कोमल सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। सूचना मिलने पर जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव अन्य अधिकारियों के साथ शहीद के दुखी परिवार को सांत्वना देने के लिए गांव शाहजहांपुर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को शहीद का पार्थिव शरीर सेना के हैलीकॉप्टर से यहां लाया जाएगा। देश की रक्षा के लिए अपनी शहादत देने वाले मनोज भाटी की अंतिम विदाई के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव शाहजहांपुर में बाबूलाल भाटी का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, तीन बेटे सुनील, योगेश, मनोज और बेटी आशा शामिल है। बाबूलाल भाटी गांव में सेटरिंग का काम करते हैं और उनका बड़ा बेटा सुनील सेना में कार्यरत हैं और इन दिनों राजस्थान में तैनात हैं। दूसरे नंबर का बेटे योगेश गांव में खेतीबाड़ी करते हैं। जबकि तीसरे बेटे मनोज भाटी स्नातक करने के बाद वर्ष 2017 में सेना में राइफल मैन के पद पर भर्ती हुए थे और इन दिनों जम्मू कश्मीर के राजौरी स्थित वेस कैंप में तैनात थे। वैसे तो उनके तीनों ही बेटे विवाहिता हैं, लेकिन छोटे बेटे मनोज भाटी का विवाह हाल ही में 14 नवंबर 2021 को सीकरी गांव निवासी कोमल के साथ हुआ था। कोमल इन दिनों गर्भवती हैं। बताया गया है कि मनोज भाटी पिछले दिनों सेना से छुट्टी लेकर अपने गांव आए थे। छुट्टी खत्म होने पर दो अगस्त को वे वापस जम्मू कश्मीर लौट गए थे।

## देश के लिए दी शहादत

**परिजनों** का कहना है कि मनोज भाटी के दिल में देश प्रेम का जज्बा कूट-कूट कर भरा हुआ था। इसलिए वे स्नातक करने के बाद सेना में भर्ती हुए थे। बताया गया है कि अन्य दिनों की तरह बीती रात भी मनोज भाटी राजौरी स्थित सेना के बेस कैंप में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। तभी तड़के करीब साढ़े तीन बजे आतंकवादियों ने वेस कैंप पर हमला कर दिया। इस दौरान मनोज भाटी अपने साथी जवानों के साथ आतंकवादियों का जमकर मुकाबला करने लगे। लेकिन ऊपर वाले को कुछ और ही मंजूर था। इस दौरान सेना के जवानों ने आतंकवादियों को तो ढेर कर दिया, लेकिन इस हमले में मनोज भाटी और दो अन्य जवान भी शहीद हो गए।

# तिरंगा देश की अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक : चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**वार्ड-26** अगवानपुर, जगमाल इन्कलेव में भाजपा की निर्वतमान पार्षद सोमलता भड़ाना के कार्यालय पर तिरंगा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी ने पहुंचकर लोगों को अपने हाथ से तिरंगा वितरित किया।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल नागर, श्यामचन्द भड़ाना, निर्वतमान पार्षद सोमलता भड़ाना, ओमप्रकाश रेक्सवाल व रविकांत मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी देशवासी विभिन्न प्रकार के देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। तिरंगा देश की अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है। अत: हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का सम्मान करें तथा समाज में तिरंगे के इतिहास को भी साझा करें ताकि प्रत्येक नागरिक गौरव की अनुभूति कर सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता से ही देश के प्रति आमजन की भावना मजबूत होती है। आगामी 13 से 15 अगस्त तक घर-घर तिरंगा अभियान चलाकर तिरंगा लगाया जाएगा। राष्ट्र के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हमें इसके लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। निर्वतमान पार्षद सोमलता भड़ाना ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिलावासी को जोड़ने के लिए मुहिम चलाई जा रही है तथा लोगों में इस कार्यक्रम के प्रति काफी उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर संजय सिंह, चंदन प्रधान, एलके तिवारी, होशियार सिंह प्रधान, जयचंद दीपावली एनक्लेव, उमेश अग्रवाल, रामलाल, भोला मिश्रा भूपण पहलवान अगवानपुर, उदयराम, दिलीप प्रधान, महेंद्र नागर, विजय कसाना, गोपाल पांडे, पंकज गुसाईं चंद्रिका प्रसाद, ओम प्रकाश, राजपाल नागर, पवन राठी, जितेंद्र मिश्रा, अमित भाटी, अमित खारी, सुरेश प्रधान, खड़ग सिंह व विवेक सहित सैकडो लोग मौजूद थे।

# राखी बांधकर नन्ही बेटी ने दिया सबको तिरंगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज राखी के पावन अवसर पर नन्ही सृष्टि गुलाटी द्वारा सारन थाने फरीदाबाद हरियाणा के अंदर राष्ट्रीय ध्वज वितरण का कार्य किया गया। आज नन्ही सृष्टि गुलाटी ने एसएचओ राजेश बांगरी को राखी बांधी ओर राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया।

इस अवसर पर सभी ने सृष्टि बेटी के इस कार्य की सराहना की। देश की बेटी ने किया अनोखा कार्य जिसकी हर कोई कर प्रशंशा। इसके बाद पूरे थाने परिसर में उपस्थित सभी पुलिस भाइयों को नन्ही सृष्टी द्वारा राखी बांधी गई और सभी को राष्ट्रीय ध्वज वितरण किया गया। आज के इस नेक कार्य मे वीर भारत ट्रस्ट से दिनेश प्रसाद सिंह, पिता प्रवीन गुलाटी, माता प्रिया गुलाटी, स्वागत ज़िन्दगी से मोहित, एच.आर.लाइव. न्यूज़. से बीना आदि सभी उपस्थित रहे। आज राखी के पावन दिन से 15 अगस्त तक नन्ही सृष्टि गुलाटी द्वारा प्रतिदिन 1000 राष्ट्रीय ध्वज वितरण करने का


सारन थाने के एसचओ को राखी बांध कर राट्रीय ध्वज देती सृष्टी गुलाटी।

लक्ष्य हैं। आज पहला कदम सफल रहा। सारन थाने फरीदाबाद हरियाणा के बाद सामने स्थित जनता कॉलोनी में राष्ट्रीय ध्वज वितरण किया गया। इस अवसर पर लगभग 1000 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। राखी बांधी तिरंगा सजाया। डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-9 फरीदाबाद हरियाणा की पहली कक्षा की छात्रा सृष्टि गुलाटी हर समय नया कार्य करती रहती है। रिकॉर्ड का दूसरा नाम पड़ा सृष्टी गुलाटी। सृष्टि गुलाटी एक होनहार ओर शानदार कलाकार भी है। राजेश बांगरी द्वारा सृष्टि के इस अनोखे ओर देश हित कार्य के लिए भरी भूरी प्रशंसा की गई ओर उपहार दिया।

# रिहर्सल के चलते भारी वाहनों की दिल्ली जाने पर पाबंदी

**फरीदाबाद।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल के चलते कल 12 अगस्त रात्रि 10 बजे से 13 अगस्त दोपहर 1 बजे तक एवं 14 अगस्त शाम 6 बजे से 15 अगस्त दोपहर 1 बजे तक, सभी कमर्शियल भारी वाहनों का फरीदाबाद एवं दिल्ली में प्रवेश वर्जित रहेगा।

सभी ट्रांसपोर्ट एवं सभी भारी कमर्शियल वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देश का पालन करें और इसके अनुसार ही वैकल्पिक मार्ग का चयन करें। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किए गए हैं। यूपी एवं पलवल की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन चालक जो फरीदाबाद एवं दिल्ली के रास्ते आगे जाते हैं वह अपने गंतव्य तक जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग केजीपी केएमपी का प्रयोग करें। फरीदाबाद के सभी बॉर्डर एरिया जिसमें बदरपुर, पहलादपुर, शूटिंग रेंज, दुर्गा बिल्डर, मांगर होते हुए छतरपुर जाने वाले रोड इत्यादि सभी रास्तों से प्रवेश वर्जित रहेगा।

# जयतु भारतम् द्वारा होगा आजादी का अमृत महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** के हर घर तिरंगा राष्ट्रीय अभियान का जश्न मनाने के लिए दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के चेयरमैन सुभाष चन्दर कनखेरिया के नेतृत्व में हमारे राष्ट्रीय ध्वज द्वारा राष्ट्र और उसके मूल्य प्रदर्शित करता सांस्कृतिक कार्यक्रम 'जयतु भारतम्' का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार, 13 अगस्त 2022 को दक्षिणी दिल्ली स्थित चिन्मया मिशन सभागार में आयोजित किये जाने वाले इस सांस्कृतिक उत्सव में प्रख्यात नृत्यांगना (पद्माश्री) गीता चंद्रन और उनके नाट्य वृक्ष डांस कलेक्टिव द्वारा नृत्य से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

गीता चन्द्रन के साथ उनके नाट्य वृक्ष डांस कलैक्टिव में गायत्री सुरेश, मधुरा भृशुंडी, श्रुता गोपालन, कावेरी मेहता, अदिति बालासुब्रमण्यम, सौम्या लक्ष्मी नारायणन, अनंदिता नारायणन और युशिका बैद भरतनाट्यम की ताल पर 'जयतु भारतम्' का भाव प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर अर्जुन राम मेघवल केन्द्रीय राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे और दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के महानिदेशक डॉ. आर.के. शर्मा कार्यक्रम के समन्वयक होंगे। इस कार्यक्रम के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है और सभी कला प्रेमी एवं अन्य आमंत्रित हैं।

जयतु भारतम् की संकल्पना भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव के रूप में की गई है। यह अपनी दार्शनिक नींव को बहाल करने के लिए लोगों द्वारा किए गए गहरे संघर्षों की पड़ताल करता है और 'भारत' के विचार को समानता, सहिष्णुता और बहुलता की भूमि के रूप में मनाता है। 'जयतु भारतम्' देश की स्वाधीनता के गौरव का गुणगान करती एक विनम्र श्रद्धांजलि है, जिसे गीता चन्द्रन और उनके नाट्य वृक्ष डांस कलेक्टिव द्वारा मन-मोहक भरतनाट्यम के माध्यम से प्रस्तुत किया जायेगा।

अपनी तरह के इस विशिष्ट कार्यक्रम की शुरूआत 'जयतु भारतम' से होगी, जिसमे देश को भारत माता के रूप में हृदयांकित किया जायेगा। जिसमें साम्य और समानता को सर्वोपरि माना गया है। सारा विश्व भारत की ओर निहारता है। शाम की दूसरी प्रस्तुति विविधता में भारत की अतुल्य विविधता जिसमें जाति, भाषा, वेश भूषा और महान परंपराओं को दशार्या जायेगा। इसके बाद उत्सव में भारत में त्योहारों और उत्सवों की अनूठी परंपराओं को वृंदावन के कृष्ण गोपी रास के माध्यम से अभिव्यक्त किया जायेगा।

# एनएचएम की हड़ताल खत्म, कुछ मांगों पर बनी सहमति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएचएम** कर्मचारियों की हड़ताल को समाप्त करने के लिए सिविल सर्जन के निर्देश पर डॉ. रचना ने बुधवार को कर्मचारियों से अपील की थी, लेकिन कुछ ही कर्मचारियों ने उनकी बात मानते हुए ड्यूटी ज्वाइन की। करीब 40 कर्मचारियों के द्वारा ड्यूटी ज्वाइन कर ली गई, बाकि के कर्मचारी दिनभर हड़ताल पर यह कहते हुए बैठे रहे, कि उनकी संस्था के पदाधिकारी उच्च अधिकारियों के संग बैठक करने गए हैं, जिसे देखते हुए उन्होंने अपनी ड्यूटी देर रात तक ज्वाइन नहीं की।

देर रात संघ के प्रतिनिधियों की कुछ शर्तों पर सहमति बनी, तो बृहस्पतिवार को सभी कर्मचारियों ने सुबह ही अपनी ड्यूटी ज्योइंन कर ली। जिससे मरीजों को राहत मिली, लेकिन रक्षाबंधन के कारण केन्द्रों पर अधिक भीड़ नहीं दिखाई दी। कर्मचारियों का कहना है कि


एनएचएम कर्मचारियों को समझाती डॉ. रचना।

बृहस्पतिवार और शुक्रवार को रक्षाबंधन और 15 अगस्त के अवकाश के बाद ही स्थिति सामान्य होगी। जानकारी के मुताबिक 5 अगस्त से नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कार्य कर रहे 700 कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू कर दी थी। इसमें चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, एएनएम, कंप्यूटर आपरेटर, सफाई कर्मचारी सहित अन्य शामिल थे। इनके हड़ताल पर चले जाने से एसी नगर, सारन सहित कई स्वास्थ्य केंद्रों पर ताला लगा हुआ था और डिलीवरी सेंटर भी अधिकांश बंद थे, जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को परेशानियां झेलनी पड़ी।

वहीं इस बारे में एनएचएम कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान धर्वेंद्र ने बताया कि कुछ बातों पर सहमति बनी है, जिसमें अधिकारियों ने एक महीने में रोजगार सुरक्षा का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए कहा है। वहीं सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को भी लागू करने के लिए पुनर्विचार पर सहमति बनी है और नूंह में निकाले गए दो एनएचएम कर्मचारियों की जांच दोबारा से होगी। इसके चलते हड़ताल स्थगित कर दी गई है।

# बलिदान देने वालों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान एवं हरियाणा के मुख्यमत्रीं मनोहर लाल खट्टर के मार्गदर्शन पर अगस्त 1947 में बंटवारे के दौरान पश्चिमी पंजाब से लौटते समय शहादत देने वाले लाखों हिंदू और सिख पूर्वजों की याद में 14 अगस्त को देश भर में विभाजन विभाषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा।

सीमा त्रिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवस के प्रथम वर्ष की श्रृंखला में प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे। इसी श्रृंखला में बड़खल विधायक सीमा त्रिखा के दिशा-निर्देशों पर 12 अगस्त सायं-4.30 बजे रेलवे रोड फरीदाबाद में उन गुमनाम बलिदानी लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सीमा त्रिखा ने कहा कि यह दिवस असहनीय एवं कभी भी ना भूले जाने वाले तथा उस समय अपने प्राणो का बलिदान करने वाले अंसख्य, गुमनाम, बलिदानी वीरों एवं उनके परिवारों की स्मृति में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस विभाजन की त्रासदी का असहनीय दशा में सिर्फ फरीदाबाद में रह रहे यहां के पुरूषार्थी समाज के साथ-साथ सम्पूर्ण हरियणा के अलग-अलग जिले में रह रहे लोगो ने भी झेला है। इसलिए फरीदाबाद शहर में बसे उन पुरूषार्थी परिवारो के सभी सदस्यो से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में नियत स्थान पर पहुंचकर इस विभाजन विभीषिका में अपने प्राणों का बलिदान करने वाले उन सभी गुमनाम बलिदानियो का स्मरण करते हुए अपने श्रद्धा सुमन उनके चरणों में अर्पित करें।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रकुथी ट्रस्ट द्वारा तिरंगा वितरण समारोह आयोजित


प्रकुथी ट्रस्ट द्वारा आयोजित तिरंगा वितरित कार्यक्रम में मौजूद चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सुकीर्ति व अन्य।

**फरीदाबाद।** प्रकुथी ट्रस्ट द्वारा तिरंगा वितरण समारोह सेक्टर-9 में रमा सरना की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें सुकीर्ति चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मुख्य अतिथि के रूप में तथा बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर तिरंगे वितरण किये गए और पौधे भी लगाये गए। अध्यक्ष रमा सरना ने कहा कि हमारी संस्था इस तरह के सामाजिक कार्य लगातार करती रहती है और बरसात के मौसम में हम लगातार पौधे लगा रहे हैं। मुख्य अतिथि सुकीर्ति ने प्रकुथी ट्रस्ट के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि इस देश की संस्कृति की रक्षा ऐसी संस्थाएं ही करती हैं और आजादी के अमृत महोत्सव ऐसे ही धूमधाम से मनाना चाहिये। बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं और यह देखकर खुशी हो रही है कि देशवासी इसको महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। लेकिन हमें आजादी का महोत्सव प्रत्येक वर्ष ऐसे ही धूमधाम से मनाना चाहिये क्योंकि हमें यह आजादी लाखों देशभक्तों की शहादत से मिली है। और उन महान स्वतंत्रता सैनानियों व शहीदों की शहादत को सच्चा नमन तभी होगा। जब हम स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्रत दिवस सभी स्वतंत्रता सैनानियों की प्रतिमा लगाकर मनायें ताकि देश की आज़ादी के समय हमारे नेताओं द्वारा कहा गया कथन कि शहीदों की चिताओं पर हर बरस लगेगें मेले, वतन पर मिटने वालों का बाकी यही निशां होगा पूरा होना चाहिये।

## ओयो होटल की जांच कर दिए आवश्यक निर्देश दिए

**फरीदाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के द्वारा महत्वपूर्ण स्थान, मॉल, होटल बैंक इत्यादि को चेक करने दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी बस स्टैण्ड बल्लभगढ़ की टीम एरिया में आने वाले ओयो होटलों को चेक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त व 24 अगस्त पर प्रधान मंत्री की सुरक्षा को लेकर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। सभी थाना चोरी प्रभारी द्वारा एरिया के मौजीज व्यक्ति, आरडब्ल्यूए प्रधान इत्यादि को सुरक्षा की दृष्टि से अगाह किया जा रहा है कि अपने एरिया के किरायेदारों, ड्राइवर, सहायक, मेड, इत्यादि व्यक्ति, जो उनके एरिया में रहते हैं, की वैरिफिकेशन कराएं। बाहरी, अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को दें। सर्च अभियान के तहत सहायक उपनिरीक्षक भूपेंद्र और हवलदार मोहम्मद सलीम ने चौकी के एरिया में आने वाले ओयो को चेक किया और सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत कराया और हिदायत दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलते ही पुलिस को उसके बारे में सूचित करें। ताथ ओयो में के एरिया में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे होने के साथ साथ आने जाने वालो की आईडी के साथ एंट्री होनी चाहिए और रजिस्टर तारीख वाइज मेंटेन होना चाहिए।

## रक्षाबंधन पर्व पर वारदात रोकने को पुलिस हुई अलर्ट

**फरीदाबाद।** रक्षाबंधन के पर्व पर माननीय पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेश पर पुलिस आयुक्त ने महिला की चेन/पर्स स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना, चौकी प्रभारियों को महिला सुरक्षा के लिए निर्देश दिए है। पुलिस प्रवक्ता बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर महिला सुरक्षा के लिए सार्वजनीक यातायात स्थानों पर 1500 पुलिसकर्मी चेन/पर्स स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सादा वर्दी और पुलिस वर्दी तैनात रहेंगे। सभी बाजारों में जहां राखियां और मिठाई खरीदी जा रही हैं। सामान्य बस स्टैंड से बसों में सफर करके सभी बहनें अपने बच्चों सहित अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए आ जा रही है। इस संबंध में बाजारों में व सभी सामान्य बस स्टैंड पर भारी भीड़भाड़ का स्थान बना हुआ है। इस संबंध में सभी थाना चौकी व क्राइम ब्रांचों को अपने विवेक व अपने पूरे सिस्टम को अलर्ट रखते हुए महिला सुरक्षा का विशेष ध्यान रखेंगे। सभी थाना चौकी व क्राइम ब्रांच प्रभारी अपने अपने एरिया मुताबिक प्रोग्राम सभी ड्यूटी को चेक करे और वारदतों पर अंकुश लगाने का कार्य करेंगे।

## महिला मंडल ने चलाया हर घर तिरंगा अभियान

**फरीदाबाद।** बीपीटीपी सेक्टर-75 के क्यू ब्लॉक में महिला मंडल ने 'हर घर तिरंगा झंडा' अभियान चलाया। जिसके तहत महिलाओं ने सभी घरों के बाहर तिरंगा झंडा लगाया। इस दौरान तिरंगा झंडे को लेकर एक रैली भी निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने जीप के ऊपर बैठकर तिरंगा को लहराते हुए घरों में पहुंचकर तिरंगा झंडा घरों में लगाते हुए देशप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन कविता ने किया। कार्यक्रम में संयोजक कविता सहरावत, जीप चालक रेणु चौधरी, महिला मंडल की प्रधान सीमा भारद्वाज, रेणु गुप्ता, मिथलेश, अनुपमा, मीता, सोनाली, नुपुर, माया, परमिता ने घर-घर जाकर झंडा लगाया।

## पैर फिसलने से यमुना नदी में डूबकर युवक की मौत

**फरीदाबाद।** गांव शाहजहांपुर में खेत गए युवक की यमुना में डूबने के मामले में डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिहं के निर्देश पर एनडीआरएफ टीम गुरुग्राम व सोनीपत को, डुबे युवक की तलाश के लिए बुलाया था। युवक को आज यमुना में मृत अवस्था में तलाश कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक अपने साथियों के साथ अपने खेत पर किसी काम से गया था। जो युवक के खेत यमुना से सटे हुए होने के कारण युवक का यमुना के किनारे पैर फिसल गया और यमुना में गिर गया। जो साथ गए साथियों ने युवक को बचाने के लिए आवाज लगाई। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने युवक को देखा जो नज़र नही आया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची घटना के संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। थाना प्रबन्धक छायसां की टीम और एनडीआरएफ टीम की सहायता से युवक को आज शाहजहांपुर यमुना एरिया से बरामद कर लिया गया है। मृतक की लाश को पुलिस टीम ने सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले किया है। मृतक राहुल 12वीं पास करने के बाद प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगा था।

## बहन भाई के त्योहार रक्षाबंधन पर तिरंगे से भी प्यार करें



**फरीदाबाद।** हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव पर फ़रीदाबाद उपायुक्त जितेंद्र यादव के आदेशानुसार व चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सुकिर्ती गोयल के निर्देशअनुसार एवं राकेश गौतम जिला जनसंपर्क अधिकारी के सहयोग से आज रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की टीम आजादी के 75 वें आजादी अमृत महोत्सव व बहन भाई के पावन त्योहार रक्षा बंधन पर जागरूक अभियान हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा साईकिल द्वारा अजरोंदां चौक फरीदाबाद से ये मुहिम तुगलकाबाद किले तक जा पहुंची जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में भी बताया गया जैसे की आज रक्षाबंधन का त्योहार है तो सभी भाई बहन इस समय सावधानी से सड़कों पर चले रक्षा बंधन पर बहन अपने भाइयों को तिरंगा के बारे में आपस में जागरुक करें पूरे देश में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक यह तिरंगा महा उत्सव बनाया जाएगा लोगों को ये सन्देश भी दिया गया सड़क पर ध्यान से चले सतर्क रहें हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं बहनों व बच्चों के लिए मुफ्त सुविधा हैं इसलिए ज़्यादा सवारी वाले ऑटो रिक्शा में ना बैठें आज इस मुहिम में बिजेंद्र सैनी, सौरव बिंदल, सन्तोष कुमार व अन्य युवा भी मोजूद रहे।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- रेलवे रोड फरीदाबाद में गुमनाम बलिदानी लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि : सायं-4.30 बजे।
- एनआईटी 1बी ब्लॉक में पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा : शाम 5:30 बजे।
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प : सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**कई** व्यक्तियों के लिए अपने रुपये-पैसे का प्रबंधन करना बहुत मुश्किल होता है। कंपनियों का अध्ययन और उनका विश्लेषण करने के साथ एक ही समय पर विभिन्न प्रतिभूतियों को खरीदने/बेचने के लिए लेनदेन करना कठिन है। म्यूचुअल फंड आपको छोटी सी फीस के बदले पेशेवर फंड मैनेजर की सुविधा देता है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### पेड़ लगाओ जीवन बचाओ



**फरीदाबाद।** वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए 10 अगस्त को रोटरी क्लब एसोसिएशन एवं एपीजे विद्यालय सेक्टर-15 द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनएच-5 में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय एनएच-5 के प्रधानाचार्य करण पाल और एपीजे विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता यादव एवं मुख्य अध्यापिका रितु कंवर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। एपीजे विद्यालय के छात्रों एवं सीनियर सेकेंडरी के छात्रों ने वृक्षारोपण के माध्यम से आम जनमानस को जीवन में वृक्षों के महत्व के बारे में समझाने का सार्थक प्रयास किया।

### क्विक न्यूज

#### जरूरतमंदों को राशन वितरित किया



**फरीदाबाद।** शिवमती धर्मार्थ चेरिटेबल द्वारा एनएच पांच नम्बर स्थित एच ब्लॉक में समाजसेवी स्व. ईश्वरचंद की पुण्यतिथि तथा रक्षा बंधन के मौके पर 51 जरूरतमंदों को राशन, मिठाइयां एवं फल वितरित किए। इस मौके पर स्व. ईश्वरचंद के पुत्र अशोक कुमार गुप्ता व पुत्रवधु एवं शहर की प्रसिद्ध डाक्टर, मॉडल एवं एक्टर विंध्या गुप्ता ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष जरूरतमंदों की सेवार्थ कार्य करती रहती है। कोरोना काल में भी उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों के साथ भोजन तथा खाद्य सामग्री भी क्षेत्र वाइज जाकर वितरित की थी। आगामी माह में स्लम क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों को पाठ्य एवं लेखन सामग्री भी वितरित की जाएगी। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि वह स्लम व कालोनियों में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाते हैं। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाते हैं, ताकि लोगों को समय पर उपचार मिल सकें। इस मौके पर इन्दर कुमार, ज्योति, नियति, सोनू कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# तरक्की तो खूब हुई पर 75 साल बाद भी लोग जूझ रहे हैं समस्याओं से

## बिना योजना के किये गए विकास की वजह से लोग झेल रहे हैं खासी परेशानी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**आने** वाले चंद दिनों में देश की आजादी को 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। जिसे लेकर देश में 75वें अमृत महोत्सव के तहत आजादी का जश्न जोरशोर से मनाने की तैयारी हो रही है। आजादी से दो दिन पूर्व यानी 13 अगस्त से हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। आजादी का दिन सभी के लिए गौरव का दिन है। इन 75 वर्षों के दौरान औद्योगिक नगरी फरीदाबाद ने खूब तरक्की भी की है।

आज शहर के लोग मेट्रो ट्रेन पर सफर कर रहे हैं। बहुमंजिला इमारतों का ग्रेटर फरीदाबाद बस चुका है। लेकिन इस सबके बावजूद आज भी औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। इतने वर्ष गुजर जाने के बाद भी शहर में समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस व्यवस्था नहीं बन पाई है। प्रदेश को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले शहर की गड्ढेदार सड़कों की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। वहीं शहर की इन सड़कों पर आज भी जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर बीके अस्पताल है। जहां सुविधाओं में तो इजाफा हो रहा है। लेकिन डॉक्टरों और कर्मचारियों के अभाव में लोगों को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा। ऐसे में बीमार लोग निजी अस्पतालों से लुट रहे हैं।



एनआईटी के हार्डवेयर चौक पर बने जानलेवा।



बरसात के बाद ऐसे जलमग्न हो जाती हैं शहर की सड़कें।

### तरक्की तो खूब हुई

**आजादी** के बाद इस शहर को विशेष रूप से विभाजन के बाद पाकिस्तान से आए शरणार्थियों के लिए बसाया गया था। इनके लिए बड़े ही सुनियोजित ढंग से शहर बसाया गया था। बाद में यहां लगातार सुविधाओं में भी इजाफा होता रहा। इस दौरान काफी संख्या में उद्योग लगने की वजह से शहर को औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान मिली। इस दौरान अनेक पॉश सेक्टर विकसित किये गए। रोज गार्डन और टाउन पार्क जैसे अनेक उद्यान बनाए गए हैं। वर्ष 2014 में मेट्रो ट्रेन का सफर भी शुरू हो गया। इस बीच नहरपार इलाके में ग्रेटर फरीदाबाद के नाम से एक नया शहर विकसित हो गया। जहां जगह-जगह गगनचुम्बी इमारतों का निर्माण लगातार जारी है। शहर में कूड़े के निस्तारण की समस्या को दूर करने को करीब पांच साल पहले घरों से कूड़ा उठाने का ठेका ईकोग्रीन कंपनी को दिया गया था। इस दौरान घर घर पेयजल पहुंचाने के लिए यमुना किनारे जगह जगह रैनीवैल के कुओं का निर्माण किया गया। आज शहर में खरीदारी के लिए अनेक बाजार, मॉल और ग्रेफ की वर्ल्ड स्ट्रीट मौजूद है।

### समस्याएं आज भी बरकरार

**एक** तरफ देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। शहर की सड़कों की बदहाली दूर करने के लिए अब तक अरबों रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद शहर की ज्यादातर सड़कों पर बने गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। यहां तक कि हाल ही में बसे ग्रेटर फरीदाबाद की सड़कें भी गड्ढों से अछूती नहीं है। गंदे पानी की निकासी के लिए नालों पर अरबों रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन जरा सी बरसात आते ही शहर की सड़कें जलमग्न हो जाती है। ईकोग्रीन कंपनी को करोड़ों रुपये का भुगतान करने के बावजूद शहर में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। वहीं कंपनी द्वारा बंधवाड़ी में खड़े किये गए कूड़े के पहाड़ से पर्यावरण का नुकसान पहुंच रहा है। सीवर की सफाई का लगातार करोड़ों रुपये का भुगतान हो रहा है। लेकिन शहर में ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर न बह रहा हो।



सारन चौक स्थित डिस्पेंसरी के सामने लगा कूड़े का ढेर।

### नहीं बन सका दूसरा अस्पताल

**भारत-पाकिस्तान** विभाजन के बाद यहां शरणार्थियों के लिए बसाए गए शहर में उसी दौरान तत्कालीन सरकार ने 200 बिस्तर वाले बीके अस्पताल की शुरूआत की थी। इस अस्पताल को बने करीब 70 साल गुजरने के बाद भी अब तक रही विभिन्न पार्टियों की सरकारों ने कभी दूसरा अस्पताल शुरू करने का प्रयास नहीं किया। इस दौरान सेक्टर 55 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 50 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण करवाया था। लेकिन इसे आज तक शुरू नहीं किया गया। इस दौरान यहां सभी सुविधाओं से पूर्ण ईएसआई मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है। वैसे तो यह सिर्फ ईएसआई कार्ड धारकों के लिए है। लेकिन यह मेडिकल कॉलेज नहीं होता तो कोरोनाकाल में शहर की काफी दुर्गति होती। आम लोगों के इलाज के लिए शहर में एक मात्र बीके अस्पताल ही मौजूद है। जहां डॉक्टरों और कर्मचारियों का भारी अभाव हमेशा बना रहता है। साथ ही यहां अक्सर दवाईयां तक उपलब्ध नहीं होती है।

### जनता की भागदारी जरूरी है



**समाजसेवी** धर्मपाल कुकरेजा का कहना है कि समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार में आम जनता की भागीदारी बेहद जरूरी है। होने वाले विकास कार्यो की देखरेख की जिम्मेदारी वहीं के वाशिंदों को दी जानी चाहिए। क्योंकि वे अपने लिए होने वालों कामों पर विशेष ध्यान देंगे। जिससे विकास कार्यो में पारदर्शिता बनी रहेगी। सरकार जब तक आम जनता को नहीं जोड़ती, तब तक आजादी सार्थक नहीं होगी।

# जटिल ऑपरेशन कर फेफड़े से निकाला मेटल पार्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ पल्मोनॉजिस्ट डॉ. रोहित मुखर्जी की टीम ने एक महिला फेफड़े का जटिल ऑपरेशन कर लगभग दो सेंटीमीटर का मेटल पार्ट निकाला है। ऑपरेशन के बाद महिला अब पूरी तरह स्वस्थ है। इस सफल ऑपरेशन के लिए अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने टीम को बधाई दी।

वरिष्ठ पल्मोनॉजिस्ट डॉ. रोहित मुखर्जी ने बताया कि ग्रेटर फरीदाबाद निवासी 55 वर्षीय जगदम्बा पिल्लई पिछले कुछ दिनों से दांत में दर्द की समस्या से जूझ रही थी। दो सप्ताह पहले उन्होंने दांत के डॉक्टर से अपना डेंटल प्रोसिजर कराया। प्रोसिजर के दौरान डॉक्टर ने मेटेलिक पार्ट (लोहे का टुकड़ा) मुंह में छोड़ दिया, जो सांस लेने पर राइट साइड के फेफड़े में जाकर फंस गया। यह मेटल पार्ट आगे से नुकीला था। इससे फेफड़े फटने का डर, जानलेवा ब्लीडिंग, फेफड़ों में हवा भर जाने और फेफड़े बंद होने का खतरा बढ़ गया था। इससे महिला की जान भी जा सकती थी। डेंटल प्रोसिजर के बाद महिला को सांस लेने में दिक्कत शुरू हो गई। फेफड़ों में दर्द काफी बढ़ गया। उन्होंने शहर के कई बड़े अस्पतालों में दिखाया। सभी जगह से उन्हें निराशा हाथ लगी। दूसरी तरफ तकलीफ बढ़ती जा रही थी। अंत में वह एकोर्ड अस्पताल पहुंची। प्राथमिक जांच में बीमारी का पता नहीं चला। डॉ. रोहित ने बताया कि अन्य जांच में जगदम्बा के फेफड़े में मेटल का पार्ट फंसे होने की पुष्टि हुई। यह लोहे का पार्ट 2.3 सेंटीमीटर का था। इसके बाद आईसीयू डिपार्टमेंट प्रमुख डॉ. संदीप भट्टाचार्य, डॉ. अशोक के साथ मिल उन्होंने महिला का दूरबीन से ऑपरेशन शुरू किया।

ऑपरेशन के दौरान सबसे बड़ी समस्या यह आई की मेटल की नुकीला टुकड़ा पकड़ में नहीं आ रहा था। बार बार छूट जाता था। लगभग एक घंटा चले ऑपरेशन के बाद पार्ट को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल दिया और सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। डॉ. रोहित ने बताया कि दूरबीन द्वारा ऑपरेशन में ब्लड की जरूरत बेहद कम पड़ती है। मरीज जल्दी ठीक हो जाता है। अस्पताल से भी अगले दिन छुट्टी मिल जाती है। ऑपरेशन के बाद महिला अब पूरी तरह स्वस्थ है।



ऑपरेशन के बाद महिला के संग खड़ी डॉक्टरों की टीम।

# तनु और विजय सिंह को मिला प्रथम स्थान

## स्लोगन लेखन, भाषण और चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएवी** शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर्षोल्लास के साथ मनाए जा रहे स्वतंत्रता दिवस महोत्सव में स्लोगन लेखन, भाषण और चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय सभागार में किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ सुनीति आहूजा तथा डॉ रुचि अरोड़ा रहीं। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

स्लोगन लेखन में प्रथम स्थान तनु धनकड़ द्वितीय कोमल कुमारी तथा तृतीय तमन्ना कौशिक ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अमरजीत ने प्रथम तथा साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में विजय सिंह ने प्रथम, तनु धनखड़ ने द्वितीय तथा रीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ सविता भगत ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभ कामनायें दीं। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक देशवासी का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान रहा। वर्तमान में भी हमारा यही कर्तव्य बनता है कि हम अपनी इस स्वतंत्रता को बनाये रखें। अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। देश सेवा में सदा अपना योगदान देते रहें। तभी जीवन की सफलता है। अपने तिरंगे की आन बान और शान को बनाये रखें। घर घर तिरंगे को फहराएं। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित शर्मा ने एक देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। इन प्रतियोगिताओं के आयोजकों में डॉ नीरज सिंह, डॉ अमित शर्मा तथा मैडम ममता कुमारी रहीं।



डीएवी शताब्दी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथिगण।

# कर्मचारियों को तिरंगे झंडे किए गए वितरित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केसी** प्रशांत पैथ लैब अपना ब्लड बैंक एवं केसी हॉस्पिटल के संचालक डॉ प्रशांत गुप्ता द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए अपने कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए।

इस मौके पर विजिलेंस कमेटी के सदस्य पंकज विरमानी, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक, हरियाणा राज्य ब्लड ब्लड डोनेशन सब कमेटी के सदस्य विनोद जिंदल, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक डॉ प्रशांत गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य रवि कुमार मीणा मुख्य रूप से मौजूद रहे। पंकज विरमानी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान घर-घर तक पहुंचाने के लिए सरकार की यह सराहनीय पहल है वह, इस मौके पर डॉ प्रशांत गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय ध्वज हमारा है हमारे देश का सम्मान है और हमें राष्ट्रीय ध्वज के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए। वहीं इस मौके पर महेश मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय पर्व के सम्मान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए यह अभियान शुरू किया है। सरकार का यह अभियान वह अभियान बेहद ही सराहनीय है। विनोद जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश व हमारे सम्मान का प्रतीक है।



केसी प्रशांत पैथ लैब में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राट्रीय ध्वज वितरित करते अपना ब्लड बैंक व केसी अस्पताल के संचालक प्रशांत गुप्ता।

# हर घर तिरंगा के सफल आयोजन के लिए हुई चर्चा

## मेरी शान और मेरी जान तिरंगा है : एसडीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**डीसी** जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर प्रशासन और शिक्षा विभाग के सहयोग से रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन की टीम ने हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा रैली का सफल आयोजन गत सायं ऊंचागांव के स्कूल प्रांगण में किया गया।

हर घर तिरंगा रैली समारोह की अध्यक्षता एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने की। जबकि एमसीएफ जॉइंट कमिश्नर प्रशांत अटकन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से गंगाशंकर मिश्रा, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी, तरुण शर्मा, जितेंदर बंसल, अरुण त्रिवेदी, सतीश चौधरी, एसएचओ कुलदीप सिंह और स्कूल प्रिंसीपल डॉक्टर कमल सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। जन जागरण समारोह में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुक किया गया। लोगों को बताया गया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगा कर उत्सव मनाएं। तिरंगा हमारी आन, बान, शान और जान है। आगामी 15 अगस्त 2022 सभी लोग अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा जरूर फहराए। स्कूल के बच्चों ने कविताओं के माध्यम से बच्चों को जागरुक किया मेरा देश कैसा होना चाहिए। सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में भी जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि हमारे देश को आज़ाद हुए 75 वर्ष हो चुके हैं। फिर भी लगातार सड़क हादसे कम नहीं हो रहे। आगामी 15 अगस्त 2022 को 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पर हम सब शपथ लें कि सड़क नियमों की पालना करेंगे। कभी भी गाड़ियों से बाहर निकल कर स्टंट नहीं करेंगे। सर्वे से मिली जानकारी के अनुसार देश में हर एक मिनट में एक सड़क दुर्घटना हो जाती है। इसलिए सड़क पर सावधानी से चले।



ऊंचागांव के स्कूल में हर घर तिंरगा को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोक चंद।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**अजब लगती है लेकिन ये हक़ीक़त ज़िन्दगी की है**
**अकड़ किस बात की प्यारे यहाँ हर शय उसी की है**
**कहा दरवेश ने हँसते हुए इस दौर में सुन लो**
**न तो क़ीमत रुपए की है न क़ीमत आदमी की है**

# पुलिस ने की स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड की रिहर्सल

## अन्य विभाग भी समारोह के सफल आयोजन के लिए कर रहे हैं तैयारियां : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव के दिशा-निर्देशो अनुसार सरकार द्वारा जारी हिदायतों पर आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा पुलिस की टुकड़ी सहित अन्य टुकड़ियों ने सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में परेड की रिहर्सल की। वहीं स्कूलों में भी विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए पीटी शो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की।

वहीं आज वीरवार को को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए परेड की रिहर्सल के दौरान सैक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में परेड कमाण्डर एसीपी हैडक्वाटर अभिमन्यु गोयत के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट्स एण्ड गाइड तथा प्रजातंत्र के प्रहरियों ने परेड में भाग लेकर रिहर्सल की गई।

परेड कमाण्डर एसीपी हैडक्वाटर अभिमन्यु गोयत के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस पुरुष की टुकड़ी पीएसआई दीपक लोहान, हरियाणा पुलिस महिला टुकडी पीएसआई सुमन तथा होमगार्ड की टुकड़ी ने एसआई विजेन्द्र सिंह नेतृत्व में रिहर्सल की। वहीं एनसीसी कैडेट के आफिसर यशकुमार, सागर मडाना, स्टुडैन्ट पोलिक क्रेडिट की कृष्णा चौधरी, जोनसन के विश्वजीत, भारत स्काउट्स लीडर विशाल कुमार,भारत गाइड लीडर विक्की कश्यप, हिन्दुस्तान स्काउट्स लीडर सचिन, हिन्दुस्तान गाइड लीडर शिवांगी और प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी के लीडर पवन ठाकुर के नेतृत्व में टीमों द्वारा रिहर्सल की गई। साथ ही विभिन्न विभागों अधिकारी भी अपने विभाग से सम्बंधित स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए निर्धारित मैदान में मुख्य मंच व अतिरिक्त मंच के साथ-साथ आम दर्शकों के बैठने की व्यवस्था पूरी करने की तैयारियां भी जोर शोर से चल रही है।



सेक्टर-12 हेली पैड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होनी वाली परेड की रिहर्सल करते पुलिस के जवान।

# महिलाओं ने परिवहन मंत्री को बांधी राखी

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लबगढ़

**सेक्टर-3** निवासी बंगाल के प्रवासी समाज की बहनों द्वारा प्रदेश के परिवहन मंत्री पं मूलचंद शर्मा और उनके बड़े भाई टिपर चंद शर्मा को सेक्टर-8 कार्यालय पहुंचकर भाई-बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर राखी बांधी। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी बहनों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें इस पवित्र त्योहार की बधाई दी। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी बहनों को आश्वासन दिया कि वे उनके इस बांधे गए पवित्र धागे कि हमेशा लाज रखेंगे। उन्होंने कहा कि यह पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक होता है इसीलिए प्रदेश वासियों और देशवासी इस पवित्र त्योहार को बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इस अवसर पर सोमा सरकार, मौसमी सरकार, रीना बनर्जी संगीता, मुनमुन सेन गुप्ता माधुरी, पोम्पी मजूमदार,संगीता मंडल सभी ने परिवहन मंत्री शर्मा को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र एवम अच्छे स्वास्थ्य और अच्छे राजनेतिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर सेक्टर-3 के अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।



सेक्टर-8 में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को राखी बांधती बंगाल के प्रवासी समाज की बहनें।

# धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन, बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी रक्षा की डोर

## पर्व को लेकर बहनें सुबह से ही उत्साहित नजर आईं

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र


भाई की कलाई पर राखी बांधती बहन।

**जिलेभर** में वीरवार को रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर पवित्र त्योहार को मनाया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिया। सुबह से ही पर्व को लेकर बहनें उत्साहित नजर आईं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी आयु की कामना की।

पर्व को लेकर बाजारों में आवाजाही देखी गई। महिलाओं ने राखियों की खरीदारी की व मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ दिखाई दी। रक्षाबंधन के त्योहार को लेकर यहा बाजारों में खूब रौनक रही। महिलाओं व छोटे बच्चों में इस पर्व को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। भद्रा के कारण राखी का त्योहार सुबह की अपेक्षा दोपहर बाद ही कई स्थानों पर मनाया गया। राखी का पावन बाजारों में रूद्राक्ष, मोती चंदन, बच्चों के खिलौनों, कार्टूनों, शक्तिमान व चाईनीज की राखियों की धूम मची रही। मार्केट में पांच रुपये से लेकर 300 रुपये तक की राखिया मिल रही थी। दुकानदार प्रेम सिंह, राम मेहर, योगेश, कुलदीप, गोल्डी, सुभाष, रमेश गुप्ता ने बताया कि अब की बार चाइनीज राखिया व ब्रेसलेट भी खूब बिके है। इन दुकानदारों ने बताया कि इस बार लोगों में पहले की अपेक्षा काफी उत्साह देखने को मिला।

## बहनों ने भाई की कलाई पर बांधा प्यार

**बहनों** ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है। भाई बहन के प्रेम के इस पवित्र त्योहार पर कहीं बहनें अपने भाइयों के पास राखी बांधने पहुंचीं, तो कहीं भाई राखी बंधवाने अपनी बहन की दहलीज पर पहुंचा। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर उनकी लंबी आयु की कामना की और रक्षा का वचन लिया। इस दौरान भाइयों और बहनों ने नए-नए कपड़े पहनकर त्योहार का आनंद लिया। बहनों ने मिठाई खिला कर भाइयों का मुंह मीठा किया। राखी बांधने के बाद भाइयों ने बहनों को उन्हें विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान किए। इस पावन अवसर पर घरों में अच्छे-अच्छे पकवान भी बनाए गए।

## पौधों को रक्षा सूत्र बांध मनाया रक्षाबंधन


पौधों को रक्षा सूत्र बांधते हम फाउंडेशन के स्वयंसेवक।

**कुरुक्षेत्र।** हम फाउंडेशन सामाजिक संस्था के स्वयंसेवकों ने पौधों को रक्षा सूत्र बांध कर रक्षा बंधन का पवित्र त्योहार मनाया। उन्होंने पौधों की रक्षा व उनकी देखभाल का संकल्प लिया। संस्था के अध्यक्ष संजय चौधरी ने बताया कि रक्षा बंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार है जिसमें भाई अपनी बहन की रक्षा करने का संकल्प लेता है। उसी तरह हम सबको पौधों को अपना पारिवारिक सदस्य मानकर उसकी रक्षा करने का संकल्प लेना पड़ेगा। जिस हिसाब से धरती का तापमान बढ़ता जा रहा उसके कारण बड़ी अनहोनी कभी घट सकती है। हमें उससे बचने के लिए पर्यावरण संरक्षण करने की जरूरत है। प्राकृतिक संसाधनों पर कम से कम निर्भर रहना पड़ेगा। पेड़ पौधों, पहाड़ों, नदियों व खनिज पदार्थों का अधिक से अधिक संरक्षण करना पड़ेगा। इसी जागरुकता के लिए हम फाउंडेशन हर वर्ष पौधों को रक्षा सूत्र बांध कर यह त्योहार मनाता है। आयोजन में रेखा कल्याण, विश्वास, वेदिका, हिपिशीता, भाव्य, श्याम रावत, विकास शर्मा और राकेश वर्मा आदि ने रक्षा सूत्र बांधे।

जबरन तिरंगा झंडा देने के विवाद के बाद

# डीएफएससी ने चलाया चेकिंग अभियान डिपो होल्डर बांट रहे नि:शुल्क तिरंगा

## विभाग द्वारा डिपो होल्डरों को भेजे गए 84 हजार से अधिक तिरंगा झंडा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**गत** दिनों करनाल के एक डिपो होल्डर द्वारा जबरन तिरंगा झंडा देने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया। प्रशासन की सख्ती के बाद अब डिपो होल्डर लोगों को नि:शुल्क तिरंगा झंडा बांट रहे हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग के डीएफएससी कुशल बूरा लगातार हर डिपो पर निगरानी रखे हुए हैं। डीएफएससी ने स्पष्ट कर दिया है कि डिपो पर आने वाले सभी लोगों को नि:शुल्क तिरंगा झंडा दिया जाए। प्रशासन की ओर से विभाग को करीब 84 हजार से अधिक तिरंगा झंडे दिए गए हैं, जिन्हें लोगों में बांटा जा रहा है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि एक डिपो होल्डर द्वारा जबरन तिरंगा झंडे के देने की सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर जांच के बाद डिपो होल्डर का लाइसेंस रद्द कर दिया है। वे लगातार हर डिपो पर जाकर निगरानी कर रहे है, स्वयं लोगों को तिरंगा झंडे बंटवा रहे हैं। उन्होंने सभी डिपो होल्डर से चेतावनी दी है कि वे उपलब्ध तिरंगा झंडे को नि:शुल्क उपलब्ध कराएं। अब किसी प्रकार की कोई शिकायत सामने नहीं आई है।

वहीं डिपो होल्डर एसोसिएशन घरौंडा ने शहर में नि:शुल्क तिरंगे बांटने का अभियान शुरू किया है। अभियान का शुभारंभ जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी कुशलपाल भूरा ने किया। डिपो होल्डर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अजय सिंगला के डिपो पर झंडे वितरण किए गए। वहीं डिपो एसोसिएशन के प्रधान रणबीर सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव में एसोसिएशन की ओर से तिरंगे झंडे नि:शुल्क बांटने का लक्ष्य रखा हुआ है। डिपो से कोई भी व्यक्ति तिरंगा झंडा ले सकता है। वहीं चांद सराए के डिपो होल्डर टिंकू ने बताया कि उन्होंने 440 तिरंगा झंडे बांटे हैं, लाभार्थियों से कोई पैसा नहीं लिया जा रहा है। राष्ट्रीय ध्वज हमारी शान का प्रतीक है।


चेकिंग के दौरान लोगों को तिरंगा झंडा देते डीएफएससी कुशल पाल बूरा।

### लाभार्थियों ने कहा, नि:शुल्क मिल रहा तिरंगा झंडा

**लाभार्थी** अकबरी ने कहा कि डिपो होल्डर से फ्री तिरंगा झंडे दिए जा रहे हैं, अगर पैसे देने भी पड़े तो कोई दिक्कत नहीं है। क्योंकि तिरंगा झंडा हमारी शान है। डिपो होल्डर से उन्हें कोई परेशानी नहीं है, समय पर राशन मिल जाता है, यहीं नहीं जब भी राशन की जरूरत होती तो किसी भी समय आकर राशन ले जा सकते हैं। चांद सराय निवासी महाबीर ने बताया कि चांदसराय ही नहीं हिंदुस्तान में तिरंगा झंडा फ्री सरकार द्वारा देना चाहिए, तिरंगा बिकने वाली चीज नहीं है। ये हमारा शान है, कई बार किसी की जेब में पैसे नहीं होते हैं। सरकार अगर हर 15 अगस्त पर हर घर जाकर नि:शुल्क तिरंगा दे तो हमारे देश की कितनी इज्जत बढ़ेगी, लोगों में जुनुन पैदा होगा। उन्होंने कहा कि हम हर साल अपने पैसों से तिरंगा लेकर घरों पर लगाते हैं। इस बार डिपो होल्डर द्वारा नि:शुल्क तिरंगा झंडा दिया है, जो उन्हें काफी अच्छा लग रहा है।

### पता किया झंडे के बदले पैसे तो नहीं लिए

**डीएफएससी** कुशल पाल बूरा ने करनाल शहर के रामनगर, प्रेमनगर में स्वयं जाकर चेक किया कि कहीं कोई डिपो होल्डर लोगों से तिरंगा झंडा के बदले कोई पैसे तो नहीं ले रहा। लोगों के साथ बातचीत की गई कि उन्हें तिरंगा झंडा मिल रहा या नहीं। लोगों ने बताया कि उन्हें डिपो होल्डर नि:शुल्क तिरंगा झंडा उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे उन्हें काफी खुशी हो रही है, सरकार की पहल सराहनीय है। वे भी अपने घरों पर जाकर तिरंगा फहराएंगे। डीएफएससी ने कहा कि उन्हें कही से भी कोई शिकायत नहीं मिली है, सभी को सरकार की हिदायतों अनुसार नि:शुल्क तिरंगा झंडा उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर एएफएसओ राजेंद्र कुमार, इंचार्ज कप्तान सिंह, इंसपेक्टर विनोद, डिपो होल्डर एसोसिएशन करनाल प्रधान धर्मेंद्र चावला सहित अन्य मौजूद रहे।

## भद्रकाली शक्तिपीठ ने 40 फुट की राखी से दिया संविधान में मौजूद मौलिक कर्तव्यों को निभाने का संदेश


भद्रकाली शक्तिपीठ में 40 फुट की राखी के साथ विधायक सुभाष सुधा व अन्य।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ देवीकूप भद्रकाली मंदिर में रक्षा बंधन का त्योहार इस बार भव्य स्तर पर मनाया गया। त्योहार शक्तिपीठ में सैकड़ों हजारों सालों से परम्परा के तौर पर मनाया जाता रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के इस पावन वर्ष में इस बार भारत देश की, कुरुक्षेत्र वासियों की भाईचारा व एकता बनाए रखने के लिए इस कार्यक्रम को सार्वजनिक रूप से, धार्मिक मान्यताओं को सम्मान देते हुए, लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करके रक्षा बंधन मंदिर परिसर में मनाया गया। मंदिर में महिला मंडल द्वारा संकीर्तन शुरू किया गया।

मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने मुख्यातिथि थानेसर के विधायक सुभाष सुधा को मां की शक्ति चुनरी से सम्मानित किया गया। मां भद्रकाली सेवक मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया ने मां भद्रकाली को हरियाणा की पहचान तीन फुट की तिरंगा राखिनुमा फिरनी भेंट की। इस मौके पर विशेषतौर पर रक्षाबंधन के महत्व को दर्शाती श्रीकृष्ण व द्रौपदी की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष नरेंद्र वालिया की अगुवाई में नगर देवी मां भद्रकाली को नगर की सुरक्षा के लिए समस्त सेवक मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में 40 फुट की राखी मां भद्रकाली को समर्पित की। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा व अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया ने बताया कि इस बार मंदिर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम व 18 अगस्त को रात्रि 9 से 12 बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर शिमला देवी, नरेंद्र वालिया, हेमराज शर्मा, देवेंद्र गर्ग, सुनील शर्मा, हाकम चौधरी, एमके मौदगिल, अनिल मास्टर, रामपाल लाठर, आशीष दीक्षित, संजीव मित्तल, सतीश शर्मा, विशु संधू, डॉ. पवन के दीवान, लाल राम सिंगला, दिनेश कंसल, दिनेश वर्मा, कुलदीप मान, संजीव पुनेनी, विजय रत्न अग्रवाल, विकास बंसल, वीपी वर्मा, नीरज गुप्ता, सुरभि अदलखा आदि सेवक अपनी बहनों के साथ उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### छात्र को कर्तव्यनिष्ठ बनाता है उपनयन संस्कार : डॉ. विद्यालंकार

**कुरुक्षेत्र।** सनातन वैदिक संस्कृति में उपनयन संस्कार का बड़ा महत्व है। यह संस्कार ब्रह्मचारी को तीन ऋणों का स्मरण कराता है जिससे उऋण होने के लिए विद्यार्थी को अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठ और मेहनती बनने के लिए आचार्य प्रेरित करता है। यह बात गुरुकुल कुरुक्षेत्र के जिमनेजियम हॉल में आयोजित उपनयन संस्कार एवं वृक्षारोपण संस्कार में उपस्थित अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, ओएसडी टू गवर्नर गुजरात ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को कर्मशील और कर्त्तव्यनिष्ठ होना चाहिए क्योंकि हमेशा कर्मशील लोगों ने ही इतिहास लिखा है। उन्होंने कहा कि असफलता का कारण हाथों की लकीरों में नहीं बल्कि मनुष्य की अकर्मण्यता है, भाग्य के भरोसे बैठे रहने वालों के हिस्से में ही असफलता आती है। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक कर्नल अरुण दत्ता, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य लेखा अधिकारी सतपाल देशवाल भी मौजूद रहे।

### राखी मेकिंग प्रतियोगिता में पलक व शहनाज रही प्रथम



**कुरुक्षेत्र।** उदयन केयर आईटी सेंटर कुरुक्षेत्र में रक्षाबंधन के उपलक्ष में आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पांचाल, उदयन केयर संस्था कुरुक्षेत्र की संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा रहीं। सेंटर में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर ने सभी छात्राओं को बेहद आसान तरीके से राखी बनाने के टिप्स दिए। उन्होंने छात्राओं को मोती धागों व रिबन से राखी बनाना सिखाया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पलक और शहनाज व दूसरे स्थान पर साक्षी और निहारिका और तीसरा स्थान गुरलीन, राधिका व जानवी ने प्राप्त किया। डॉ. सुषमा शर्मा ने रक्षाबंधन के महत्व को बताते हुए कहा कि इस त्योहार के दिन बहन अपने भाई को राखी बांधती हैं। कार्यक्रम में आईटी ट्रेनर गीतांजलि व सॉफ्ट स्किल ट्रेनर एकता ने अहम भूमिका निभाई।

### ज्ञान मंदिर के भवन पर प्रकाश उत्सव समारोह आज



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में निमार्णाधीन 18 मंजिला ज्ञान मंदिर पर आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार एवं सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए ट्रस्ट की कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली स्थित कार्यालय में संस्था के चेयरमैन सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 अगस्त की शाम को 7 बजे ज्ञान मंदिर के भवन पर प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा मंदिर की 18 मंजिलों को रोशनी से जगमग किया जाएगा। संस्था के महामंत्री सुभाष बिंदल ने बताया कि जागरुकता अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र जिला के आसपास तरावड़ी, निसिंग, चीका, पिहोवा, पुंडरी व कैथल मंडियों में दौरा करके ज्यादा से ज्यादा जनमानस को ज्ञान मंदिर के साथ जोड़ा जाएगा। संस्था के प्रधान राजेश गोयल ने बताया कि आजादी के इस अमृत महोत्सव की शुभ बेला पर प्रकाश स्तंभ की तरह ज्ञान मंदिर जगमगाएगा।

### भाइयों को राखी बांधकर की दीर्घायु की कामना



**सोनीपत।** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व वीरवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। बसों व ट्रेनों में भीड़ देखी गई और महिलाएं अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए उत्साह से दूरदराज के क्षेत्रों से यात्रा करती दिखाई दी। राज्य परिहवन की बसों में महिलाओं के लिए आज यात्रा नि:शुल्क होने के चलते भी आम दिनों की बजाय ज्यादा भीड़ दिखाई दी। वहीं अपने वाहनों से जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रोहतक रोड स्थित रोहट गांव के पास टोल पर जाम की स्थिति बनी रही। बाजारों में भी मिठाई और उपहारों की दुकानों पर दिनभर खरीदारों का तांता लगा रहा। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया तथा कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार व नकदी भेंट की। रक्षाबंधन के कारण सुबह से ही बस अड्डे व रेलवे स्टेशन पर महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही। प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा रोडवेज की बसों में महिलाओं का किराया माफ किए जाने से बसों में काफी भीड़ रही। रक्षाबंधन के चलते शहर के बाजार में दिनभर चहल पहल रही। रेशम, मोली, मोती, रुद्राक्ष, चंदन व स्वास्तिक जैसे न जाने कितनी सुंदर चीजों को धागे के साथ जोड़कर राखियां सजाई गई हैं।

## हर घर तिरंगा अभियान को बनाएं जन अभियान : अरविंद कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



कर्मचारियों को संबोधित करते सरस्वती हेरिटेज सर्कल से सुपरीडेंट इंजीनियर व अटल जल योजना रीजनल अधिकारी अरविंद कौशिक।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सरस्वती हेरिटेज सर्कल में मीटिंग का आयोजन किया। सरस्वती हेरिटेज सर्कल से सुपरीडेंट इंजीनियर व अटल जल योजना रीजनल अधिकारी अरविंद कौशिक ने मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए सभी सर्कल स्टाफ, अटल भूजल योजना के अंतर्गत डीपीएमयू स्टाफ व एग्जॉल्ट सोसाइटी के अंतर्गत कार्यरत डीआईपी टीम से कहा कि हमें हर घर तिरंगा अभियान को जन अभियान बनाना होगा।

आज संपूर्ण विश्व भारत की प्रभुसत्ता अखंडता और एकता को देख रहा है इसी के तहत हमें इस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनना होगा और ज्यादा से ज्यादा धरातल पर पर प्रचार प्रसार करें। इस मौके पर ऑफिस स्टाफ सी ब्रांच से राकेश कुमार एसडीसी, जगदीश चंद्र असिस्टेंट, ओमप्रकाश अकाउंट क्लर्क, अशोक कुमार क्लर्क, संदीप सिंह क्लर्क, ड्राइंग ब्रांच से अमित कुमार डिविजनल हेड ड्राफ्टमैन, विवेक कुमार क्लर्क के अलावा अनिल कुमार, अक्षय अटल भूजल डीपीएमयू से सूचना संचार विशेषज्ञ डॉ. सतविन्द्र टाया व ग्राउंड वाटर एक्सपर्ट कमलेश कुमार, एग्जॉल्ट सोसाइटी फील्ड ऑफिस डीआईपी टीम से ग्राउंड वाटर एक्सपर्ट, डॉ. नवीन कुमार, बारुराम, शंकर एग्रीकल्चर एक्सपर्ट, आईईसी एक्सपर्ट अजय कुमार, रामफल, गुरमीत, रेणु, कंजर्वेशन एक्सपर्ट सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## हर नागरिक के अंदर देशभक्ति की ज्वाला जलनी चाहिए

### राजीव जैन ने सेक्टर 14 आदर्श कुंज सोसाइटी में घर-घर जाकर तिरंगा बांटे

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


हर घर तिरंगा अभियान के तहत सेक्टर 14 में लोगों को तिरंगा देते राजीव जैन।

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री और पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रक्षाबंधन के पर्व पर सेक्टर 14 आदर्श कुंज सोसाइटी में घर-घर जाकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय धवज वितरित किये और ध्वज लगाकर असंख्य शहीदों को श्रद्धांजलि देने की अपील की।

राजीव जैन ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने से शहीदों के साथ-साथ बर्फ की चोटियों, रेगिस्तान, समुंदर के पानी और गहरे वन क्षेत्र में भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों को भी गर्व महसूस होगा कि संकट में देश का हर नागरिक उनके साथ खड़ा है।

उन्होंने कहा कि तिरंगा ध्वज वर्षों के संघर्ष का गवाह है, देश को वह भयावह दिन दोबारा ना देखने पड़ें इसके लिए हर नागरिक के अंदर देशभक्ति की ज्वाला जलती रहनी चाहिए। राजीव जैन ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष में पहली बार हर नागरिक ध्वज फहराने को आतुर है, परंतु हमें तिरंगे के मान-सम्मान के नियमों का भी पालन करना होगा। उन्होंने इस अभियान के लिए सोसायटी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में सुरेंद्र मदान, विनोद जैन, ओम प्रकाश नागपाल, तारा चंद, ओम प्रकाश झांब, रणधीर सिंह, विजय दंग, विनोद कुमार वर्मा, अनील ठकराल, मनोज गंभीर, अजय राई, कमल कुकरेजा, विभोर वधवा, सुधीर नागपाल, मुकेश चावला और रविंद्र कुकरेजा काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

शब्द हैं जो सहारा देते हैं,
शब्द हैं जो इशारा देते हैं,
जब जिंदगी मंझधार में फसती है,
शब्द हैं जो किनारा देते हैं।

## रिपॉस ने एक अनूठे एनर्जी फिनटेक प्लेटफॉर्म को किया लॉन्च, डेटम टेक टूल के जरिये ऊर्जा वितरण के क्षेत्र में क्रांति लाने का प्रयास

### टेक्नोलॉजी की मदद से ऊर्जा वितरण के क्षेत्र में आएगी क्रांति

पायनियर समाचार सेवा। हिसार



**रिपॉस** को भारत में जन-जन तक विभिन्न तरह की ऊर्जा पहुंचाने के मामले में एक अग्रणी कंपनी के तौर पर देखा जाता है. कंपनी के 2000 से अधिक साझेदार हैं और कंपनी देश के 220 से भी अधिक शहरों में कार्यरत है। फिनटेक के तहत रिपॉस ने रिपॉस पे को लॉन्च कर दिया है जो एक अनूठा एनर्जी क्रेडिट फिनटेक प्लेटफॉर्म है। इससे ऊर्जा के वितरण के क्षेत्र में एक क्रांति आ जाएगी। रिपॉस ने अपने नवीनतम टेक्नोलॉजी टूल डेटम को हाल ही में हिसार में लॉन्च किया।

इस सिटी लॉन्च के मौके पर ट्रांसपोर्टर, ओईएम अफसर और बैंकर भी मौजूद थे। गौरतलब है कि रिपॉस आपूर्ति और मांग की खाई को कम करने की दिशा में कार्यरत है और डेटम के माध्यम से डिजल से शुरू करते हुए उपभोक्ताओं के दरवाजे तक ईंधन पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

रिपॉस पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल ऊर्जा की वितरण प्रणाली के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है जो इस लॉन्च से पूरी तरह से स्पष्ट हो जाता है। रिपॉस आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से सभी तरह की ऊर्जा को एंड कंज्यूमर के दरवाज़े तक पहुंचाने संबंधी ठोस व्यवस्था कर राष्ट्रीय निर्माण में अपना योगदान देने के लिए तैयार है।

रिपॉस के संस्थापक और सीईओ चेतन वालुंज कहते हैं, हिसार जैसे शहर में रिपॉस पे को लॉन्च करने का मुख्य मकसद छोटे शहरों में बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों की सेवाओं से वंचित लोगों तक अत्याधुनिक वित्तीय उत्पादों को पहुंचाना है। रिपॉस पे के जरिए हम निवेशकों को हाई-कैप मार्केट में एंट्री दिलाने में पूरा सहयोग करेंगे और साथ ही पर्यावरणीय संरक्षण के लिहाज से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देंगे। जहां एक ओर मोबाइल ऊर्जा वितरण में तेजरफ्तारत तरीके से बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है, वहीं इस सेक्टर में अधिकत्तर निवेशकों के लिए निवेश के किफायती अवसर नदारद हैं। नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी ढांचागत सुविधाएं काफी महंगी हैं और इसका प्रबंधन करना भी इतना आसान नहीं है। एक एग्रेगेटर कंपनी के तौर पर हम निवेश के आकार को नीचे लाकर इस समस्या को हल करने के लिए प्रयत्नशील हैं।

रिपॉस के को-फाउंडर और चीफ फिनटेक ऑफिसर अपराजित सुब्रह्मण्यम ने इस मौके पर कहा, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस रिपॉस पे ईंधन खरीदने वाले उपभोक्ताओं की मांग की ही आपूर्ति नहीं करता है, बल्कि ऋण प्रदान करने वाले बैंकों NFBC's और फिनटेक कंपनियों के लिए कर्ज प्रबंधन प्लेटफॉर्म के तौर पर भी काम करता है।

## जेपीएल ने किया ताप विद्युत संयंत्रों के सस्टेनेबल एफजीडी परिचालनों पर चर्चा के लिए भारत की प्रमुख विद्युत कंपनियों को एकजुट

पायनियर समाचार सेवा। झज्जर



**अप्रावा** एनर्जी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी झज्जर पावर लिमिटेड (जेपीएल) ने अपनी तरह की पहली फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन ऑपरेशंस एंड मेंटीनेंस कांफ्रेंस का आयोजन किया जिसमें भारत के विद्युत क्षेत्र के लिए नवपरिवर्त, जानकारियों के आदान-प्रदान, विशेषज्ञता के आदान-प्रदान तथा मूल्य सृजन के बारे में विचार-विमर्श के साथ-साथ संयुक्त रूप से अवसरों को टटोला गया। इस सम्मेलन का आयोजन जेपीएल परिसर में किया गया और इसमें प्रमुख विद्युत उत्पादकों तथा वैल्यू चेन पार्टनर्स को एकजुट किया गया।

इस सम्मेलन का उद्घाटन मैल्कम रिग्ली, सीओओ, अप्रावा एनर्जी ने अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों जैसे नवीन मुंजाल, डायरेक्टर- बीडी एवं कॉमर्शियल, अप्रावा एनर्जी; सोमेश बंदोपाध्याय, सीईओ, एपीसीपीएल एवं भास्कर भट्टाचार्जी, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट -ओ एंड एम, जेपीएल की उपस्थिति में किया। फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन टैक्नोलॉजी रिफाइनरीज तथा विद्युत संयंत्रों से सल्फर डायऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाकर प्राकृतिक इकोसिस्टम एवं मानव समुदायों पर इनके प्रतिकूल प्रभावों को घटाने में योगदान करती है। फिलहाल दिल्ली-एनसीआर में जेपीएल इकलौता ऐसा ताप विद्युत संयंत्र है जिसमें एफजीडी टैक्नोलॉजी लगायी गई है, जो कि संयंत्र में 2012 से ही संस्थापित है। इस संयंत्र ने अपनी एफजीडी यूनिट की मदद से 6.64% की न्यूनतम ऑग्जिरी पावर कंजम्पशन तथा विशिष्ट तेल खपत 0.23 ml/kWh और 100% राख उपयोगिता दर्ज की है।

इस अवसर पर, मैल्कम रिग्ली, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, अप्रावा एनर्जी ने कहा, आज के बाजारों के प्रतिस्पर्धी वातावरण में, प्रोजेक्ट्स और बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की दौड़ स्वाभाविक है। लेकिन इसी के बीच एक अलग प्रकार की दौड़ भी संभव है, यह दौड़ ऐसी है जो भारत के लोगों और यहां के वातावरण के लिए फायदेमंद साबित होगी। आज हमारे लिए जेपीएल में यादगार और गर्व का अवसर है, और हम इस मौके पर उन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमें इसे सफल बनाने में मदद दी है। हम सामाजिक रूप से जिम्मेदार संगठन हैं, और हम सभी के लिए बेहतर तथा अधिक हरा-भरा भविष्य बनाने की राह सुगम बनाने के उद्देश्य से विद्युत उद्योग की अग्रणी कंपनियों को एकजुट करने पर प्रसन्नता महसूस कर रहे हैं।

भास्कर भट्टाचार्जी, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट ओ एंड एम, जेपीएल ने कहा, इस सम्मेलन का मकसद विभिन्न विद्युत उत्पादन इकाइयों के प्रतिनिधियों को एफजीडी ओ एंड एम से संबंधित जानकारियों की समझ को साझा करने एवं उनका प्रसार करने के लिए एक मंच पर एकजुट करना है। ऐसा करना हम सभी के निरंतर विकास के लिए जरूरी है।

# बंदी सिखों की रिहाई के लिए कल प्रदर्शन करेगी एसजीपीसी

## लघु सचिवालय पर प्रदर्शन के बाद प्रशासन को सौंपा जाएगा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


मीटिंग के बाद रोष प्रदर्शन को लेकर जानकारी देते कवलजीत सिंह अजराना व विभिन्न जत्थेबंदियों के प्रतिनिधि।

**देश** भर की विभिन्न जेलों में सजा काट चुके बंदी सिखों की रिहाई को लेकर अब सिखों की सर्वोच्च संस्था एसजीपीसी रोष प्रदर्शन करेगी। इसी निर्णय के तहत 13 अगस्त को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के कर्मचारियों द्वारा रोष प्रदर्शन कर जिलाधीश को ज्ञापन दिया जाएगा।

रोष प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में सिख जत्थेबंदियों की एक बैठक भी हुई, जिसमें विशेष तौर पर शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, एसजीपीसी धर्म प्रचार कमेटी के हरियाणा से मैंबर तजिंदर पाल सिंह, शिअद के प्रदेश महासचिव सुखजिंदर सिंह मसाना, सिख मिशन हरियाणा के प्रभारी ज्ञानी मंगप्रीत सिंह, सहायक प्रभारी जसबीर सिंह लौगोंवाल, गुरुद्वारा साहिब के मैनेजर अमरिंदर सिंह व शहरी प्रधान तजिंदर सिंह मक्कड़ ने जत्थेबंदियों के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श किया। शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि पंजाब सहित देश की अलग-अलग जेलों में सजा पूरी होने के बावजूद बंद है, जिनकी रिहाई के लिए वर्तमान सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। इसलिए एसजीपीसी अब इसके खिलाफ आंदोलन करने पर विवश हुई है।

उन्होंने बताया कि संस्था ने यह निर्णय लिया है कि हरियाणा में भी कर्मचारी प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन देंगे, जिसमें बंदी सिखों की रिहाई की मांग की जाएगी। अजराना ने कहा कि देश को आजाद करवाने में सबसे अधिक कुबार्नी देने वाले सिखों को कभी भी न्याय नहीं मिला। समय-समय पर सरकारों ने सिखों को दबाने के लिए औछे हथकंडे अपनाए है। सिखों को हमेशा दूसरे दर्जे का शहरी माना गया है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण सजा काटने के बाद भी सिख कैदियों को रिहा न किया जाना है। सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के प्रभारी ज्ञानी मंगप्रीत सिंह ने बताया कि 13 अगस्त को गुरुद्वारा साहिब से एसजीपीसी कर्मचारी व सिख संगत रोष मार्च निकालते हुए लघु सचिवालय पहुंचेगी और वहां डीसी को ज्ञापन दिया जाएगा। मैनेजर अमरिंदर सिंह ने जत्थेबंदियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक एसजीपीसी के रोष प्रदर्शन निर्णय का प्रचार-प्रसार करें, ताकि बंदी सिखों की रिहाई के खिलाफ आवाज बुलंद की जा सकें। बैठक में हरियाणा सिख परिवार, श्री गुरु तेग बहादुर सेवक जत्था, बाबा मक्खन शाह सेवा सोसायटी, श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवक जत्था, श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी, बाबा बंदा सिंह सेवक जत्था सहित अन्य जत्थेबंदियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 13 को निकलेगी : त्रिलोचन सिंह

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर करनाल जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा करनाल विधान सभा क्षेत्र मे 13 अगस्त को भारत जोड़ो यात्रा निकाली जायेगी। इसकी तैयारियों के लिए पी डब्ल्यूडी रेस्ट हाउस मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक का आयोजन गया।

बैठक में जिला प्रभारी तथा पूर्व विधायक लहरी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा मे सबसे आगे तिरंगा ध्वज लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता चलेगा। उसके पीछे कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस का झण्डा लेकर चलेंगे। यात्रा के लिए सुबह साढ़े नौ बजे करनाल मानव सेवा संघ पार्क ( नजदीक करनाल बस स्टैंड) में एकत्रित होंगे। वहां से शुरू हो कर बस स्टैंड, पुराना गोपी नाथ से वाल्मीकि चौक (कमेटी चौक), से होते हुए कर्ण गेट, सर्राफा बाजार, चौड़ा बाजार, सिटी थाने के सामने से होते बांसों गेट, पुरानी अनाज मंडी , नावल्टी रोड, कर्ण ताल पार्क से सदर बाजार, गांधी चौक, इब्राहिम मंडी चौक से, मूनक रोड पुल के नीचे से शिव कालोनी माता के मंदिर से होते हुए, शिव कालोनी, मैन बाजार होते हुए कैथल रोड से प्रेमनगर, मुख्यमन्त्री निवास से अग्घी पार्क के सामने से राम नगर मैन बाजार, से कछवा रोड से पुल के साथ घूम कर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद उषा तुली के निवास/ कार्यालय पर पहुंचेगी। इस यात्रा का यहां समापन होगा।

मौके पर जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, ओम प्रकाश सलूजा, जोगेंद् वाल्मीकि, धर्मपाल कौशिक, मनिंदर शेन्टी, जोगेंद चौहान, राजेंद्र पप्पी, भूपेंद्र लाठर, अरुण पंजाबी, राज किरण सहगल, एम एस महेंद्रु, सुरजीत सैनी, अंशुल चौधरी, अशोक जैन, जागीर सैनी, अनिल शर्मा, दिनेश सेन, राजेंद्र नम्बरदार, सुनेहरा वाल्मीकि,परम जीत वाल्मीकि,नरेश संधू, गगन मेहता, दया प्रकाश, जितेंद्र पंचाल, मीनू दुआ, दीपक गजोहडी, कृष्ण गहलोत आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### रक्षाबंधन पर धागा राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी बांधे: सूरजभान


सूरजभान कटारिया को राखी बांधती बहन।

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने निवास पर सभी पारिवारिक एवं सामाजिक मातृशक्ति बहनों को अमृतमयी रक्षाबंधन दिवस की हार्दिक मंगलकामनाएं दी है। उन्होंने रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर आह्वान किया कि एक धागा राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी बांधे, जिसमें समरस्ता, राष्ट्र प्रगति, समृद्धि, आरोग्य एवं राष्ट्र की अखंडता का भाव समाया हो। इस अवसर पर कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की प्रतिनिधि महिलाओं ने सूरजभान कटारिया को राखी बांध कर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

### सीआपीएफ केंद्र से किया जाएगा साइकिल रैली का आयोजन

**सोनीपत।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में तिरंगे की आन-बान-शान के लिए देशभर में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप केन्द्र सोनीपत द्वारा 13 अगस्त को सुबह 9 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए सांसद रमेश कौशिक करेंगे। इसके अलावा साइकिल रैली की अध्यक्षता केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पश्चिमोत्तर सेक्टर महानिरीक्षक मूलचंद पंवार करेंगे। यह जानकारी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सोनीपत ग्रुप केन्द्र के उप-महानिरीक्षक महेन्द्र कुमार ने दी। उप-महानिरीक्षक महेन्द्र कुमार ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के प्रति स्थानीय लोगों में जागरूता एवं प्रोत्साहन करने के लिए इस साईकिल रैली में जिला के अनेक गणमान्य व्यक्ति, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान, डीएवी पब्लिक स्कूल गन्नौर, दिल्ली पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापकगण एवं छात्र भाग लेंगे।

### 15 व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव



**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अब तक कुरुक्षेत्र में 7 लाख 32 हजार 896 लोगों की कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। कुरुक्षेत्र में अब तक 27102 कोविड मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 102 मरीज एक्टिव है। जिले में ओमिक्रोन वेरिएंट के 158 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए है, जिनमें से 105 मामले अभी तक सामने आए थे। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अभी तक लिए गए 760559 में से 732896 सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। इस प्रकार जिले में अलग-अलग स्थानों से कुल 208 कोविड के सैंपल लिए गए है जिसमें आरटी पीसीआर के 141, रैपिड एंटीजन के 67 सैंपल शामिल है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी रेट 98.18 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट 3.63 पर है। इस प्रकार अब जिले में कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 102 है। वीरवार को 15 व्यक्तियों की रिपोर्ट कोविड पॉजिटिव आई है और 32 मरीज को रिकवर होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इस प्रकार अब तक 27605 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है और अब तक 27102 मरीज ठीक होकर घर जा चुके है तथा अब तक कोरोना पॉजिटिव 401 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। कोविड पॉजिटिव 94 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है और 8 मरीजों को अस्पताल में रखा गया है।

# रक्षाबंधन भाई-बहन के प्यार का त्यौहार : संदीप गर्ग

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**स्टालवार्ट** फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना के निवास पर रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बंधवाने के लिए पहुंचे। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई बहन के प्यार व विश्वास का त्यौहार है। हम सभी को इस शहर को मनाना चाहिए व सभी भाइयों को अपनी बहनों से अपनी कलाई पर राखी बंधवानी चाहिए व उनकी रक्षा की दुआ और कसम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि गुरुवार को लाडवा शहर में पूरे धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। जिसको लेकर वह भी नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना के निवास पर राखी बंधवाने के लिए आए हैं। वहीं नपा प्रधान साक्षी खुराना ने कहा कि यह त्योहार बड़ा ही पवित्र त्योहार है व इस त्योहार का पूरा वर्ष बहने अपने भाई का इंतजार करती है कि कब रक्षाबंधन का त्यौहार आएगा व वह अपने भाई की कलाई पर राखी बांधेगी व उसकी लंबी उम्र की कामना करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि समाजसेवी संदीप गर्ग जैसे उनको भाई मिले हैं। जो कि न केवल पूरे लाडवा हल्के की जनता की सेवा कर रहे हैं। इसके साथ-साथ समाज में अनेक ऐसे काम कर रहे हैं। जिससे कि लाडवा हल्के की जनता को बहुत लाभ मिल रहा है।

# सेफ इंडिया देगी छात्रों को मुफ्त मे कॉपीयां

**सोनीपत।** समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि फाउंडेशन अपने शिक्षा नीति के उद्देश्य को अपनाते हुए जिला सोनीपत के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जरूरतमंद छात्रों को दस-दस कॉपी बिल्कुल मुफ्त में दी जाएंगी । उन्होंने कहा कि संस्था ने यह निर्णय आजादी महोत्सव के दौरान 14 अगस्त रविवार को कम्युनिटी हाल सेक्टर 14 सोनीपत में सुबह 10 बजे शाम 4 बजे तक बांटने का निर्णय लिया है। संस्था की महिला प्रमुख शालू त्यागी व उपप्रधान प्रवीण वर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को अपने हेडमास्टर या प्रिंसिपल से लिखवाकर लाना होगा और प्रत्येक छात्र को 10 कॉपी दी जाएंगी। इस आयोजन मे संजय वर्मा, सतीश माथुर, संजीव अग्रवाल, सतीश बाल्याण, मनीष बंसल, दिनेश कुच्छल, विपुल कुच्छल, रामकुमार जिंदल, एडवोकेट अरविन्द मित्तल, पवन गुप्ता व दीपक सिंगला का विशेष योगदान रहेगा।

# व्यापारियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी : भारत भूषण कपूर

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्यों की बैठक लेते जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा एवं भारत भूषण कपूर।

**हरियाणा** व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन जेबीडी ग्रुप के कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यापारी कल्याण बोर्ड के प्रदेश सदस्य भारत भूषण कपूर एवं जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बोर्ड के सभी सदस्यों को 75वे स्वंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोस्तव को बड़ी धूम धाम से मनाये जाने के लिए विचार विमर्श किया। जिले के सभी व्यपारियों के प्रतिष्ठानों पर हर घर तिरंगे की मुहीम के तहत झंडा लगाने के लिए भी आह्वन किया।

सभी जिले के सदस्यों को जिला अध्यक्ष द्वारा बैठक में सुझाव दिए गए की अपने अपने क्षेत्र के व्यपारियो की समस्याओं को सुने एवं उनका समाधान के लिए जिलाध्यक्ष के समक्ष रखे ताकि उनकी समस्याओं को हल करवाया जा सके। कृष्ण लाल तनेजा ने बताया की इस बोर्ड का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की हितों की रक्षा करना है, ये ही सोच हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं प्रदेश के चेयरमैन राम निवास गर्ग की है जिनके नेतृत्व में बोर्ड कार्य कर रहा है। प्रदेश सदस्य भारत भूषण कपूर ने बताया की किसी भी व्यापारी को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी, अगर आती है तो व्यापारी कल्याण बोर्ड के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है एवं प्रशासन के साथ मिलकर उन समस्याओं का हल करवाया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से जिले की पूरी कमेटी के सदस्य जिनमें मुख्य रूप से शिव नाथ कपूर नीलोखेड़ी, अमर ठक्कर राम नगर,दीपक गुप्ता, जगदीश गोयल इंद्री, देश राज कम्बोज घरौंडा, राजेश छाबड़ा असंध, रविंदर त्यागी बिजना, चौधरी माया सिंह, ज्ञान सिंह चावला, अमृत लाल जोशी, जगरूप संधू गगसीना, नवीन दत्ता, अश्वनी स्वामी कार्यलय सचिव, विकास टंडन मौजूद रहे।

# पुलिस ने स्टेशन पर चलाया सर्च अभियान

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाती रेलवे पुलिस।

**पिछले** दिनों प्रदेशभर में हुई आंतकवादी घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड़ पर है, पुलिस को हर जगह तैनात किया गया है। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकें। रक्षाबंधन पर्व के दिन रेलवे पुलिस ने स्टेशन पर सघन सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान में राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे पुलिस फोर्स की टीमों ने कमांडो जवानों के साथ मिलकर यह अभियान चलाया। स्टेशन पर आने-जाने वालों यात्रियों की तलाशी ली गई साथ ही स्टेशन पर रूकने वाली ट्रेनों को चेक किया। पुलिस ने स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर चेकिंग की। पुलिस के सर्च अभियान को देखकर यात्री सकते में आ गए, बावजूद यात्रियों ने पुलिस के चेकिंग अभियान में सहयोग किया। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार की संदिग्ध चीज व कोई व्यक्ति नहीं मिला, लेकिन ऐसे सर्च अभियान स्वतंत्रता दिवस तक जारी रखने का निर्णय लिया गया।

### यात्रियों को किया जागरूक

सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों और ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्रियों को बताया कि धार्मिक त्योहारों व स्वतंत्रता दिवस के उपलब्ध में स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ अधिक रहती हैं। भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में रहते है। उन्होंने यात्रियों से अपील कि अगर उन्हें स्टेशन या अपने आसपास कोई संदिग्ध सामान या लावारिश वस्तु दिखाई या कोई संदिग्ध दिखाई दे तो इसकी सूचना पुलिस को दे ताकि संभावित वारदात को होने से पहले ही रोका जा सकें।

### स्टेशन पर संयुक्त रूप से चलाया सर्च अभियान

जीआरपी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह कहा कि पिछले दिनों प्रदेश में कई आंतकी गतिविधियां देखी गई, कई आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रक्षाबंधन पर्व, स्वतंतत्रा दिवस को देखते हुए असामाजिक तत्व भीड़ का फायदा उठाकर किसी भी घटना को अंजाम देने की फिराक में रहते है। इसे देखते हुए स्टेशन पर सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया है हालांकि चेकिंग के दौरान कुछ भी संदिज्ध नहीं मिला।

# नहर में डूबा बच्चा, पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हरियाणा** के करनाल के बड़ा गांव में जहां एक परिवार रक्षाबंधन का पर्व खुशियों से मनाने में जुटा था, इसी दौरान 16 वर्षीय बेटे राजीव की नहर में डूबने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही परिवार में गमगीन माहौल हो गया, परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। जानकारी के अनुसार 16 साल का राजीव गांव मैहनमती के पास से गुजर रही नहर में नहाते समय डूब गया। जिसका अबतक कोई सुराग नहीं लगा। वहीं गौताखोरो व पुलिस की टीमों ने नहर में सर्च अभियान चलाया हुआ है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाद राजीव अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया था। शाम को उसके दोस्तों ने परिजनों को सूचना दी कि राजीव नहर में डूब गया है। सूचना मिलने पर परिजन नहर पर पहुंचे, लेकिन अबतक राजीव को कोई सुराग नहीं लग पाया।

नहर में राजीव के साथ नहाने गए दोस्तों ने बताया नहर में ज्यादा पानी नहीं था, सभी दोस्त आराम से नहा रहे थे, इस राजीव ने नहर में 4 बार डूबकियां लगाई। चारों में वह बाहर भी आया। उसके बाद जब 5वीं बार राजीव ने नहर में डूबकी लगाई तो वह नहर में बाहर नहीं आया। राजीव के पिता धर्मपाल ने बताया वह मेहनत मजूदरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था, उसके पास तीन लडक़े है। राजीव सबसे छोटा बेटा था। जो बुधवार दोपहर बाद दोस्तों के साथ घर से गया था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा शाम को उन्हें सूचना मिली की राजीव नहर में डूब गया है।


कुरुक्षेत्र में रक्षाबंधन पर लांबा परिवार की नन्ही बच्ची जसमीत कौर अपने भाई रूपमीत सिंह को राखी बांधते हुए।

# नियोक्ताओं के अनुसार मशीन लर्निंग सबसे मूल्यवान स्किल है- ग्रेट लर्निंग द्वारा डेटा साइंस स्किल्स सर्वे 2022

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**जैसे-जैसे** डेटा साइंस एप्लिकेशन सभी क्षेत्रों में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, बायजूस ग्रुप की ग्रेट लर्निंग, जो कि प्रोफेशनल और हायर एजुकेशन में अग्रणी हैं , ने डेटा साइंस स्किल्स सर्वे 2022 जारी किया है, जिसका उद्देश्य विभिन्न टूल्स , टेक्नोलॉजीज, और सभी श्रेणियों में स्किल्स का पता लगाना है,जो छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए और डेटा साइंस डोमेन में एक उन्नत कैरियर के लिए अनिवार्य हैं।

डेटा साइंटिस्ट और अग्रणी एआई/एमएल प्रैक्टिशनरों के बीच किए गए सर्वेक्षण के माध्यम से प्राथमिक शोध के बाद रिपोर्ट विकसित की गई है। इस क्षेत्र में इन-डिमांड स्किल्स पर उनके दृष्टिकोण को समझने और उनका आकलन करने के लिए नौकरी चाहने वालों के साथ सीधी चर्चा के द्वारा इसे पूरक बनाया गया था। प्रतिभागियों को भर्ती के दौरान सभी अनुभव स्तरों के प्रोफेशनल्स से भर्ती करने वालों द्वारा अपेक्षित महत्वपूर्ण स्किल्स पर भी साक्षात्कार दिया गया था।

ग्रेट लर्निंग के को - फाउंडर हरि कृष्णन नायर ने कहा, डेटा साइंस डोमेन अभी और भविष्य में नौकरियों की प्रकृति को बदलने की राह पर है। डिजिटल-संचालित भविष्य में आगे बढने की चाहत रखने वाले प्रोफेशनल्स के लिए, आने वाले परिवर्तनों के लिए सही डेटा साइंस स्किल्स की नींव अभी से शुरू करने की आवश्यकता है। इस डोमेन ने कंपनियों और व्यवसायों के कार्य करने के तरीके को प्रभावित किया है और इस क्षेत्र में कुशल प्रोफेशनल्स के पास आकर्षक उद्योगों में प्रमुख उम्मीदवार बनने का मौका है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से, हमारा उद्देश्य नियोक्ताओं, इंडस्ट्री लीडर्स, नीति निर्माताओं, कंपनियों और डेटा साइंस एक्सपर्ट्स / उम्मीदवारों को सबसे प्रभावशाली भाषाओं, मॉडलों, टूल्स , स्किल्स, अपस्किलिंग दृष्टिकोण और भर्ती के परिप्रेक्ष्य की गहन समझ हासिल करने में मदद करना है, जो कि संरचित और सूचित निर्णय लेने के लिए आवश्यक है।

84.4 फीसद प्रोफेशनल्स ने उल्लेख किया कि नियोक्ता मशीन लर्निंग को सबसे महत्वपूर्ण स्किल्स के रूप में देखते हैं, जब डेटा साइंटिस्ट को नियुक्त किया जाता है, इसके बाद स्टेटिस्टिक्स 78.9 फीसद होती है। 5 में से 3 से अधिक (61.7 फीसद) डेटा साइंटिस्ट का मानना है कि उद्योग की मौजूदा जरूरतों के लिए प्रासंगिक बने रहने के लिए क्लाउड टेक्नोलॉजीज में स्किल्स ब ?ाना महत्वपूर्ण है, इसके बाद मशीन लर्निंग ऑपरेशन्स (56.1 फीसद) और ट्रांसफॉर्मर (55.0 फीसद) हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार, 10 में से 9 डेटा साइंस प्रोफेशनल्स ने उल्लेख किया कि प्रोग्रामिंग भाषा (आर, पायथन, एसएएस) का ज्ञान डेटा साइंस में करियर शुरू करने के लिए सबसे बेसिक स्किल्स है।

# विद्यार्थियों को पर्यावरण स्वच्छ बनाने और पौधे लगाने की दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


विद्यार्थियों को बूस्टर किट वितरित करती प्राचार्य।

**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय समसपुर में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा पौधारोपण किया गया। विद्यार्थियों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और पेड़ लगाने सम्बन्धित जानकारी दी गई। प्रोग्राम का संचालन सेवा ट्रस्ट यूके जिला इ-लर्निंग कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व सुमन्त सैनी ने किया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका नीलम रानी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं। पवन मित्तल व सुमंत सैनी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियो को प्राचार्या द्वारा सेवा ट्रस्ट यूके की को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से विद्यार्थियों, अध्यापकों और स्टाफ को पोधे और डाबर का रियल जूस उपहार स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ड्राइग अध्यापक मनमोहन सिंह, संस्कृत अध्यापिका जयंती देवी, साइंस अध्यापिका अनिता देवी, प्राइमरी इंचार्ज संजीव कुमार और समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नया सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म, खुल के पर आ रही है 'तारीख पे तारीख'

## भारतीय न्यायपालिका की बाधित अवस्था का विस्तृत विवेचन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**खुल के** भारत का घरेलू सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जिसे लोकतंत्र मीडियाटेक प्रा. लि. ने लॉन्च किया है। यह प्लेटफॉर्म देश की बुलंद आवाजों को देश को प्रभावित कर रहे प्रासंगिक मुद्दों और विषयों पर अपने विचार रखने के लिये आगे लाता है। या वे विपरीत स्थितियों में हासिल की गई अपनी उल्लेखनीय निजी उपलब्धियों की कहानियाँ साझा कर सकते हैं।

कानूनी कहावत न्याय में देरी, अन्याय है'' (जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड), हमारे देश के मौजूदा परिदृश्य के लिये पूरी तरह से प्रासंगिक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत में अभी 4.7 करोड़ लंबित मामले हैं। नये सोशल मीडिया एंड कनवर्सेशन प्लेटफॉर्म खुलके पर एपिसोडिक सीरीज 'तारीख पे तारीख' के लिये होस्ट हुई राउंडटेबल के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सुप्रीम कोर्ट बार असोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप राय ने कहा, मैं यह मानता हूँ कि हमारा जो सिस्टम है, उसमें बहुत सारी खामियां हैं, और ये खामियाँ इसलिये हैं, हमने यूके के सिस्टम को कॉपी किया, वहाँ पे उनकी आबादी कम है, उनका रेवेन्यू सिस्टम बहुत ज्यादा है।

इसके बाद प्रदीप राय ने कोर्ट रिकॉर्डिंग्स को लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आम आदमी के लिये सुलभ बनाने का महत्व बताया। उन्होंने कहा, लेकिन मैं फिर भी ये कहता हूँ कि जहाँ कहीं के भी बार हों, आपकी जो न्यायिक प्रक्रिया है, वो पूरी की पूरी रिकॉर्डेड होनी चाहिये, इसको यूट्यूब पे डाला जाना चाहिये।भारतीय न्याय-प्रणाली को हमेशा उसके सही और उचित फैसले के लिये जाना गया है। लेकिन किसी व्यक्ति को केवल न्याय पाने के लिये लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़े, तो क्या हो? क्या देर से आया फैसला पीडित के जीवन में कोई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है?

इस संदर्भ में दिल्ली उच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश जस्टिस एस. एन. ढींगरा ने कहा, सबसे बड़ी बात ये है कि जज को जो गरीब आदमी है, उसकी कठिनाई पता नहीं और इसलिये लोग अपना मुकदमा बीच में छोड़कर जा रहे हैं।

एसएन ढींगरा 1984 सिख-विरोधी दंगों और रॉबर्ट वाड्रा जमीन सौदा के मामले पर अपने उल्लेखनीय फैसलों के लिये जाने जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारा पूरा सिस्टम जो है, जिसमें ये हो रहा है कि आम आदमी को न्याय नहीं मिल पा रहा, उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी जजों के ऊपर है। जज जो है अपने कोर्ट का मास्टर होता है, अगर वो कोर्ट ठीक नहीं चलाता, तो उसके लिये दोषी आप किसको मान सकते हैं?

### अतीत, वर्तमान के लिए प्रतिबद्धता और भविष्य के

# भारत के सपनों को झलकाता है तिरंगा : प्रधानमंत्री मोदी



**मोदी ने कहा, तिरंगा देश की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक**

एजेंसी। सूरत

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय ध्वज को भारत के अतीत के गौरव, वर्तमान के लिए प्रतिबद्धता और भविष्य के सपनों का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है। सूरत में एक तिरंगा यात्रा को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि तिरंगा देश के वस्त्र उद्योग, खादी और आत्म-निर्भरता का प्रतीक रहा है और सूरत ने इस क्षेत्र में एक आत्म-निर्भर भारत के लिए बुनियाद तैयार की है।

मोदी ने कहा, भारत के तिरंगे में केवल तीन रंग नहीं हैं, बल्कि हमारा तिंरगा हमारे अतीत के गौरव, वर्तमान के लिए हमारी प्रतिबद्धता और भविष्य के हमारे सपनों का प्रतिबिंब है। हमारा तिरंगा भारत की एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात ने बापू (महात्मा गांधी) के रूप में देश के स्वतंत्रता संघर्ष का नेतृत्व किया और देश को लौह पुरुष सरदार पटेल जैसे व्यक्तित्व दिए जिन्होंने आजादी के बाद एक भारत, श्रेष्ठ भारत की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि बारदोली सत्याग्रह और दांडी यात्रा ने जो संदेश दिया उससे पूरा देश संगठित हो गया।

उन्होंने कहा, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने तिरंगे में देश का भविष्य, उसके सपने देखे थे और उन्होंने इसे कभी किसी भी तरह झुकने नहीं दिया। आज जब हम आजादी के 75 साल बाद नए भारत की यात्रा शुरू कर रहे हैं तो तिरंगा एकबार फिर भारत की एकता और चेतना को प्रतिबिंबित कर रहा है। मोदी ने कहा कि गुजरात का हर कोना उत्साह से भरा है और सूरत ने इसके वैभव को और बढ़ाया है।

उन्होंने कहा, सूरत की तिरंगा यात्रा में एक तरह से लघु भारत दिखाई दे रहा है। समाज के हर वर्ग के लोग इसमें शामिल हैं। परिधान विक्रेता हैं, दुकानदार हैं, कोई शिल्पकार है, कोई सिलाई कढ़ाई का काम करता है, कोई परिवहन या आभूषण के काम में लगा है। पूरे वस्त्र उद्योग, सूरत की जनता ने इस आयोजन को भव्य बना दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में चल रहीं तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा अभियान की शक्ति और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा, 13 से 15 अगस्त तक भारत के हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। समाज के हर वर्ग, हर जाति और वर्ण के लोग स्वत: स्फूर्त एक ही पहचान के साथ आ रहे हैं। यह भारत के निष्ठावान नागरिक की पहचान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान में महिलाएं और पुरुष, युवा, बुजुर्ग और अन्य सभी अपनी भूमिकाएं निभा रहे हैं।



## प्रधानमंत्री ने पीएमओ कर्मचारियों की बेटियों से बंधवाई राखी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को रक्षा बंधन के अवसर पर प्रधानमंत्री कार्यालय में काम करने वाले सफाई कर्मियों, सहायकों और अन्य कर्मचारियों की बेटियों से राखी बंधवाई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने आवास पर इन युवतियों से राखी बंधवाई। उनके मुताबिक प्रधानमंत्री को राखी बांधने वालों में सफाईकर्मी, सहायक, माली और वाहन चालकों की बेटियां शामिल थीं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर देशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी थीं। भाई और बहन के बीच प्रेम के प्रतीक के रूप में सावन माह की पूर्णिमा को देश भर में रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है।

## चिदंबरम बोले दिल्ली में कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वह, राष्ट्रीय राजधानी में अपराध की स्थिति चिंताजनक ढंग से खराब होने को लेकर क्या बहाना बनाएगी? दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल के शुरुआती साढ़े छह महीनों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और बलात्कार के रोजाना छह मामले दर्ज किए गए हैं। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने ट्वीट किया, दिल्ली में इस साल 15 जुलाई तक बलात्कार के 1100 मामले दर्ज किए गए। इसका मतलब है कि प्रतिदिन पांच मामले दर्ज किए गए। उन्होंने सवाल किया, दिल्ली में कानून-व्यवस्था केंद्र सरकार के अंतर्गत है। राजधानी में अपराध की स्थिति चिंताजनक ढंग से खराब होने के बारे में भाजपा क्या बहाना बनाएगी?

## प्रधानमंत्री काला जादू जैसी अंधविश्वासी बातें करके पद की गरिमा न घटाएं : राहुल

**राहुल ने ट्वीट किया, पीएम को महंगाई नहीं दिखती? बेरोजगारी नहीं दिखती?**



एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि काला जादू जैसी अंधविश्वासी बातें करके उन्हें अपने पद की गरिमा घटाना और देशवासियों को भटकाना बंद करना चाहिए।

उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री को महंगाई नहीं दिखती? बेरोजगारी नहीं दिखती? अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए, काला जादू जैसी अंधविश्वासी बातें करके पीएम पद की गरिमा को घटाना और देशवासियों को भटकाना बंद कीजिए, प्रधानमंत्री जी। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता के मुद्दों पर जवाब तो देना ही पड़ेगा। गौरतलब है कि कांग्रेस के नेताओं ने महंगाई के विरोध में पांच अगस्त को काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन किया था। इसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जो लोग काले जादू में विश्वास करते हैं। वे कभी भी फिर से लोगों का विश्वास नहीं जीत पाएंगे।

## सरकार ने वयस्कों को कॉर्बेवैक्स की बूस्टर खुराक देने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को 18 साल से अधिक उम्र के उन लोगों को कॉर्बेवैक्स टीके की बूस्टर खुराक देने को मंजूरी दे दी, जो कोविशील्ड या कोवैक्सीन टीके की दो खुराक ले चुके हैं। देश में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब पहली और दूसरी खुराक के तौर पर दिए गए टीके से अलग किसी टीके को बतौर एहतियाती खुराक लगाने की अनुमति दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश सचिव ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को भेजे पत्र में कहा है कि तीसरी खुराक के लिए पात्र लोगों द्वारा कॉर्बेवैक्स लेने के सिलसिले में कोविन पोर्टल में सभी जरूरी बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों को कोवैक्सीन या कोविशील्ड की दूसरी खुराक लिए छह महीने या 26 सप्ताह हो गए हैं, उनके लिए कॉर्बेवैक्स एहतियाती खुराक के तौर पर उपलब्ध होगा। भूषण ने कहा, इससे इस उम्र वर्ग में एहतियाती खुराक के तौर पर कॉर्बेवैक्स का कोविड-19 के दूसरे टीके के तौर पर उपयोग हो पाएगा। उन्होंने कहा कि कोवैक्सीन और कोविशील्ड की तीसरी खुराक के संबंध में वर्तमान दिशानिर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीआई ने टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को गिरफ्तार किया

**बोलपुर (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनुब्रत मंडल को मवेशी तस्करी मामले की जांच में सहयोग न करने के आरोप में बृहस्पतिवार को यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई का एक दल बृहस्पतिवार को तड़के टीएमसी के बीरभूम जिले के अध्यक्ष मंडल के घर पहुंचा और करीब एक घंटे तक चली पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया, हमने मवेशी तस्करी घोटाले की जांच में सहयोग न करने पर उन्हें गिरफ्तार किया है। हमें इस घोटाले में मंडल की सीधी संलिप्तता का पता चला है। हम आज उनसे पूछताछ करेंगे और कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने टीएमसी नेता को गिरफ्तार करने से पहले उन्हें आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41 के तहत एक नोटिस दिया। जांच एजेंसी ने पिछले कुछ दिनों में टीएमसी नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह खराब सेहत का हवाला देते हुए पेश नहीं हुए थे। सीबीआई के कम से कम आठ अधिकारियों का दल केंद्रीय बलों के साथ सुबह करीब 10 बजे मंडल के आवास पर पहुंचा और जांच के तौर पर तलाश अभियान शुरू किया।

### मायावती ने गुजरात चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को पार्टी की गुजरात विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और संकेत दिया कि पार्टी अकेले दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। लखनऊ में जारी बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा कि गुजरात के गरीब, दलित व अन्य उपेक्षित काफी लंबे समय से उपयुक्त सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस चिंताजनक हालात को संघर्ष व बेहतर चुनावी परिणाम से बदला जा सकता है। बसपा की गुजरात इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान मायावती ने कहा कि गुजरात के लोग अच्छे दिन का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो भाजपा के चुनावी वादे से नहीं बल्कि सत्ता में इनकी उचित भागीदारी के बिना असंभव है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में मायावती ने गुजरात की राजनीतिक स्थिति और वहां होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी संगठन की चुनावी तैयारियों की समीक्षा की तथा अपने बलबूते पर चुनाव मैदान में उतरने के संकेत दिए।

### दादाभाई नौरोजी के लंदन स्थित घर को ब्लू प्लैक सम्मान मिला

**लंदन।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रतिष्ठित सदस्य रहे और ब्रिटेन के पहले भारतीय सांसद दादाभाई नौरोजी दक्षिण लंदन के जिस घर में करीब आठ वर्षों तक रहे, उसे ब्लू प्लैक यानी नीली पट्टिका से सम्मानित किया गया है। इंग्लिश हैरिटेज चैरिटी की योजना ब्लू प्लैक लंदन की ऐतिहासिक महत्व की इमारतों को दिया जाने वाला एक सम्मान है। नौरोजी को यह सम्मान बुधवार को दिया गया और यह ऐसे वक्त में दिया गया है जब भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। नौरोजी 19वीं सदी के अंत में करीब आठ वर्षों तक लंदन के इस घर में रहे थे। भारतीय राजनीति के पितामाह (ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया) कहलाने वाले नौरोजी ऐसे वक्त में वाशिंगटन हाउस, 72 एनर्ले पार्क, पेंगे, ब्रोमली रहने गए थे जब वे वैचारिक तौर पर 1897 में भारत की पूर्ण आजादी के समर्थक बन रहे थे।

## हिमाचल विस में भाजपा सरकार के खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव गिरा

एजेंसी। शिमला



**चार महीने पहले विपक्षी दलों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा में जयराम ठाकुर की अगुवाई वाली सरकार के खिलाफ विपक्षी दल कांग्रेस और माकपा की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बृहस्पतिवार को ध्वनि मत से अस्वीकार कर दिया गया।

मुख्यमंत्री ठाकुर ने पर प्रस्ताव पर जवाब देना शुरू किया तो विपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिगर्मन कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में चर्चा हुई। विपक्षी सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, मंहगाई समेत अन्य मुद्दों को लेकर निशाना साधा। सत्तारूढ़ भाजपा ने आरोपों को खारिज किया और दावा किया कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। राज्य में विधानसभा चुनाव होने से चार महीने पहले विपक्षी दलों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष के नेता मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस विधायक जगत सिंह नेगी, रामलाल ठाकुर, हर्षवर्धन चौहान, सुखविंदर सुक्खू और माकपा के एकमात्र विधायक राकेश सिंघा ने प्रस्ताव के समर्थन में बात रखी। वहीं मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, उनके कैबिनेट सहयोगियों राकेश पठानिया, विक्रम सिंह ठाकुर, सुखराम चौधरी और भाजपा विधायक राजीव बिंदल ने सरकार की ओर से बात रखी।

## रूस को रोकने में मदद के लिए और धन दें पश्चिमी देश

**कोपेनहेगन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को पश्चिमी देशों का आह्वान किया कि रूस के हमला शुरू करने के बाद करीब साढ़े पांच महीने से जूझ रही यूक्रेन की सेना की मदद के लिए और अधिक धन मुहैया कराया जाए।

यूक्रेन में हथियार, प्रशिक्षण और बारूदी सुरंगों को हटाने के लिए वित्तपोषण को मजबूत करने के मकसद से डेनमार्क में एक सम्मेलन में रक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा, जितनी जल्दी हम रूस को रोकेंगे, उतना जल्द हम सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। यूक्रेन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमें हमारी रक्षा के लिए हथियार और गोला-बारूद की जरूरत है। कोपेनहेगन का सम्मेलन जर्मनी में एक अमेरिकी वायु सैनिक केंद्र में अप्रैल में हुई बैठक के बाद हो रहा है।

## भाजपा ने केजरीवाल पर खिलाड़ियों को अपमानित करने का लगाया आरोप

**कहा, दिव्या को कथित तौर पर निशाना बनाकर महिलाओं को अपमानित किया**

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर आरोप लगाया कि उसने राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता दिव्या काकरान को कथित तौर पर निशाना बनाकर महिलाओं और खिलाड़ियों का अपमान किया है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि दिव्या काकरान ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष कुछ सवाल उठाए तो आप की सोशल मीडिया टीम ने उन्हें निशाना बनाना आरंभ कर दिया, जबकि उसके नेता सौरभ भारद्वाज ने तो उनका अपमान करते हुए उनसे प्रमाणपत्र दिखाने की मांग कर डाली। राष्ट्रमंडल खेल-2022 में कांस्य पदक जीतने वाली पहलवान काकरान ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय राजधानी की निवासी होने और कई अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाएं जीतने के बावजूद उन्हें दिल्ली सरकार की तरफ से कभी कोई मदद नहीं मिली। पूनावाला ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि काकरान ने उसके बाद दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने का प्रमाणपत्र भी दिया। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि जिन खिलाड़ियों ने तिरंगे के सम्मान के लिए अपना जी जान लगाने का काम किया, उनको प्रांतों में बांटकर आप अपमानित करने का दुस्साहस करती है।

काकरान ने 68 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उन्हें बधाई देने वालों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भी शामिल थे। उन्होंने केजरीवाल से भारद्वाज को सभी पदों से हटाने की मांग की। पूनावाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवड़ी संस्कृति की लगातार आलोचना किए जाने पर केजरीवाल के पलटवार का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी आलोचना में किसी नेता या राजनीतिक दल का नाम नहीं लिया है लेकिन मुख्यमंत्री खुद ही अपना बचाव करने सामने आ गए, जैसे उन्हें अपनी गलती को एहसास हो रहा हो।

## बोम्मई ने सीएम पद पर अपने स्थान पर किसी अन्य की नियुक्ति की अटकलें खारिज कीं

एजेंसी। बेंगलुरु



**बोम्मई ने कहा, उनकी सरकार स्थिर है और स्थिर ही बनी रहेगी**

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले उनके पद पर किसी और को नियुक्त करने की खबरों को निराधार एवं झूठा करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार स्थिर है और स्थिर ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि वह राज्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए कड़ी मेहनत से काम करते रहेंगे।

कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने के बाद बृहस्पतिवार को अपनी नियमित दिनचर्या में लौटने के बाद इन अटकलों पर मुख्यमंत्री ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। बोम्मई छह अगस्त को संक्रमित पाए जाने के बाद से ही घर पर पृथक-वास में थे। भाजपा की राज्य इकाई के भीतर शीर्ष नेतृत्व सहित कई पदों पर बदलावों की अटकलें कई दिनों से हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की राज्य की हालिया यात्रा के बाद से यह खबरें अधिक आ रही हैं।

कांग्रेस द्वारा पिछले दो दिन में किए गए कई ट्वीट में बोम्मई को हटाए जाने, राज्य को जल्द तीसरा मुख्यमंत्री मिलने का दावा किया गया और बोम्मई को दूसरों के इशारों पर चलने वाला मुख्यमंत्री भी कहा गया।

## कांग्रेस 28 को रामलीला मैदान में बोलेगी हल्ला

**जयराम रमेश ने कहा देश भर में महंगाई पर हल्ला बोल-चलो दिल्ली कार्यक्रम भी होंगे**

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरने के मकसद से आगामी 28 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में महंगाई पर हल्ला बोल रैली का आयोजन करेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, इस रैली से पहले 17 अगस्त से 23 अगस्त के बीच देश के सभी विधानसभा क्षेत्रों की मंडियों, खुदरा बाजारों और अन्य कई स्थानों पर महंगाई चौपाल आयोजित की जाएगी।

उन्होंने एक बयान में कहा, कांग्रेस ने गत पांच अगस्त को मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन किया जिसके साथ लोगों ने खुद को जोड़ा। प्रधानमंत्री ने हताशा में आकर इसे काला जादू बताने का प्रयास किया जो इस बात को दर्शाता है कि भाजपा सरकार आसमान छूती महंगाई और बेरोजगारी पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है।

रमेश के अनुसार, कांग्रेस महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ अपनी लड़ाई को आने वाले हफ्तों में और तेज करेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस 17 अगस्त से 23 अगस्त के बीच देश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंडियों, खुदरा बाजारों और अन्य कई स्थानों पर महंगाई चौपाल आयोजित करेगी। इसका समापन 28 अगस्त को रामलीला मैदान में महंगाई पर हल्ला बोल रैली के साथ होगा। इस रैली को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि रामलीला मैदान की रैली को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी संबोधित करेंगे।

### जनविरोधी नीतियों पर लोगों को जागरुक करेगी

**सार्वजनिक** सम्पत्तियों को मित्र पूंजीपतियों को हस्तांतरित करने और सेना में भर्ती की दिशाहीन अग्निपथ योजना जैसे कदमों से रोजगार की स्थिति बद से बदतर हो रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस इन जनविरोधी नीतियों पर लोगों में जागरुकता फैलाती रहेगी और भाजपा सरकार पर उसकी गलत नीतियों को बदलने के लिए दबाव बढ़ाएगी।

## ठाणे प्रशासन ने अनाधिकृत इमारत की बिजली काटने का आदेश दिया

एजेंसी। ठाणे

**ठाणे** जिला प्रशासन ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटिड (एमएसईडीसीएल) से यहां एक अनधिकृत इमारत की बिजली तत्काल काटने को कहा है।

ठाणे के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) अविनाश शिंदे ने एमएसईडीसीएल को तीन अगस्त को लिखे एक पत्र में कहा है कि 1998 में ठाणे जिला पत्रकार संघ को पत्रकार भवन के निर्माण के लिए 300 वर्ग मीटर भूमि दी गई थी। पत्र के मुताबिक, भूमि आवंटन शर्तों का उल्लंघन किया गया है और प्लॉट पर व्यवसायिक निर्माण किया गया है। उसमें कहा गया है कि जांच के बाद जिला प्रशासन ने नवंबर 1999 में पत्रकार संघ को दिए गए भूखंड को अपने कब्जे में ले लिया था। चिट्ठी में कहा गया है कि यह देखा गया है कि एमएसईडीसीएल अनधिकृत इमारत को बिजली की आपूर्ति कर रहा है। एसडीओ ने ठाणे के तहसीलदार (राजस्व अधिकारी) को आदेश दिया है कि भूमि पर बने ढांचे को तत्काल तोड़ दिया जाए और एमएसईडीसीएल से इमारत की बिजली काटने को कहा है और ऐसा न करने पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## राजौरी हमले में जवानों की मौत पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुए आतंकी हमले में तीन जवानों की मौत पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और घायल सैनिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आर्मी कैंप पर आतंकी हमले की बेहद दुखद है। शहीद हुए जवानों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि, ये देश आपके बलिदान को हमेशा याद रखेगा। मैं घायल जवानों के जल्द स्वस्थ्य होने और शहीद जवानों की आत्मा की शांति की कामना करता हूं एवं शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा, जम्मू कश्मीर में आर्मी कैंप पर आतंकी हमले में हमारे जवानों के शहीद होने का दुखद समाचार मिला। शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि। इस बलिदान के लिए देश हमेशा आपका ऋणी रहेगा। ईश्वर शहीद जवानों की आत्मा को शांति एवं घायल जवानों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बृहस्पतिवार को तड़के दो आतंकवादियों ने सेना के एक शिविर पर आत्मघाती हमला किया जिसमें तीन जवानों की मौत हो गई। चार घंटे तक चली गोलीबारी के बाद दोनों आतंकवादियों को मार दिया गया।

## नीतीश ने तूफान खड़ा कर दिया जो भाजपा को दे सकता है चुनौती : शिवसेना

**कहा, तूफान अगर चक्रवात में बदला तो 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए चुनौती बनेगी**

एजेंसी। मुंबई

**भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह का समर्थन करके जदयू को अस्थिर करने की कोशिश की**



**शिवसेना** ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी से नाता तोड़कर तूफान खड़ा कर दिया है और अगर यह तूफान चक्रवात में बदल जाए तो 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए चुनौती बन सकता है।

शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि भाजपा ने उनकी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने भाजपा के साथ संबंध तोड़कर पलटवार किया। मराठी दैनिक ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधा, जिन्होंने जून में शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर दी थी। उन पर तंज कसते हुए अखबार में कहा गया है कि उन्होंने दिल्ली के सामने घुटने टेक दिए।

संपादकीय में कहा गया है कि उन्हें (शिंदे को) यह समझना चाहिए कि कुमार ने दिखा दिया कि वह इसके बिना जीवित रह सकते हैं। शिवसेना ने आगे कहा कि कुमार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक लालू प्रसाद के बीच की दरार अब खत्म होनी चाहिए।

संपादकीय में लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव की भी प्रशंसा की गई है, जिन्होंने 2020 में राजद के विधानसभा चुनाव अभियान का नेतृत्व किया। नीतीश कुमार ने मंगलवार को राजद से हाथ मिलाने के लिए भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) छोड़ दिया था। शिवसेना के संपादकीय में कहा गया है कि भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह का समर्थन करके जद(यू) को अस्थिर करने की कोशिश की और यह महसूस करने के बाद कुमार ने भाजपा से नाता तोड़ लिया। अखबार ने लिखा है नीतीश कुमार ने तूफान खड़ा कर दिया है। अगर यह एक चक्रवात में बदल जाता है, तो यह भाजपा के लिए एक चुनौती बन सकता है।

### तेजस्वी को बिहार का युवा और लोकप्रिय नेता कहा

**तेजस्वी** यादव को बिहार का युवा और लोकप्रिय नेता बताया, जिन्होंने तत्कालीन भाजपा-जद (यू) गठबंधन को चुनौती दी थी। राजद और जद (यू) 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरे थे। कुमार और लालू प्रसाद के संबंधों में पिछले चार दशकों में कई उतार चढ़ाव आए।

### समाजवादी जेपी नारायण की भूमि से क्रांति का आगाज

**शिवसेना** ने कहा कि समाजवादी नेता जय प्रकाश नारायण की भूमि बिहार में राजनीतिक क्रांतियों के नतीजे, पूरे देश में महसूस किए जाते हैं और राज्य में नया राजनीतिक गठजोड़ 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणाम को बदल सकता है। बिहार से लोकसभा में 40 सांसद आते हैं, जो उत्तर प्रदेश (80), महाराष्ट्र (48) और पश्चिम बंगाल (42) के बाद चौथे स्थान पर है।

## अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या 10 प्रतिशत बढ़ाएगा एम्स भोपाल

एजेंसी। भोपाल

**संस्थान के जनरल वार्ड में 950 तथा आईसीयू वार्ड में 150 बिस्तर पहले से उपलब्ध**

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल ने निर्णय लिया है कि वह अस्पताल के सभी विभागों में बिस्तरों की संख्या लगभग 10 प्रतिशत बढ़ाएगा। यह जानकारी एम्स के वरिष्ठ अधिकारी ने दी है। एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बुधवार शाम को यहां संवाददाताओं को बताया, वर्तमान में संस्थान के जनरल वार्ड में 950 बिस्तर तथा आईसीयू वार्ड में 150 बिस्तर उपलब्ध हैं।

अस्पताल के सभी विभागों में बिस्तरों की संख्या को लगभग 10 प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। सिंह ने हाल ही में यह पदभार को संभाला है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती गरीब रोगियों का उपचार पैसे की कमी के चलते रोका नहीं जाएगा तथा संस्थान अपने स्तर पर ऐसे गरीब रोगियों का इलाज करवाएगा। कहा वर्तमान में संस्थान में 42 विभाग कार्यशील हैं तथा दो विभागों में संकाय सदस्य उपलब्ध नहीं होने की वजह से उन्हें प्रारंभ नहीं किया जा सका है। इसके अतिरिक्त वे निकट भविष्य में छह नए विभाग प्रारंभ करने जा रहे हैं। संस्थान में अमृत फार्मेसी एवं जन औषधि केंद्र नामक दो दवा पोर्टल कार्यशील हैं जिनमें 40 से 60 प्रतिशत छूट पर दवाइयां उपलब्ध करवाई जाती हैं।



# वैदिक रक्षासूत्र से करें पवित्र रस्म को पूरा

# कैसे बनाएं वैदिक रक्षा सूत्र : कृष्ण मेहता

रक्षासूत्र मात्र एक धागा नहीं बल्कि शुभ भावनाओं व शुभ संकल्पों का पुलिंदा है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि यही सूत्र जब वैदिक रीति से बनाया जाता है और भगवन्नाम व भगवद्भाव सहित शुभ संकल्प करके बांधा जाता है तो इसका सामर्थ्य असीम हो जाता है। प्रतिवर्ष श्रावणी-पूर्णिमा को रक्षाबंधन का त्योहार होता है, इस दिन-बहनें अपने भाई को रक्षा-सूत्र बांधती हैं । यह रक्षासूत्र यदि वैदिक रीति से बनाई जाएं तो शास्त्रों में भी उसका बड़ा महत्व है।

### कैसे बनायें वैदिक राखी?

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि वैदिक राखी बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटा-सा ऊनी, सूती या रेशमी पीले कपड़े का टुकड़ा लें।

(1) दूर्वा
(2) अक्षत (साबूत चावल)
(3) केसर या हल्दी
(4) शुद्ध चंदन
(5) सरसों के साबूत दाने

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इन पांच चीजों को मिलाकर कपड़े में बांधकर सिलाई कर दें। फिर कलावे से जोड़कर राखी का आकार दें। सामर्थ्य हो तो उपरोक्त पांच वस्तुओं के साथ स्वर्ण भी डाल सकते हैं।

### वैदिक राखी का महत्व

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि वैदिक राखी में डाली जानेवाली वस्तुएं हमारे जीवन को उन्नति की ओर ले जानेवाले संकल्पों को पोषित करती हैं ।

### दूर्वा

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि जैसे दूर्वा का एक अंकुर जमीन में लगाने पर वह हजारों की संख्या में फैल जाती है, वैसे ही 'हमारे भाई या हितैषी के जीवन में भी सद्गुण फैलते जायें, बढ़ते जायें...' इस भावना का द्योतक है दूर्वा। दूर्वा गणेशजी की प्रिय है अर्थात् हम जिनको राखी बांध रहे हैं उनके जीवन में आनेवाले विघ्नों का नाश हो जाय।

### अक्षत (साबूत चावल)

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि हमारी भक्ति और श्रद्धा भगवान के, गुरु के चरणों में अक्षत हो, अखंड और अटूट हो, कभी क्षत-विक्षत न हो - यह अक्षत का संकेत है। अक्षत पूर्णता की भावना के प्रतीक हैं। जो कुछ अर्पित किया जाय, पूरी भावना के साथ किया जाय।

### केसर या हल्दी

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि केसरकेसर की प्रकृति तेज होती है अर्थात हम जिनको यह रक्षासूत्र बांध रहे हैं उनका जीवन तेजस्वी हो। उनका आध्यात्मिक तेज, भक्ति और ज्ञान का तेज बढ़ता जाय। केसर की जगह पिसी हल्दी का भी प्रयोग कर सकते हैं। हल्दी पवित्रता व शुभ का प्रतीक है। यह नजरदोष व नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करती है तथा उत्तम स्वास्थ्य व सम्पन्नता लाती है।

### चंदन

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि चंदन दूसरों को शीतलता और सुगंध देता है। यह इस भावना का द्योतक है कि जिनको हम राखी बांध रहे हैं, उनके जीवन में सदैव शीतलता बनी रहे, कभी तनाव न हो। उनके द्वारा दूसरों को पवित्रता, सज्जनता व संयम आदि की सुगंध मिलती रहे। उनकी सेवा-सुवास दूर तक फैले।

### सरसों

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि सरसों तीक्ष्ण होती है। इसी प्रकार हम अपने दुर्गुणों का विनाश करने में, समाज-द्रोहियों को सबक सिखाने में तीक्ष्ण बनें।

अत: यह वैदिक रक्षासूत्र वैदिक संकल्पों से परिपूर्ण होकर सर्व-मंगलकारी है ।

रक्षासूत्र बांधते समय यह श्लोक बोला जाता है

येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबल:।

तेन त्वां अभिबध्नामि1 रक्षे मा चल मा चल।।



पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि रक्षासूत्र बांधते समय एक श्लोक और पढ़ा जाता है जो इस प्रकार है-

ओम यदाबध्नन्दाक्षायणा हिरण्यं, शतानीकाय सुमनस्यमाना:। तन्मस्आबध्नामि शतशारदाय, आयुष्मांजरदृष्टिर्यथासम्।।

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इस मंत्रोच्चारण व शुभ संकल्प सहित वैदिक राखी बहन अपने भाई को, मां अपने बेटे को, दादी अपने पोते को बाँध सकती है। यही नहीं, शिष्य भी यदि इस वैदिक राखी को अपने सद्गुरु को प्रेमसहित अर्पण करता है तो उसकी सब अमंगलों से रक्षा होती है भक्ति बढ़ती है

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि महाभारत में यह रक्षा सूत्र माता कुंती ने अपने पोते अभिमन्यु को बांधी थी। जब तक यह धागा अभिमन्यु के हाथ में था तब तक उसकी रक्षा हुई, धागा टूटने पर अभिमन्यु की मृत्यु हुई। इस प्रकार इन पांच वस्तुओं से बनी हुई वैदिक राखी को शास्त्रोक्त नियमानुसार

बांधते हैं हम पुत्र-पौत्र एवं बंधुजनों सहित वर्ष भर सूखी रहते हैं।

### रक्षा सूत्रों के प्रकार

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि विप्र रक्षा सूत्र-रक्षाबंधन के दिन किसी तीर्थ अथवा जलाशय में जाकर वैदिक अनुष्ठान करने के बाद सिद्ध रक्षा सूत्र को विद्वान पुरोहित ब्राह्मण द्वारा स्वस्तिवाचन करते हुए यजमान के दाहिने हाथ मे बांधना शास्त्रों में सर्वोच्च रक्षा सूत्र माना गया है।

**गुरु रक्षा सूत्र**- सर्वसामर्थ्यवान गुरु अपने शिष्य के कल्याण के लिए इसे बांधते हैं।

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि मातृ-पितृ रक्षा सूत्र- अपनी संतान की रक्षा के लिए माता पिता द्वारा बांधा गया रक्षा सूत्र शास्त्रों में करंडक कहा जाता है।

**भातृ रक्षा सूत्र**- अपने से बड़े या छोटे भैया को समस्त विघ्नों से रक्षा के लिए बांधी जाती है देवता भी एक दूसरे को इसी प्रकार रक्षा सूत्र बांध कर विजय पाते है।

**स्वसृ-रक्षासूत्र**-पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि पुरोहित अथवा वेदपाठी ब्राह्मण द्वारा रक्षा सूत्र बांधने के बाद बहिन का पूरी श्रद्धा से भाई की दाहिनी कलाई पर समस्त कष्ट से रक्षा के लिए रक्षा सूत्र बांधती है। भविष्य पुराण में भी इसकी महिमा बताई गई है। इससे भाई दीर्घायु होता है एवं धन-धान्य सम्पन्न बनता है।

**गो रक्षा सूत्र**-पंडित कृष्ण मेहता ने बताया किअगस्त संहिता अनुसार गौ माता को राखी बांधने से भाई के रोग शोक डोर होते हैं। यह विधान प्राचीन काल से चला आ रहा है।

**वृक्ष रक्षा सूत्र** -पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कियदि कन्या को कोई भाई ना हो तो उसे वट, पीपल, गूलर के वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधना चाहिए पुराणों में इसका विशेष उल्लेख है।

रक्षाबंधन 2022 को लेकर लगातार संशय की स्थिति बनी हुई है, 11 और 12 अगस्त में से किस दिन मनाना है शुभ? आइए जानते हैं पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि से दोनों दिनों के अत्यंत शुभ और शुद्ध मुहूर्त जो भद्रा रहित हैं।

**पूर्णिमा तिथि प्रारंभ :** 11 अगस्त को सुबह 10 : 38 से प्रारंभ।

पूर्णिमा तिथि समाप्त : 12 अगस्त को सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर समाप्त।

रक्षा बंधन शुभ योग संयोग-

1. रवि योग : रवि योग सुबह 05:30 से 06:53 तक रहेगा।
2. आयुष्मान योग : 10 अगस्त 07:35 से 11 अगस्त दोपहर 03:31 तक।
3. सौभाग्य योग : 11 अगस्त को दोपहर 03:32 से 12 अगस्त सुबह 11:33 तक।
4. शोभन योग : घनिष्ठा नक्षत्र के साथ शोभन योग भी लगेगा।

रक्षा बंधन के शुभ मुहूर्त-

अभिजीत मुहूर्त : सुबह 11:37 से 12:29।

विजय मुहूर्त : दोपहर 02:14 से 03:07 तक।

गोधूलि मुहूर्त : शाम 06:23 से 06:47 तक।

सायाह्न संध्या मुहूर्त : शाम 06:36 से 07:42 तक।

अमृत काल मुहूर्त : शाम 06:55 से 08:20 तक।

**भद्रा का साया :** प्रात:10:38 से शाम 08:50 तक है। भद्रा पूंछ समय शाम 05 बजकर 17 मिनट से 06 बजकर 18 मिनट तक। भद्रा मुख- शाम 06 बजकर 18 मिनट से लेकर रात 8 बजे तक। भद्रा का अंत समय रात 08 बजकर 50 मिनट पर है। 11 अगस्त को पूरे दिन भद्रा व्याप्त है परंतु ज्योतिषानुसार भद्रा मकर राशि में होने से इसका वास पाताल लोक में माना गया है। इसलिए भद्रा का असर नहीं होगा। मेष, वृष, मिथुन, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु या मकर राशि के चन्द्रमा में भद्रा पड़ रही है तो वह शुभ फल प्रदान करने वाली होती है।

# इंद्राणी शची ने अपने तपोबल से तैयार किया था एक रक्षासूत्र

**श्रावण** शुक्ल पक्ष पूर्णिमा (10:39 से) 11 अगस्त पूर्णिमा तिथि और भद्रा दोनों ही सुबह 10 बजकर 39 मिनट पर प्रारंभ हो रही हैं क्योंकि इस दिन चन्द्रमा मकर राशी में है। भद्रा का वास पाताल (नागलोक) में है। नागलोक की भद्रा पृथ्वी वासियों के लिए शुभ मानी जाती है। इसलिए रक्षाबन्धन का त्योहार 11 तारीख को मनाया जाएगा।

भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षा बन्धन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला त्योहार जो भाई बहन को स्नेह की डोर से बांधता है। बहन अपने भाई को टीका लगा हाथ में रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई की लम्बी आयु की प्रार्थना करती हैं। रक्षा का अर्थ सुरक्षा और बन्धन का अर्थ बाध्य। इस त्योहार को सभी बहनों को निस्वार्थ रूप से बिना किसी लोभ-लालच के, बहनों को अपने भाईयों की दीर्घायु एवं भाईयों को बहन की सुरक्षा के लिए मनाना चाहिये । भाई बहनों का यह त्योहार रिश्तों को मजबूत बनाता है।

भविष्य पुराण के अनुसार इंद्राणी शची ने अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया और श्रावण की पूर्णिमा पर इंद्र की कलाई पर बांधा ताकि वृत्रासुर से युद्ध में विजय मिले। रक्षासूत्र ने देवराज इंद्र की रक्षा की और वे युद्ध में विजयी हुये। मध्यकालीन युग में राजपूत व मुस्लिमों के बीच संघर्ष चल रहा था तभी बहादुरशाह से अपनी व अपनी प्रजा की सुरक्षा न निकलता देख चित्तौड़गढ़ के राजा की विधवा रानी कर्णवती ने अपनी व प्रजा की सुरक्षा हेतु हुमांयु को आज के ही दिन राखी भेजी थी तभी से इस त्योहार को अधिक लोकप्रियता मिली। महाभारत काल में जिस दिन द्रौंपदी ने भगवान कृष्ण की कलाई में साड़ी का पल्लू बांधा था वह श्रावण पूर्णिमा का ही दिन था।

एक कथा के अनुसार महाभारत युद्ध के दौरान युधिष्ठर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं कैसे सभी संकटों से पार पा सकता हूं? । मुझे उपाय बतायें तब भगवान ने युधिष्ठिर से सभी सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधने को कहा और युधिष्ठर ने ऐसा किया। यह घटना भी श्रावण की पूर्णिमा तिथि पर घटित हुई मानी जाती है और तभी से भाई बहन ही नहीं कोई भी स्त्री सैनिकों को राखी बांधती हैं। यही ऐतिहासिक घटनाऐं और परम्पराऐं त्योहार के रूप में चलती आ रही हैं।

फरीदाबाद स्थिति श्री बजरंग नवग्रह अनुसंधान केन्द्र के संचालक पंडित गोविन्द वत्स का कहना है कि आचार्य लोग शतयुग से लगा कर अब तक अपने यजमानों के हाथ में पूजा से पहले उपरोक्त श्लोक (येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबल:। तेन त्वामनुबन्ध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।) का उच्चारण कर रक्षासूत्र बांधते हैं। तब पूजा यज्ञ का क्रम आरंभ होता है और विशेष रूप से बड़े-बड़े अनुष्ठानों में रक्षासूत्र का बांधना अनिवार्य होता है । यदि रक्षा सूत्र नहीं बांधा गया तो अनुष्ठान का फल यजमान को नहीं प्राप्त होता। इसलिए रक्षा सूत्र की प्रधानता शुभ कार्यों से पहले अति आवश्यक होती है।

इस पर्व को श्रावणी भी कहते हैं। अधिकतर यज्ञोपवीत संस्कार आचार्य गण इसी श्रावणी में यानि रक्षा बन्धन वाले दिन ही करवाते हैं । इस युग में यही प्रचलन पूर्ण रूप से इस समय चल रहा है और इसी प्रकार चलता रहेगा ।

> भविष्य पुराण के अनुसार इंद्राणी शची ने अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया और श्रावण की पूर्णिमा पर इंद्र की कलाई पर बांधा ताकि वृत्रासुर से युद्ध में विजय मिले। रक्षासूत्र ने देवराज इंद्र की रक्षा की और वे युद्ध में विजयी हुये।

**पंडित गोविन्द कृष्ण वत्स**
(ज्योतिष भास्कर नवग्रह शोधकर्ता)
श्री बजरंग नवग्रह अनुसंधान केन्द्र
प्लाट न. 32बी, ब्लाक-ए, सैक्टर-11 फरीदाबाद हरियाणा
सम्पर्क सूत्र :- मो. 9811148162, फोन न. 0129.2280912, 4009010



### राखी का त्योहार

आज मैं लाख लाख शगुन मनाऊं
भैया को मुस्कराते देख मुस्कराऊं,
युग युग जीए भैया मेरा
उसकी खुशियों के गीत गाऊं।

पर मैं भीगी पलकें लेकर आऊं कैसे
नशाद दिल को समझाऊं कैसे,
आततायी पनपते जा रहे देश में
उनसे भारत मां को मैं बचाऊं केसे?

आज मेरी राखी का ये तराना है
ईंट दिखाने वाले को पत्थर उठाना है।
भारत मां की रक्षा के लिए
हर बहन को दुर्गा बन जाना है।

सभी बहने अलख जगाएं,
हाथ में चंडी का खप्पर उठाएं,
जै जै कर करके अपने भाइयों की
बहने भी रणचंडी बन जाएं।

ये संदेश कोने कोने में पहुंचाना है,
देश के लिए हर दिल में प्यार जगाना है,
देश की सुरक्षा के लिए
हर बहन को भाई का साथ निभाना है।

आज मैं फौजी भाइयों की शक्ति बढ़ाऊं,
हर बहन को दुर्गा बनाऊं,
दुश्मनों के शीश उड़वायुं
और शगुन मनाऊं।
युग युग जीएं भैया मेरे
उन को मुस्कराते देख मैं मुस्कराऊं।



# रक्षाबंधन : इस बार ट्राई करें ये ड्रेसेस, पहनते ही हर कोई करेगा तारीफ

**त्योहार पर ट्रैडिशनल कपड़ों की बात ही कुछ और होती है। रक्षाबंधन के खास मौके पर लड़कियां ट्राई करें ये 5 स्टाइलिश ड्रेसेज और बनाएं त्योहार को खास।**

**रक्षाबंधन** वह त्योहार है, जो भाई और बहन के बंधन और प्रेम का जश्न मनाता है। यह पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है और इसकी तैयारियां कम से कम एक सप्ताह पहले से शुरू हो जाती हैं। इस बार 12 अगस्त (शुक्रवार) को रक्षाबंधन का त्योहार है।

इस दिन के लिए सिर्फ अपने भाइयों के लिए अच्छी राखी चुनना ही लड़कियों के लिए मुश्किल भरा काम नहीं होता है बल्कि अपने लिए सही ड्रेस चुनना भी एक बड़ा काम है। अक्सर लड़कियां कन्फ्यूज रहती हैं कि भाई की कलाई पर राखी बांधते वक्त वह क्या पहनें? अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं तो आज हम आपको रक्षाबंधन के लिए बेस्ट ट्रेडिशनल आउटफिट आइडियाज दे रहे हैं। इनमें से आप अपनी पसंद और पर्सनल च्वॉइस के हिसाब से ड्रेस चुन सकती हैं।

### एवरग्रीन लहंगा



**लहंगा** हर लड़की की ऐसी एवरग्रीन च्वॉइस होती है, जिसे वह अपने खास दिन पर पहनना पसंद करती है। जो लड़कियां शादी के बाद अपना पहला रक्षाबंधन सेलिब्रेट कर रही हैं उनके लिए लहंगा सबसे बेस्ट च्वॉइस हो सकती है। लहंगे का लुक और डिजाइन पूरी तरह से आपकी पसंद कर निर्भर करता है। अगर आप चाहें तो लाइट इस रक्षाबंधन पर लाइट वेट लहंगे के साथ हैवी जूलरी पहन सकती हैं और अगर आप चाहें तो हैवी एम्ब्रॉइडरी वाला लहंगा भी ट्राई कर सकती हैं।

### ट्रेडिशनल गाउन



**रक्षाबंधन** पर अगर आप सबसे अलग और हट कर दिखना चाहती हैं, तो ट्रेडिशनल वर्क के साथ फ्लोर लेंथ गाउन पहनना कोई बुरा आइडिया नहीं है। ये ड्रेस आपके लुक को कंप्लीट करने के साथ ही आपको भीड़ से अलग भी दिखाएगी। इसके साथ आप गोल्ड और इंडो-वेस्टर्न दोनों तरह की जूलरी पहन सकती हैं। फ्लोर लेंथ गाउन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके साथ अगर आप हल्का मेकअप करेंगी तो भी ये ड्रेस सब कुछ संभाल लेगी।

### सलवार कमीज



महिलाओं को अगर छोड़ दें तो रक्षाबंधन के लिए अक्सर लड़कियां सलवार कमीज पहनना ही पसंद करती हैं। लेकिन इस बार अगर आप इसे ट्राई करें तो खुद को थोड़ा स्टाइलिश लुक जरूर दें। किसी भी सूट के साथ इंडो-वेस्टर्न जूलरी पहनकर आप खुद को शाही और स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। सूट के साथ आप प्लाजो, पजामा, पटियाला सलवार, स्कर्ट, पैंट और चूड़ीदर पजामी कुछ भी पहन सकती हैं। यहां आपके पास कई तरह के विकल्प होते हैं। साथ ही सूट के साथ मैचिंग का हैवी दुपट्टा पहनकर आप सबका ध्यान अपनी ओर खींच सकती हैं।

### एलीट लुक देगी साड़ी

**आप** चाहे शादीशुदा हैं या नहीं, अगर आप इस रक्षाबंधन पर साड़ी ट्राई करेंगी तो ये यकीनन आपको एलीट और कूल लुक देगी। साड़ी की सबसे अच्छी खासियत यह है कि ये हर किसी पर फबती है। ये आपकी पसंद है कि आप बनारसी, चंदेरी या कांचीपुरम साड़ी चुनती हैं या परंपरा से थोड़ा अलग हटकर शिफॉन, नेट, क्रेप या कॉटन साड़ी चुनती है। लेकिन यकीन मानिए हल्के मेकअप और चूड़ी-बिंदी के साथ पहनी गई साड़ी रक्षाबंधन के लिए सबसे अच्छा ऑप्शन बन सकती है।

### अनारकली सूट

**अनारकली** सूट एक ऐसी ड्रेस है जिसे पहनकर हर फंक्शन को खास बनाया जा सकता है। ऐसे में अगर बात रक्षाबंधन की हो तो अनारकली भला किसी से कैसे पीछे हो सकता है। अनारकली अपने आप में एक कंप्लीट ड्रेस है जो आपको शाही और स्टाइलिश दोनों लुक देती है। आजकल मार्केट में एक से बढ़कर एक अनारकली सूट मिल सहे हैं। इसलिए रक्षाबंधन के लिए आप अपकी पसंद का कोई भी अनारकली सूट लाकर आप इस दिन को खास बना सकती है। यह आपको प्योर इंडियन लुक देगा।



# मिनी डोसा रोल्स

**तैयारी का समय :** 16-20 मिनट
**खाना पकाने के समय :** 26-30 मिनट
**सर्विंग्स :** 4
**खाना पकाने का स्तर :** मध्यम
**स्वाद :** नरम

### सामग्री

- डोसे का घोल 2 कप
- प्याज कटा हुआ 1
- लहसुन लौंग 6
- अदरक 1 इंच टुकड़ा
- साबुत सूखा धनिया 2 छोटे चम्मच
- जीरा 1 छोटा चम्मच
- काली मिर्च 10-12
- सूखी लाल मिर्च 2
- नमक स्वादानुसार
- खोपरा घिसा हुआ 2 बड़े चम्मच
- ऑइल 2
- हड्डी रहित चिकन चौकोर टुकड़ों में कटा हुआ 400 ग्राम
- कड़ी पत्ते 8-10

### विधि

प्याज, लहसुन और अदरक एक मिक्सर जार में डालें। साबुत धनिया, जीरा, काली मिर्चें और लाल मिर्चें महक आने तक सूखा भूनें।

दोसे के घोल में नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। पैन में सूखा नारियल डालें और सुनहरा होने तक भूनें।

इस मिश्रण को जरा ठंडा करके मिक्सर जार में डालें और प्याज-लहसुन-अदरक के साथ दरदरा पीस लें।

एक नॉन स्टिक पैन में तेल गरम करके उसमें डालें चिकन, पीसा हुआ मसाला और नमक और मिला लें। कढ़ी पत्ते और थोड़ा पानी डालकर मिला लें। चिकन को पूरी तरह पकने दें।

एक नॉन स्टिक तवे पर थोड़ा तेल गरम कर लें, थोड़ा दोसे का घोल डालकर छोटा और थोड़ा मोटा दोसा फैला दें।

चारों ओर थोड़ा तेल छिड़कें और निचला भाग हल्का सुनहरा होने तक पकने दें। तवे पर से उतारकर सर्विंग प्लेट पर रखें, उसके बीच में थोड़ा चिकन का मिश्रण रखें और रोल करके तुरंत परोसें।







## घर पर ऐसे बनाएं मालपूए का भोग



### सामग्री

1 कप मैदा छना हुआ, 1 कप दूध, 1 चम्मच सौंफ, डेढ़ कप शक्कर, 1 चम्मच नींबू रस, घी (तलने और मोयन के लिए), डेकोरेशन के लिए मेवे की कतरन, 1 चम्मच इलायची पावडर।

### विधि

पहले मैदे में दो बड़े चम्मच घी का मोयन डालें, तत्पश्चात दूध और सौंफ मिलाएं और घोल तैयार कर लें। एक मोटे पेंदे के अलग बर्तन में शक्कर, नींबू रस और तीन-चौथाई कप पानी डालकर चाशनी तैयार कर लें।

एक कड़ाही में घी गर्म करके एक बड़े चम्मच से घोल डालते जाएं और करारा फ्राय होने तक तल लें। फिर चाशनी में डुबोएं और एक अलग बर्तन में रखते जाएं।

इस तरह सभी मालपुए तैयार कर लें और ऊपर से मेवे की कतरन और इलायची बुरका कर लाजवाब मालपूए का भगवान शिव को भोग लगाकर परिजनों को पेश करें।



# घर पर बनाएं कैचप

घर के कैचप का इस्तेमाल कई बार किया जाता है। आप चाहे पकौड़े बनाएं या समोसे, फ्रेंच फ्राइस बनाएं या कचौरी, बिना कैचप के उसमें स्वाद ही नहीं आता। वैसे तो लोग बाजार से कैचप मंगवाना पसंद करते हैं, लेकिन उसमें कई तरह के केमिकल्स व प्रिजर्वेटिव्स का भी इस्तेमाल किया जाता है, जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर भी कैचप बेहद आसानी से बना सकते हैं। होममेड टोमेटो कैचप स्वाद और सेहत का एक गजब कॉम्बिनेशन है। तो चलिए जानते हैं केचप बनाने के तरीके के बारे में।

### सामग्री

- डेढ़ किलो टमाटर
- आधा कप ब्राउन शुगर
- डेढ़ कप विनेगर
- आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- 500 एमएल पानी

### विधि

घर पर टोमेटो कैचप बनाने के लिए सबसे पहले आप पके टमाटर लेकर उन्हें मोटा-मोटा काट लें। अब इसे एक प्रेशर कुकर में डालें। साथ ही इसमें थोड़ा पानी डालें और चार सीटी आने तक पकाएं। इसके बाद गैस को बंद करें और सीटी निकलने दें। अब कुकर को खोलें और ब्लेंडर की मदद से एक फाइन प्यूरी बनाएं।

अब एक बड़ी छलनी की मदद से प्यूरी को छानें। आपकी प्यूरी तैयार है। अब एक पैन को गर्म करें और उसमें टमाटर, ब्राउन शुगर, विनेगर, लाल मिर्च पाउडर, नमक डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसे करीबन 10 से 15 मिनट तक पकाएं।



आपका होममेड स्टाइल टोमेटो कैचप तैयार है। आप इसे पूरी तरह ठंडा होने दें। अब एक केचप बोतल में इसे भरें और तीन महीने तक मजे लेकर खाएं।

**(नोट: हमने इस रेसिपी में ब्राउन शुगर का इस्तेमाल किया है, आप चाहें तो व्हाइट शुगर यानी चीनी इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही अपने टेस्ट के हिसाब से आप इसमें लाल मिर्च पाउडर या चीनी की मात्रा को घटा-बढ़ा सकते हैं।)**

# बारिश में लें पालक-प्याज पकौड़ी का मजा

बारिश के मौमस में शाम की चाय के साथ जब तक गरमा-गरम पकौड़े न हो चाय का स्वाद फीका लगता है। खासतौर पर छुट्टी के दिन। तो क्यों न वीकेंड पर बारिश का मजा लिया जाए चाय और गरमा-गरम पालक-प्याज पकौड़ी के साथ।

### सामग्री

**पालक :** 1 गड्डी
**प्याज :** 2-3 (बारिक कटे हुए)
**आलू :** 1 बड़े साइज का (कद्दूकस किया हुआ)
**अदरक :** एक इंच (कद्दूकस किया हुआ)
**हरा धनिया :** आधा कटोरी (बारीक कटी हुई)
**हरी मिर्च :** 4 (बारीक कटी हुई)
**थोड़ा-सा :** अजवायन
**थोड़ी-सी :** हल्दी
**नमक :** स्वादानुसार
बेसन, तेल

### विधि

सबसे पहले पालक को धोकर पत्ते अलग कर लें और उसे बारीक काट लें। अब इसमें प्याज, आलू, अदरक, हरा धनिया, हरी मिर्च, अजवायन, हल्दी, नमक और आवश्यकतानुसार बेसन मिलाकर पकौड़े का मिश्रण तैयार करें। कड़ाही में तेल गरम करके मिश्रण से छोटे-छोटे पकौड़े तल लें। ध्यान रहे पकौड़ों का साइज बड़ा न करें, छोटे-छोटे बनाने पर यह ज्यादा क्रिस्पी बनते हैं। गरम-गरम पौकड़े को धनिया की चटनी के साथ सर्व करें।





# अर्बी और अर्बी के पत्तों की सब्जी

**तैयारी का समय :** 16-20 मिनट
**खाना पकाने के समय :** 31-40 मिनट
**सर्विंग्स :** 4
**खाना पकाने का स्तर :** मध्यम
सामग्री अर्बी और अर्बी के पत्तों की सब्जी

- अर्बी उबले और छिले हुए 10-12
- अर्बी के पत्ते 5-6
- ऑइल 2 बड़े चम्मच
- हरे प्याज पत्तियों समेत 2
- अजवाइन 1/2 (आधा) छोटा चम्मच
- हींग 1/4 (एक चौथ छोटा चम्मच
- अदरक 1 बड़ा चमचा
- लहसुन लौंग बारीक कटी हुई 6-8
- हरी मिर्च कटी हुई 2-3
- बेसन 3 बड़े चम्मच
- दही 1 कप
- लाल मिर्च पावडर 1 छोटा चम्मच
- हल्दी का पावडर 1/2 (आधा)
- ताजा हरा धनिया 5-6
- नींबू 1

### विधि

एक कढाई में आवश्यकतानुसार तेल गरम करें। अर्बी के पत्ते एक के ऊपर एक रखें, उन्हें पहले आधा करके बीच का डंठल निकालें। दोनों आधे टुकडों के एक के ऊपर एक रखकर रोल करें और पतला पतला काटें।

फिर उन्हें भी आधा करें। अर्बी के मोटे गोल स्लाइस करें। कटे पत्तों को गरम तेल में डालकर करारे होने तक तलें। तेल में से निकालकर ऍब्सॉरबेन्ट पेपर पर रखें। अर्बी के स्लाइसों को भी गरम तेल में डालकर हल्का सुनहरा होने तक तलें। हरे प्याज को थोडे डंठल के साथ लंबाई में आधा काटें, फिर पतले तिरछे स्लाइस काटें। पत्तों के बड़े-बड़े टुकडे काटें। जब अर्बी के स्लाइस तैयार हो जाए, उन्हें तेल में से निकालकर ऍब्सॉरबेन्ट पेपर पर रखें। एक नॉन स्टिक वॉक में 2 बड़े चम्मच तेल गरम करें, उसमें अजवाइन डालकर भूनें जब तक उनके रंग बदलने लगे। फिर हिंग और अदरक डालकर 1 मिनट तक भूनें। लहसुन डालकर भूनें जब तक वह हल्का भूरा हो जाए।

हरी मिर्चे डालकर भूनें। जब लहसुन अच्छी तरह भुन जाए तब हरे प्याज डालकर भूनें। एक बड़े बाउल में बेसन और दही डालें।

उसमें लाल मिर्च पावडर, हल्दी पावडर, अमचूर, नमक और 3 कप पानी डालकर अच्छी तरह फेंटकर एक पतला और चिकना घोल बनाएं।

तले अर्बी और लगभग सभी अर्बी के पत्ते, हरे प्याज के पत्ते और बेसन का मिश्रण पैन में डालें और अच्छी तरह मिलाएं। लगातार चलाते हुए पकाएं जबतक मिश्रण गाढा हो जाए।

फिर धिमी आंच पर 2-3 मिनट और पकाएं। हरा धनिया काटकर डालें। नींबू का रस निचोडकर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। सर्विंग बाउल में डालें, बचे तले हुए अर्बी के पत्तों से सजाकर गरमागरम परोसें।

# किफायती और टेस्टी बेसन के लड्डू

लड्डू बेसन के हों या बूंदी के, सबसे ज्यादा खाए और बेचे जाते हैं। इन्हें किसी भी छोटीबड़ी दुकान से खरीदा जा सकता है।



**लड्डू** बेसन के हों या बूंदी के, सब से ज्यादा खाए और बेचे जाते हैं। इन्हें किसी भी छोटीबड़ी दुकान से खरीदा जा सकता है। मिठाई कारोबार में बेसन के लड्डुओं की बहुत ज्यादा अहमियत है। इन को कहीं ले जाने में किसी तरह से खराब होने की परेशानी नहीं होती है। खुशी के हर मौके पर लड्डुओं का साथ जरूरी होता है। बेसन और बूंदी से बनने वाले लड्डू सब से खास होते हैं। लड्डू बनाने के तौर-तरीकों से इस की अलग पहचान बनती है। मोतीचूर का लड्डू छोटी-छोटी बेसन की बूंदियों से तैयार किया जाता है। इस का रंग बेसन या बूंदी के लड्डू से अलग होता है। जहां साधारण लड्डू पीले रंग के होते हैं, वहीं मोतीचूर के लड्डू केसरिया रंग के होते हैं। देशी घी से बनने वाले मोतीचूर के लड्डू खाने में अलग स्वाद देते हैं। रिफाइंड और डालडा से बनने वाले लड्डुओं के मुकाबले देशी घी से तैयार लड्डू कीमत में महंगे जरूर होते हैं, पर इन का स्वाद निराला होता है।

कुछ समय पहले शादी में लड़की की विदाई के समय लड्डुओं को बड़े-बड़े टोकरों में भर कर दिया जाता था। इन टोकरों से लड़की वालों की हैसियत का अंदाजा भी लगाया जाता था। बदलते समय में विवाह की इस परंपरा में दूसरी मिठाइयां भी शामिल हो गई हैं, पर लड्डू की जगह अभी कायम है। शगुन के रूप में लड्डुओं को अभी भी खास माना जाता है। कुछ लोग अपनी खुशियों में 51 और 101 किलोग्राम के स्पेशल लड्डू भी बनवाते हैं। लड्डू बनाने के कारीगर रमेश गुप्ता कहते हैं, 'लड्डू बनाने के लिए बेसन, घी, चीनी, काजू, बादाम और इलायची का इस्तेमाल किया जाता है। अगर बूंदी का लड्डू बनाना है, तो बेसन से पहले बूंदी बनाई जाती है, इस के बाद चाशनी में डाल कर उस से लड्डू तैयार किए जाते हैं।'

### कैसे बनाते हैं लड्डू

**रमेश** गुप्ता कहते हैं, 'बेसन के लड्डू बनाने के लिए 2 कप बेसन के साथ आधा कप घी, 1 कप पिसी चीनी, 5-6 काजूबादाम और इलायची की जरूरत होती है। काजू, बादाम और इलायची को दरादरा पीस लें। बेसन को छान लें। कड़ाही को गरम करें। उस में घी डालें। फिर बेसन और दरदरे पीसे काजू, बादाम व इलायची डाल कर मध्यम आंच पर भूनें। जब बेसन का रंग सुनहरा हो जाए तो उस में चीनी मिला दें। चीनी पिघल कर बेसन में ठीक से मिल जाती है। कड़ाही को आंच से उतार कर बेसन के मिश्रण को ठंडा होने दें। ठंडा होने के बाद थोड़ा-थोड़ा मिश्रण हथेली के बीच में ले कर गोलगोल आकार के लड्डू बनाएं।'

बूंदी के लड्डू बनाने के लिए पहले बेसन से बूंदी बनाई जाती है। उस में खाने वाला रंग मिला कर बेसन से अलग रंग के लड्डू भी तैयार किए जा सकते हैं। बूंदी के आकार से ही लड्डू का स्वाद जुड़ा होता है। महीन बूंदी वाले लड्डू को मोतीचूर का लड्डू कहते हैं। तैयार बूंदी को चीनीपानी से तैयार चाशनी में मिलाया जाता है। कुछ ठंडा होने पर लड्डू बना कर तैयार किए जाते हैं। सजावट के लिए मेवों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# घर पर ही बनाएं अपना पसंदीदा घेवर

घर पर घेवर कैसे बनाया जाता है? आज ही ट्राई करें ये आसान घेवर रेसिपी! यह घेवर रेसिपी एक ऐसी चीज है जो हर किसी को कम से कमएक बार जरूर आजमाना चाहिए।

**घर** पर घेवर कैसे बनाया जाता है? आज ही ट्राई करें ये आसान घेवर रेसिपी! यह घेवर रेसिपी एक ऐसी चीज है जो हर किसी को कम से कमएक बार जरूर आजमाना चाहिए। अगर आपने हमेशा सोचा है कि घेवर कैसे बनाया जाता है, तो यह सुपर आसान घेवर रेसिपी स्टेप बाय स्टेपनिर्देशों के साथ मदद करेगी। घेवर एक पारंपरिक राजस्थानी मिठाई है जो आपकी रसोई से आसानी से उपलब्ध सामग्री जैसे कि मैदा, दूध, घीआदि से तैयार की जाती है। इस चरण-दर-चरण घेवर रेसिपी को फॉलो करें और अपने प्रियजनों के साथ आनंद लें।

1 1/2 कप मैदा
1/2 कप घी
2 टुकड़े बर्फ के टुकड़े
2 1/2 कप पानी
1/4 कप दूध
1/8 चम्मच खाने योग्य खाने का रंग
1/2 कप घी
1 कप चीनी टॉपिंग के लिए
1/2 छोटा चम्मच पिसी हुई हरी इलायची
1/2 टेबल स्पून कटे हुए बादाम
1 कतरा केसर
6 इंच सिल्वर वर्क



### घेवर के लिए चीनी की चाशनी तैयार करें

घेवर एक आसानी से बनने वाली रेसिपी है और इसे कुछ आसानी से उपलब्ध सामग्री से बनाया जा सकता है। सबसे पहले, आपको एक तार कीचाशनी बनाने की जरूरत है। जब तक घी का रंग सफेद न हो जाए तब तक जरूरत के हिसाब से और बर्फ के टुकड़े लें।

### घेवर का घोल तैयार करें

फिर दूध, मैदा और एक कप पानी डालें। एक चिकना घोल बनाने के लिए इन सामग्रियों को मिलाएं। फूड कलर को पानी में घोलकर घोल मेंडालें। आवश्यकतानुसार और पानी डालें। बैटर की कंसिस्टेंसी काफी पतली होनी चाहिए.

### घेवर को पकाएं

फिर एक एल्यूमीनियम या स्टील का बेलनाकार कंटेनर लें। आधा कन्टेनर में घी भर दीजिये। इसे गर्म करें और घी के पर्याप्त गर्म होने पर, एकगिलास घोल में 50 मिलीलीटर घोल लें।

### घेवर को चीनी की चाशनी में डुबोएं

बीच में बने छेद में एक और गिलास भर लें। जब झाग फिर से जम जाए, तो घेवर को छेद में डाली गई लोहे की कटार से ढीला कर दें। फिर उसमेंघेवर को डुबोकर निकाल दें ताकि अतिरिक्त चाशनी निकल जाए। फिर, एक जाली पर अलग रख दें।

### घेवर को ठंडा करें और सूखे मेवों से सजाएं

वैकल्पिक रूप से, घेवर को एक कंटेनर के ऊपर रखी जाली में रखते हुए, समान रूप से चारों ओर समान रूप से सिरप डालें। इसे ठंडा होने दें औरजमने दें, फिर इसके ऊपर खाने योग्य सिल्वर फॉइल डालें। केसर के दूध की कुछ बूंदें छिड़कें, कुछ कटे हुए सूखे मेवे और एक चम्मच इलायचीपाउडर छिड़कें। इसे पकोड़े, कचौरी और समोसे जैसी नमकीन के साथ परोसें।

'द हंड्रेड' के लिए तैयार भारत की तीन स्टार खिलाड़ी

# स्मृति, जेमिमा और दीप्ति अलग-अलग टीमों से खेलेंगी

**भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 10 सितंबर से शुरू होगा**

एजेंसी। नई दिल्ली



**कॉमनवेल्थ** गेम्स में देश के लिए सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला टीम की तीन स्टार दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स और स्मृति मंधाना 'द हंड्रेड' में खेलती नजर आएंगी। टूर्नामेंट में 11 अगस्त से तीन सितंबर के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 10 सितंबर से शुरू होगा। टीम को इंग्लैंड में तीन टी-20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। दौरे का आखिरी मैच 24 सितंबर को खेला जाएगा।

कॉमनवेल्थ गेम्स में मंधाना का प्रदर्शन शानदार रहा है। स्मृति मंधाना लगातार दूसरे सीजन में सदर्न ब्रेव से खेलती नजर आएंगी। उन्होंने पिछले सीजन में 133.60 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए थे। उनकी टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। मंधाना अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत का प्रतिनिधित्व करने की वजह से फाइनल में टीम की हिस्सा नहीं थीं। उन्होंने 151.42 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए। इंग्लैंड में खेले गए अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में उनका स्ट्राइक रेट 147 से भी अधिक है।

जेमिमा ने भारतीय टी20 टीम में इस साल तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर बल्लेबाजी की है। जेमिमा रोड्रिग्स भी दूसरे सीजन में नॉर्दन सुपरचार्जर्स से खेलती नजर आएंगी। वह पिछले साल टीम की टॉप स्कोरर थीं। उन्होंने सात पारियों में 151 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए थे। वह टूर्नामेंट की टॉप रन स्कोरर बनने से केवल 10 रन पीछे थीं। वहीं कॉमनवेल्थ गेम्स में 146 रन बनाकर वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता के अंतिम चरण के दौरान कलाई में लगी चोट भी उन्हें नहीं रोक पाई।

### दीप्ति के सामने फीनिक्स की चुनौती

**दीप्ति** इस सीजन में बर्मिंघम फीनिक्स की ओर से खेलेंगी। वह पिछले सीजन में लंदन स्पिरिट की सदस्य थीं। पिछले सीजन में वह टीम की सफल गेंदबाज थी। उनकी इकॉनमी एक रन प्रति गेंद से भी कम की थी। साथ ही बल्ले के साथ उन्होंने 113 के स्ट्राइक रेट से 77 रन भी बनाए थे। अगर दीप्ति के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में 5.58 की बेहतरीन इकॉनमी के साथ गेंदबाजी की है।

## एआईएफएफ के कामकाज पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राज्य फुटबॉल संघों को चेतावनी दी कि अगर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अपदस्थ अध्यक्ष और एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल की बैठकों में भाग लेते हैं और न्याय के प्रशासन में हस्तक्षेप करते हैं तो फिर वह अपने अधिकार का उपयोग करेगा।

कहा कि यदि भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी में बाधा डालने के प्रयास किए गए तो फिर वह हस्तक्षेप करेगा। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि वह राज्य फुटबॉल संघों, केंद्र द्वारा दायर संशोधन आवेदनों और सीओए द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अपदस्थ अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ कथित रूप से शीर्ष अदालत की कार्वाई में हस्तक्षेप के लिए दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेशेवर सर्किट पर मिली पहली हार को भुलाकर उतरेंगे विजेंदर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार मुक्केबाज विजेंदर सिंह पिछले साल पेशेवर सर्किट पर मिली पहली हार को भुलाकर बुधवार को रिंग में वापसी करेंगे और उनका कहना है कि वह हर मुकाबले को अपने पहले मुकाबले की तरह खेलते हैं। विजेंदर ने 2015 में पेशेवर सर्किट पर खेलना शुरू किया था और पिछले साल मार्च तक 12 मुकाबले जीत चुके थे। मार्च में उन्हें गोवा में हुए मुकाबले में रूस के एर्टिश लोपसान ने हराया। विजेंदर ने कहा, रिकॉर्ड तो बनते ही टूटने के लिए हैं। यह सब खेल का हिस्सा है। अब उनका सामना पश्चिम अफ्रीका मुक्केबाजी संघ चैम्पियन घाना के एलियासू सुले से 17 अगस्त को होगा। बीजिंग ओलंपिक 2008 कांस्य पदक विजेता विजेंदर ने कहा, मैं हर मुकाबले को अपने पहले मुकाबले की तरह खेलता हूं। जब मैने अभ्यास शुरू किया तो मैं कोरी स्लेट की तरह था और सब कुछ नए सिरे से सीखा। मैं अपने कोचों की सुनता हूं और उनके हिसाब से खेलता हूं।

### मुंबई इंडियंस केपटाउन के लिए खेलेंगे राशिद

**केपटाउन।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा और इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग के पहले सत्र में मुंबई केपटाउन के लिए खेलेंगे। आईपीएल में मुंबई के लिए खेलने वाले डेवाल्ड ब्रेविस ओर इंग्लैंड के हरफनमौला सैम कुरेन को भी टीम ने सीधे खरीदा है। राशिद आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए, रबाडा और लिविंगस्टोन पंजाब किंग्स के लिए और कुरेन सीएसके के लिए खेलते हैं। मुंबई केपटाउन के मालिक आकाश अंबानी ने कहा, हमने मुंबई इंडियंस की तरह मजबूत कोर टीम बनाने की ओर कदम रख दिया है। मुझे राशिद, कैगिसो, लियाम, सैम का स्वागत करने में खुशी हो रही है। हम खुश है कि डेवाल्ड भी हमारे साथ हैं।

### फाफडु प्लेसी को पहले सत्र के लिए मारकी खिलाड़ी चुना गया

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी को आईपीएल की चेन्नई सुपर किंग्स टीम की खरीदी जोहानिसबर्ग टीम में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग के पहले सत्र के लिए मारकी खिलाड़ी चुना गया है। पिछले आईपीएल सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए खेलने वाले डु प्लेसी 2011 से 2021 के बीच सीएसके टीम का हिस्सा थे। सीएसके 2016 और 2017 में निलंबित थी। छह टीमों की आगामी लीग के लिए खिलाड़ियों की सीधे खरीद की आखिरी तारीख बुधवार थी। सीएसए टी20 लीग का पहला सत्र जनवरी फरवरी 2023 में खेला जाएगा। सभी छह टीमों को आईपीएल के मौजूदा टीम मालिकों ने खरीदा है। जोहानिसबर्ग टीम ने इंग्लैंड के हरफनमौला मोईन अली को भी खरीदा है।अली आईपीएल में सीएसके के लिए खेलते हैं।

### सितंबर में वियतनाम और सिंगापुर से खेलेगी फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम सितंबर में सिंगापुर और वियतनाम के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। भारतीय टीम 24 सितंबर को सिंगापुर से और 27 सितंबर को मेजबान वियतनाम से खेलेगी। वियतनाम फीफा विंडो (19 से 27 सितंबर) में इन मैचों का आयोजन कर रहा है जो 2022 एएफएफ मित्सुबिशि इलेक्ट्रिक कप की तैयारी के लिए अहम हैं। भारतीय टीम 22 सितंबर को वियतनाम जाएगी और 28 सितंबर को लौटेगी। वियतनाम फुटबॉल महासंघ के अनुसार तीनों टीमें 21 से 27 सितंबर तक टूर्नामेंट खेलेंगी और अधिकतम अंक पाने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा।

### संन्यास का संकेत देने के बाद पहला मैच हारी सेरेना

**टोरंटो।** सेरेना विलियम्स पेशेवर टेनिस से संन्यास का संकेत देने के बाद जब पहली बार कोर्ट पर उतरी तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दर्शकों ने 23 वर्षीय सेरेना का खड़े होकर अभिवादन किया लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने न मुस्कान बिखेरी ना हाथ हवा में लहराया। दर्शक इस बीच अपने मोबाइल फोन से उनकी तस्वीरें लेते रहे। अमेरिका की इस 40 वर्षीय खिलाड़ी को नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बेलिंडा बेनसिच ने 6-2, 6-4 से हराया। बेनसिच का सामना दो बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन गार्बिने मुगुरुजा से होगा, जिन्होंने काया कानेपी को 6-4, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में बियांका आंद्रीस्कु ने अलिजे कॉर्नेट को 6-3, 4-6, 6-3 से पराजित किया।

# जिम्बाब्वे दौरे से पहले वॉशिंगटन सुंदर हुए चोटिल, कंधे में आई चोट

## काउंटी क्रिकेट के एक मैच में फील्डिंग के दौरान हुए चोटिल

**सुंदर अभी रॉयल कप में लैंकशायर की ओर से खेल रहे हैं**

एजेंसी। नई दिल्ली

**जिम्बाब्वे** दौरे से पहले ही भारतीय टीम सामने खलबली वाली सूचना सामने आ गई है। टीम के स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर चोटिल हो गए हैं। सुंदर अभी रॉयल कप में लैंकशायर की ओर से खेल रहे हैं। क्लब ने उनके चोटिल होने की पुष्टि की है।

बुधवार को वॉरसेटरशायर के खिलाफ मैच में उनके बायें कंधे में चोट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक वह कंधे के बल पर ही जमीन पर गिर गए। ऐसे में जिम्बाब्वे दौरे पर उनके जाने को लेकर संशय है। हालांकि, अभी उनके जिम्बाब्वे दौरे से बाहर होने को लेकर कोई अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

वॉशिंगटन सुंदर पिछले दो सालों से चोटों से जूझ रहे हैं। कुछ दिन पहले ही काउंटी क्रिकेट के जरिए उन्होंने वापसी की थी। अपने पहले ही मैच में गेंद से कमाल दिखाया था। उन्होंने अपने डेब्यू मैच में ही पांच से ज्यादा विकेट लिए थे। यहीं नहीं काउंटी क्रिकेट के दौरान उनका बल्ला भी चला और उन्होंने शानदार हाफ सेंचुरी बनाई थी।

सुंदर 2020 की आईपीएल के बाद टीम इंडिया के प्लान के अहम हिस्सा थे।



उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गाबा मैच में बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था।

इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में भी सुंदर का प्रदर्शन अच्छा रहा। उसके बाद से ही सुंदर को चोटों से जूझना पड़ा। इसकी वजह से वह कई सीरीज में टीम इंडिया के हिस्सा नहीं बना पाए। जिम्बाब्वे दौरे से टीम इंडिया में वापसी हो रही थी। तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए उन्हें टीम में जगह दी गई थी। दौरे की शुरुआत 18 अगस्त से है।

### विराट, रोहित शर्मा और बुमराह को मिला आराम

**जिम्बाब्वे** दौरे के लिए पूर्व कप्तान विराट कोहली, रोहित शर्मा-जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। शिखर धवन इस दौरे पर टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि राहुल त्रिपाठी को मौका मिला है। साथ ही तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट से वापसी हो गई है। दीपक ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मुकाबला फरवरी में खेला था।

**सीरीज के लिए टीम इस प्रकार है**

शिखर धवन (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर।

## जो रूट की जगह शीर्ष टेस्ट क्रिकेटर बन सकते हैं बाबर आजम : जयवर्धने

एजेंसी। दुबई

**श्रीलंका** के महान क्रिकेटर महेला जयवर्धने का मानना है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम इंग्लैंड के जो रूट को हटाकर शीर्ष टेस्ट बल्लेबाज बन सकते हैं।

रूट जून से टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। उन्होंने 2021 में आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार भी जीता। आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में जब उनसे पूछा गया कि रूट को शीर्ष स्थान से कौन हटा सकता है तो उन्होंने कहा, कठिन सवाल। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि बाबर आजम के पास मौका है। वह तीनों प्रारूपों में लगातार अच्छा खेल रहा है और उसकी रैंकिंग में यह नजर आता है। वह कुदरती प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और हर हालात में खेल सकता है। उन्होंने कहा, यह इस पर निर्भर करता है कि कौन कब कितना क्रिकेट खेल रहा है लेकिन बाबर ऐसा कर सकता है। बाबर तीनों प्रारूपों में रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल अकेले खिलाड़ी हैं। जयवर्धने ने कहा, टी20 और वनडे क्रिकेट में रैंकिंग बरकरार रखना आसान नहीं है क्योंकि कई अच्छे खिलाड़ी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। यह पूछने पर कि बाबर इतना खास क्यो हैं, उन्होंने कहा कि क्रीज पर वह जितना समय बिताते हैं, उससे वह काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, उसकी तकनीक, क्रीज पर वह जितना समय बिताता है और उसका रवैया। वह कभी घबराता नहीं, चाहे कोई भी प्रारूप खेल रहा हो।



## न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 13 रन से हराया



एजेंसी। किंगस्टन

**कप्तान** केन विलियमसन के 47 रन और जिम्मी नीशाम के 15 गेंद में 33 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 13 रन से हरा दिया। नीशाम ने आखिरी तीन गेंद में तीन चौके लगाए और आखिरी ओवर में 23 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पांच विकेट पर 185 रन जोड़े। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनेर ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए जिसकी मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को सात विकेट पर 172 रन पर रोक दिया।

मार्टिन गुप्टिल और डेवोन कोंवे ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत देकर पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। दोनों को ओडियन स्मिथ ने पवेलियन भेजा। बारिश 12वें ओवर में आई तब न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 95 रन था। बारिश के कारण करीब दो घेंटे खेल बाधित रहा। उसके बाद न्यूजीलैंड ने अगली 18 गेंद में 33 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 42 रन शामारा ब्रूक्स ने बनाए। निकोलस पूरन ने आठ गेंद में 15 और जैसन होल्डर ने 19 गेंद में 25 रन की पारी खेली।

## धामी ने ऋषभ पंत को सम्मानित किया

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को राज्य के ब्रांड एम्बेसडर क्रिकेटर ऋषभ पंत को सम्मानित किया। नई दिल्ली के उत्तराखंड सदन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पंत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह से बेहद सामान्य परिस्थितियों में अपने संकल्प एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से लक्ष्य को पूरा किया है, उससे सभी को प्रेरणा मिलेगी।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि पंत ने दुनिया में एक मुकाम बनाया है और देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिकेटर को उत्तराखंड ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सम्मानित करने से राज्य में खेल के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएं। इस संबंध में उन्होंने कहा कि पंत जैसे खिलाड़ी से सभी प्रेरित होंगे और प्रदेश में खेलों के प्रति अच्छा माहौल बनेगा।



## निक किर्गियोस ने मांट्रियल में दानिल मेदवेदेव को हराया

एजेंसी। मांट्रियल

**आस्ट्रेलिया** के 37वीं रैंकिंग वाले निक किर्गियोस ने गत चैम्पियन दानिल मेदवेदेव को नेशनल बैंक ओपन टेनिस में 6.7, 6.4, 6.2 से हरा दिया।

पिछले सप्ताह वाशिंगटन में सातवां एटीपी टूर खिताब जीतने वाले किर्गियोस का मेदवेदेव के खिलाफ रिकॉर्ड 3.1 का है और उन्होंने पिछले 15 में से 14 मैच जीते हैं। एकमात्र पराजय विम्बलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली थी। इससे पहले अमेरिका के टॉमी पॉल ने दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अलकारेज को 6.7, 7.6, 6.3 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कैन को 7.6, 6.3 से मात दी जबकि छठी वरीयता प्राप्त मांट्रियल फेलिक्स आगर एलियासिमे ने जापान के योशिहितो निशिओका को 7.6, 6.4 से हराया।

इटली के यानिक सिनेर ने फ्रांस के एड्रियन मानारिनो को 2.6, 6.4, 6.2 से मात दी। वहीं आठवीं रैंकिंग वाले पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने फिनलैंड के एमिल रूसुवुओरी को 6.3, 6.7, 6.2 से हराया।

## श्रीलंका के बाद अब पाकिस्तान के दो मुक्केबाज बर्मिंघम में लापता

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों 2022 की समाप्ति के बाद से बर्मिंघम में दो पाकिस्तानी मुक्केबाज लापता हो गए हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मुक्केबाजी महासंघ (पीबीएफ) के सचिव नासिर तांग ने इस खबर की पुष्टि की कि मुक्केबाज सुलेमान बलूच और नजीरुल्लाह टीम के इस्लामाबाद रवाना होने से कुछ घंटे पहले गायब हो गए। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का समापन सोमवार को हुआ।

तांग ने कहा, 'उनके पासपोर्ट सहित यात्रा दस्तावेज अभी भी महासंघ के उन अधिकारियों के पास हैं जो मुक्केबाजी टीम के साथ खेलों में गए थे। उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन ने ब्रिटेन में पाकिस्तान उच्चायोग और लंदन में संबंधित अधिकारियों को सुलेमान और नजीरुल्लाह के लापता होने के बारे में सूचित कर दिया है। तांग ने कहा कि लापता मुक्केबाजों के दस्तावेज पाकिस्तान से आने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार रखे गए थे। पाकिस्तान ओलंपिक संघ (पीओए) ने लापता मुक्केबाजों के मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। पाकिस्तान राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कोई भी पदक नहीं जीत पाया। देश ने भारोत्तोलन और भाला फेंके में दो स्वर्ण सहित इन खेलों में आठ पदक जीते। मुक्केबाजों के लापता होने की घटना राष्ट्रीय तैराक फैजान अकबर के हंगरी में फिना विश्व चैंपियनशिप से गायब होने के दो महीने बाद हुई है। हालांकि अकबर ने चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा तक पेश नहीं की और बुडापेस्ट पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद अपने पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के साथ गायब हो गया।



## लंबी कूद के खिलाड़ी श्रीशंकर डायमंड लीग में पदार्पण कर छठे स्थान पर

एजेंसी। मोनाको



**राष्ट्रमंडल** खेलों के रजत पदक विजेता लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर डायमंड लीग में पदार्पण के साथ 7.94 मीटर की कूद के साथ छठे स्थान पर रहे।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के छह दिन बाद श्रीशंकर ने डायमंड लीग में पदार्पण किया लेकिन अच्छी लय में नहीं दिखे। यहां का मौसम भी लंबी कूद के अनुकूल नहीं था। श्रीशंकर ने राष्ट्रमंडल खेलों में 8.08 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। उनका सत्र का और सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 8.36 मीटर रहा है। वह अमेरिका के यूजीन में हुई विश्व चैम्पियनशिप में सातवें स्थान पर रहे थे।

तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता क्यूबा के मेकेल मास्सो ने 8.35 मीटर के साथ जीत दर्ज की। ओलंपिक चैम्पियन यूनान के एम तेंटोग्लू दूसरे और अमेरिका के मार्किस डेंडी तीसरे स्थान पर रहे।

# पाकिस्तानी राजनीतिक विशेषज्ञ ने नीरज को बताया आशीष नेहरा

## चूकवश उड़ाया सहवाग का मजाक, सोशल मीडिया पर पोस्ट हो रही वायरल

एजेंसी। नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया पर भारत के पूर्व क्रिकेटर और तेज गेंदबाज आशीष नेहरा खूब ट्रेंड कर रहे हैं। लोग नेहरा का मजाक उड़ाए बिना नहीं रह पा रहे हैं। पाकिस्तान के राजनीतिक विशेषज्ञ जायद हमीद ने पाकिस्तान के अरशद नदीम को राष्ट्रमंडल खेलों में जेवलिन थ्रो में स्वर्ण जीतने पर बधाई दी।

हालांकि, वह बधाई देने के चक्कर में नीरज चोपड़ा और आशीष नेहरा को लेकर कन्फ्यूज हो गए। जायद हमीद ने अरशद की भारतीय जेवलिन थ्रोअर से तुलना तो की, लेकिन इस तुलना में नीरज की जगह आशीष नेहरा का नाम लिख बैठे। बस इसके बाद बुधवार को सोशल मीडिया पर नेहरा को लेकर तरह-तरह के मीम बने और लोगों ने खूब कमेंट भी किए। इतना ही नहीं, आशीष नेहरा के साथ खेल चुके वीरेंद्र सहवाग तक ने उनका मजाक उड़ाया।

जायद की ट्वीट दो गलतियों की वजह से वायरल हो रही है। पहली तो ये कि नीरज बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा ही नहीं थे, जबकि जायद ने लिखा है अरशद ने भारतीय एथलीट को हराया। दूसरी वजह उन्होंने नीरज चोपड़ा की जगह आशीष नेहरा का नाम लिख दिया। दरअसल, पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर अरशद ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 90 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इसके बाद पाकिस्तानी राजनीतिक विशेषज्ञ जायद ने लिखा, यह जीत इसलिए भी शानदार है क्योंकि पाकिस्तानी एथलीट ने भारत के हीरो आशीष नेहरा को हरा दिया। पिछले प्रतियोगिता में आशीष नेहरा ने अरशद नदीम को हराया था। ट्वीट दो गलतियों की वजह से वायरल हो रही है। पहली तो ये कि नीरज बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा ही नहीं थे, जबकि जायद ने लिखा है अरशद ने भारतीय एथलीट को हराया। दूसरी वजह उन्होंने नीरज चोपड़ा की जगह आशीष नेहरा का नाम लिख दिया। इसके बाद तो वीरेंद्र सहवाग ने मजाक उड़ाते हुए आशीष नेहरा की तुलना इंग्लैंड के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार ऋषि सुनक से कर दी। सहवाग ने लिखा – चिचा, आशीष नेहरा फिलहाल यूके में प्रधानमंत्री चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। इसलिए निश्चिंत रहिए। इसपर भरत रामराज नाम के सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, जायद के मुताबिक नीरज (उनके मुताबिक नेहरा) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया।





### ट्वीट का स्क्रीन शॉट वायरल

**जायद** हमीद का ट्विटर अकाउंट भारत में बैन है। हालांकि, उनके ट्वीट का स्क्रीन शॉट खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, नदीम और चोपड़ा बहुत अच्छे दोस्त हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में नदीम द्वारा 90 मीटर भाला फेंकने के बाद नीरज ने ही सबसे पहले उन्हें बधाई दी थी। अरशद ने राष्ट्रमंडल खेलों में विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। नदीम पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में और बर्मिंघम खेलों से एक हफ्ते पहले विश्व चैंपियनशिप में भी पदक से चूक गए थे। टोक्यो ओलंपिक में नीरज ने स्वर्ण जीता था। वहीं, विश्व चैंपियनशिप में नीरज ने रजत पदक अपने नाम किया था।